CMYK

ताप मान
अधिकतम :28°C
न्यूनतम: 13°C

सेंसेक्स
74,102.32
22,497.90

सोना चांदी
88,610
98,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

शाह टाइम्स

बरेली, बुधवार 12 मार्च 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 108 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ फाल्गुन शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2081 11 रमजान 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

11वां रोज़ा

मगफिरत के लिए तक्वा और सब्र की सीख देता है रोज़ा

इस्लाम मजहब में मगफिरत के लिए तक्वा जरूरी है। तक्वा के लिए रोज़ा जरूरी है। रोज़ा यानी अल्लाह का वास्ता। रोज़ा यानी मगफिरत का रास्ता। रमज़ान के मुबारक महीने के ग्यारहवें रोज़े से मगफिरत का अशरा शुरू हो जाता है, जो बीसवें रोज़े तक रहता है। इस दूसरे अशरे को मगफिरत का अशरा इसलिए कहा जाता है कि इसमें अल्लाह से मगफिरत के लिए दुआ की जाती है। बिना किसी बुराई के यानी बुराई से बचते हुए रोज़े में अल्लाह की इबादत की जाती है और माफी मांगते हुए मगफिरत की तलब की जाती है। यानी इबादत की टहनी पर मगफिरत का फूल है रोज़ा।

टैरिफ कटौती पर अमेरिका को कोई आश्वासन नहीं दिया

भारत ने ट्रम्प के दावों को सिरे से नकारा

नई दिल्ली, वार्ता

केंद्र सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस दावे को खारिज किया है, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि भारत अपने टैरिफ में बहुत कटौती करना चाहता है। भारतीय कॉमर्स सेक्रेटरी सुनील बर्थवाल ने संसदीय पैनल को बताया कि भारत ने अमेरिका के साथ टैरिफ में कटौती को लेकर कोई आश्वासन नहीं दिया है।

विदेश मामलों की संसदीय समिति को जानकारी देते हुए सुनील बर्थवाल ने साफ किया कि भारत और अमेरिका के बीच बातचीत अभी भी जारी है और किसी ट्रेड एग्रीमेंट को अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया। बर्थवाल ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति के दावों और मीडिया रिपोर्टों पर भरोसा नहीं किया जा सकता। किसी भी व्यापार वार्ता में भारत के हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा। भारत फ्री ट्रेड के पक्ष में है और व्यापार को उदार बनाना चाहता है, जिससे दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ाने में मदद मिलेगी। भारत व्यापार विस्तार का समर्थन करता है, लेकिन टैरिफ वार से किसी का फायदा नहीं है और इससे मंदी भी आ सकती है। उन्होंने संसदीय समिति को बताया कि भारत अंधाधुंध तरीके से टैरिफ कम नहीं करेगा, खासकर उन क्षेत्रों में जो हमारी घरेलू अर्थव्यवस्था के लिए काफी जरूरी हैं। भारत अपने राष्ट्रीय हितों को बनाए रखने के लिए बहुपक्षीय के बजाय द्विपक्षीय तौर पर टैरिफ कटौती पर बातचीत करना पसंद करता है। दरअसल ट्रम्प ने कहा था कि भारत हमसे बहुत ज्यादा टैरिफ वसूलता है। आप भारत में कुछ भी नहीं बेच सकते। हालांकि भारत अब अपने टैरिफ में बहुत कटौती करना चाहता है, क्योंकि हम उनके किए की पोल खोल रहे हैं।

कहा: भारत-अमेरिका के बीच बातचीत अभी भी जारी है और किसी ट्रेड एग्रीमेंट को अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया

अमेरिका से हमारा कोई कमिटमेंट नहीं: अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के दावे पर भारत सरकार ने कहा

तुलसी गबार्ड भारत, जापान और थाईलैंड की यात्रा पर

वाशिंगटन/नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया एजेन्सी की निदेशक तुलसी गबार्ड भारत, जापान और थाईलैंड की यात्रा पर हैं। सुश्री गबार्ड ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा कि मैं हिन्द प्रशांत के कुछ देशों की यात्रा पर हूं। एक ऐसा क्षेत्र जिसे मैं बहुत अच्छी तरह से जानती हूं, क्योंकि मैं इस क्षेत्र में पली-बढ़ी हूं। मैं जापान, थाईलैंड और भारत जाऊंगी, वापस आने से पहले फ्रांस में कुछ समय के लिए रूकूंगी। उन्होंने कहा कि शांति, स्वतंत्रता और समृद्धि के राष्ट्रपति ट्रम्प के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए मजबूत संबंध, समझ और संपर्क का मार्ग बनाना महत्वपूर्ण है।

मोदी को मिला मॉरीशस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

पोर्ट लुईस, वार्ता

मॉरीशस के पीएम नवीनचंद्र रामगुलाम ने द ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन से नवाजा

मॉरीशस के पीएम नवीनचंद्र रामगुलाम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान द ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन से सम्मानित किया है। यह सम्मान प्रधानमंत्री मोदी को भारत और मॉरीशस के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए उनके योगदान के लिए दिया गया है।

मोदी इस सम्मान को प्राप्त करने वाले पहले भारतीय हैं। यह 21वां अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार है, जो प्रधानमंत्री मोदी को किसी अन्य देश द्वारा दिया गया है। रामगुलाम ने कहा कि मोदी पांचवें विदेशी नागरिक हैं, जिन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान दिया गया है। सर्वोच्च सम्मान से नवाजे जाने से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मॉरीशस के पीएम ने अभी घोषणा की है कि वे मुझे अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित करेंगे। मैं आपके फैसले को विनम्रता के साथ स्वीकार करना चाहता हूं। यह भारत और मॉरीशस के ऐतिहासिक संबंधों का सम्मान है। भारतीय समुदाय के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जब भी मैं मॉरीशस आता हूं, तो ऐसा लगता है जैसे में अपने ही लोगों के बीच हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और मारीशस के संबंधों में मधुरता बढ़ी है। मॉरीशस के नागरिकों को उनके राष्ट्रीय दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि मैं दस साल पहले इसी दिन मॉरीशस आया था। यह होली के सप्ताह बाद का दौरा था और मैं अपने साथ फगवा की खुशी लेकर आया था।

पीएम ने मॉरीशस के राष्ट्रपति को भेंट किया कुंभ का पवित्र जल

पोर्ट लुईस। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को मॉरीशस के राष्ट्रपति धरम गोखूल को महाकुंभ का पवित्र संगम जल भेंट किया। इस जल को एक पीतल और तांबे के बर्तन में रखा गया था। प्रधानमंत्री ने गोखूल की पत्नी बृंदा गोखूल को प्रसिद्ध बनारसी साड़ी भी भेंट की। दो दिवसीय दौरे पर मॉरीशस पहुंचे मोदी ने गोखूल को बिहार का प्रसिद्ध खाना 'मखाना' भी उपहार में दिया। उन्होंने बृंदा गोखूल को एक सदेली बॉक्स में साड़ी भेंट की। सदेली बॉक्स गुजरात की परंपरागत कारीगरी का प्रतीक है। सदेली बॉक्स कीमती साड़ियों, आभूषणों या वस्तुओं को रखने के लिए डिजाइन किया गया है। राष्ट्रपति गोखूल से मुलाकात से पहले प्रधानमंत्री ने अपने समकक्ष नवीनचंद्र रामगुलाम से मुलाकात की और दोनों नेताओं ने सर सीवूसागर बाटनिकल गार्डन में एक पौधा लगाया। प्रधानमंत्री मोदी ने सीवूसागर रामगुलाम को श्रद्धाजंलि दी और फिर राष्ट्रपति से मुलाकात की। इसके बाद वह राजकीय भोज में शामिल होंगे।

भूमि घोटाले में सैम पित्रोदा के खिलाफ मामला दर्ज

बेंगलुरु। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी के करीबी सहयोगी सैम पित्रोदा और अन्य के खिलाफ कर्नाटक भूमि अधिग्रहण निषेध अधिनियम 2011 के तहत आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। यह मामला सत्तारूढ़ पार्टी, बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका के पूर्व नेता और भ्रष्टाचार निरोधक फोरम के अध्यक्ष एनआर रमेश ने सोमवार को भूमि अधिग्रहण निषेध विशेष अदालत के समक्ष दायर किया। यह मामला बेंगलुरु में 12.35 एकड़ आरक्षित वन भूमि पर कथित अवैध कब्जे से संबंधित है। श्री रमेश ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि एलहंका के जराकाबांदे कवल में स्थित इस भूमि का सरकारी मूल्यांकन 150 करोड़ रुपये से अधिक है और इसका बाजार मूल्य 300 करोड़ रुपये से अधिक है।

जारी होंगे 100-200 के नए नोट : RBI

मुंबई। आरबीआई जल्द ही महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला में 100 और 200 रुपये मूल्य के नए बैंक नोट जारी करेगा। आरबीआई के मुख्य महाप्रबंधक पुनीत पंचोली ने मंगलवार को बताया कि इन नए नोटों पर रिजर्व बैंक गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे। इन नए नोटों का डिज़ाइन मौजूदा महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला के 100 और 200 रुपये के नोटों के समान होगा। यानी, उनके रंग, पैटर्न, और सुरक्षा विशेषताएं वर्तमान नोटों के अनुरूप रहेंगी। आरबीआई ने स्पष्ट किया है कि पहले जारी किए गए 100 और 200 रुपये के सभी पुराने नोट भी प्रचलन में बने रहेंगे और वे वैध मुद्रा माने जाएंगे।

जेकेआईएम पर गृह मंत्रालय ने पांच साल के लिए लगाया प्रतिबंध

जम्मू। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जम्मू और कश्मीर इत्तिहादुल मुस्लिमीन को एक अवैध संघ घोषित कर दिया है और अगले पांच वर्षों तक उसे तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया है। मंत्रालय ने आरोप लगाया है कि यह संगठन अवैध गतिविधियों में संलिप्त है, जो देश की एकता, संप्रभुता और सुरक्षा के लिए हानिकारक है। गृह मंत्रालय के एक आदेश में कहा कि जेकेआईएम देश के खिलाफ कार्य कर रहा है और इसके कार्यों से राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा हो रहा है। इसके तहत संगठन की सभी गतिविधियों को प्रतिबंधित किया गया है और इसके सदस्य या सहयोगी किसी भी प्रकार की सक्रियता में लिप्त पाए गए तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जम्मू और कश्मीर क्षेत्र में सुरक्षा बलों को संगठन के खिलाफ अभियान तेज करने का निर्देश दिया गया है।

हल्द्वानी दंगे के 22 और आरोपियों को मिली जमानत

शाह टाइम्स ब्यूरो

इसी मामले में 50 आरोपियों की इससे पहले डिफॉल्ट बेल मिल चुकी

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने हल्द्वानी दंगे के 22 और आरोपियों को मंगलवार को राहत देते हुए डिफॉल्ट जमानत मंजूर कर ली।

हल्द्वानी दंगे के आरोपियों भोला उर्फ सुहैल, जावेद सिद्दीकी, जावेद कुरैशी, शाहनवाज, रहीश अहमद अंसारी, अब्दुल माजिद, सहित अन्य 18 आरोपियों की अपील पर वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी एवं न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ में विगत सात मार्च को सुनवाई हुई। खंडपीठ ने सुनवाई के बाद निर्णय सुरक्षित रख लिया था। मंगलवार को निर्णय जारी करते हुए सभी की जमानत मंजूर कर ली। सभी आरोपियों के खिलाफ गैर कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के साथ ही हल्द्वानी कोतवाली में संगीन धाराओं में मामला दर्ज है। सभी आरोपी पिछले साल फरवरी से जेल में बंद हैं। यूएपीए अदालत (निचली अदालत) ने आरोपियों की जमानत नामंजूर कर दी थी। इसके बाद आरोपियों की ओर से उच्च न्यायालय में अपील दायर की गई। आरोपियों की ओर से कहा गया कि सरकार उनके खिलाफ यूएपीए अदालत में तय समय पर आरोप पत्र दाखिल करने में असफल रही है। अदालत ने सरकार को आरोप पत्र दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय दे दिया और उनकी जमानत नामंजूर कर दी। इसलिए वे डिफ़ॉल्ट बेल के हकदार हैं। अदालत इसी मामले में 50 आरोपियों की इससे पहले डिफ़ॉल्ट बेल मंजूर कर चुकी है। आरोपियों के अधिवक्ता सीके शर्मा के अनुसार खंडपीठ ने उसी आधार पर इन आरोपियों को भी जमानत दे दी।

विश्व के 20 सबसे प्रदूषित शहरों में 13 भारत के

शाह टाइम्स ब्यूरो

मेघालय का बर्नीहाट टॉप पर

दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी

नई दिल्ली। विश्व के 20 सबसे प्रदूषित शहरों में 13 भारत के हैं। मेघालय का बर्नीहाट शीर्ष पर है। वहीं, दिल्ली सबसे प्रदूषित राजधानी की कैटेगरी में टॉप पर है। स्विस एयर क्वालिटी टेक्नोलॉजी कंपनी आईक्यू एयर की 2024 की रिपोर्ट में ये जानकारी सामने आई है।

रिपोर्ट में भारत को विश्व के सबसे प्रदूषित देशों में पांचवां स्थान दिया गया है। 2023 में हम तीसरे स्थान पर थे, यानी पहले से दो स्थान नीचे आए हैं। मतलब भारत में पहले से प्रदूषण को लेकर कुछ सुधार हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2024 में भारत में पीएम 2.5 के स्तर में 7 फीसदी की गिरावट देखी गई। 2024 में पीएम 2.5 का स्तर औसतन 50.6 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर रहा, जबकि 2023 में यह 54.4 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर था। फिर भी, विश्व के 10 सबसे प्रदूषित शहरों में से 6 भारत में हैं। दिल्ली में लगातार प्रदूषण का लेवल हाई दर्ज किया गया। यहां पीएम 2.5 का सालाना औसत 91.6 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर रहा। विश्व के सबसे प्रदूषित 20 शहरों में पाकिस्तान के 4 और चीन का एक शहर भी शामिल है। ओशिनिया साल 2024 में विश्व का सबसे स्वच्छ क्षेत्र रहा। इसके 57: शहर डब्ल्यूएचओ के दिशानिर्देशों को पूरा करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार दक्षिण-पूर्व एशिया के हर देश में पीएम 2.5 के कंसंट्रेशन में कमी आई है, हालांकि सीमा पार धुंध और अल नीनो की स्थिति अभी भी प्रमुख फैक्टर बनी हुई है। यूएन के मुताबिक, ओशिनिया में 14 देश हैं। इनमें ऑस्ट्रेलिया, -शेष पृष्ठ दो पर

देश की सबसे अमीर महिला अब रोशनी नाडार

नई दिल्ली। एचसीएल (सीएल) ग्रुप के संस्थापक शिव नाडार ने हाल ही में बेटी रोशनी नाडार मल्होत्रा को कंपनी की 47 फीसदी हिस्सेदारी ट्रांसफर की है। 'ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स' के मुताबिक, 3.13 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ रोशनी अब तीसरी सबसे अमीर भारतीय बन गई हैं। उनसे ज्यादा संपत्ति सिर्फ मुकेश अंबानी और गौतम अडानी के पास है। रोशनी से पहले उनके पिता शिव नाडार भारत के तीसरे सबसे अमीर व्यक्ति थे। उनके नेतृत्व वाली सीएल टेक्नोलॉजी देश की तीसरी सबसे बड़ी आईटी कंपनी है। इसका मार्केट कैप 4.20 लाख करोड़ रुपये है।

अमरोहा में उत्तराखंड की युवती की गोली मारकर हत्या

शाह टाइम्स ब्यूरो

पिछले डेढ़ साल से रिलेशनशिप में था आरोपी युवक

अमरोहा। उप्र में अमरोहा जिले के गजरौला क्षेत्र में उत्तराखंड की एक युवती का रक्तरंजित शव मिलने से सनसनी फैल गई है।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र गज़रौला में थाना पुलिस को मंगलवार सुबह गेस्ट हाऊस में किसी युवती की गोली मारकर हत्या करने की सूचना प्राप्त हुई थी। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भिजवा दिया। युवती की शिनाख्त हरिद्वार जिले की कनखल निवासी रोज़ी खुराना (20) के रूप में हुई है। थाना पुलिस ने मौका मुआयना कर थाना बछरायूं (अमरोहा) क्षेत्र के गांव धनौरी माफी निवासी अंकुश चौधरी (25) को हिरासत में ले लिया है। घटना के संबंध में उससे पूछताछ जारी है। पुलिस को पूछताछ -शेष पृष्ठ दो पर

लोकसभा में गूंजा पुरानी पेंशन बहाली का मुद्दा

यूनीफाइड पेंशन योजना से कर्मचारी संतुष्ट नहीं, पुरानी पेंशन योजना ही लागू हो: सपा

नई दिल्ली, वार्ता

समाजवादी पार्टी के धर्मेन्द्र यादव ने मंगलवार को लोकसभा में केन्द्रीय कर्मचारियों की पेंशन का मुद्दा उठाते हुए कहा कि यूनीफाइड पेंशन योजना से कर्मचारी संतुष्ट नहीं हैं अतैव पुरानी पेंशन योजना ही लागू की जानी चाहिए। यादव ने शून्य काल के दौरान कहा कि पेंशन को लेकर कर्मचारी आंदोलनरत हैं।

कर्मचारी न तो नेशनल पेंशन स्कीम से संतुष्ट थे और न ही वे एक अप्रैल से लागू होने वाली यूनीफाइड पेंशन योजना से संतुष्ट हैं। कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना लागू किए जाने को लेकर आंदोलनरत हैं। पुरानी पेंशन योजना से ही कर्मचारी और उनके परिवारों के हितों की पर्याप्त आर्थिक सुरक्षा होती थी। उन्होंने पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने की मांग की। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के अमरा राम ने राजस्थान के ग्रामीण इलाकों में पेयजल की किल्लत का मुद्दा उठाते हुए कहा कि राज्य के

सीकर और झुंझनू जिलों में तो लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरसते हैं। राज्य के ग्रामीण अंचलों में आबादी के छितरी होने की वजह से पेयजल की सुविधाएं पहुंचाना दुष्कर हो जाता है, इसके मद्देनजर वह केन्द्र सरकार से राज्य की विशेष मदद करने की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि पेयजल सुविधाओं के लिए खर्च होने वाली राशि का 90 प्रतिशत भाग केन्द्र सरकार को वहन करना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी की कंगना रनौत ने हिमाचल प्रदेश के मंडी क्षेत्र में बिजली आपूर्ति में प्राय: बाधा पड़ने की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बिजली मंत्रालय से इस समस्या को दूर करने के उपाय करने की मांग की। सुश्री रनौत ने कहा कि बार-बार बिजली कटौती होने से आम लोगों को तो परेशानियां होती ही हैं, छोटे-छोटे व्यवसाय भी ठप हो जाते हैं। उन्होंने इस समस्या के निराकरण के लिए तत्काल ध्यान दिए जाने की मांग की।

तीन वर्षों से औसत महंगाई 5.6 प्रतिशत: चौधरी

■ 2004 से 2014 तक देश में महंगाई दर दो अंकों में रही थी

नई दिल्ली। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि देश में पिछले तीन वर्षों औसत महंगाई दर 5.6 प्रतिशत रही है जबकि बेचमार्क छह प्रतिशत है। चौधरी ने प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि 2024 में महंगाई दर 4.9 प्रतिशत रही है। 2004 से 2014 तक देश में महंगाई दर दो अंकों में रही थी। उन्होंने कहा कि बीच-बीच में मौसम और आपूर्ति से जुड़ी बाधाओं के कारण महंगाई में वृद्धि होती है, लेकिन इसको नियंत्रित करने के उपाय किए जाते हैं। बेरोजगारी से जुड़े पूरक प्रश्न पर उन्होंने कहा कि एनएसओ के सर्वे के अनुसार बेरोजदारी दर 3.2 प्रतिशत रही है। उन्होंने कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) एक देश एक कर की व्यवस्था है। जुलाई 2017 से इसके प्रभावी होने के बाद औसत कर की दर 12 प्रतिशत पर आ गई है, जो पहले औसत 15 प्रतिशत थी। जीएसटी परिषद संघवाद का अद्भूत उदाहरण है। गरीबों को समान अवसर नहीं मिलने के पूरक प्रश्न पर राज्य मंत्री ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार हर नागिरक को समान अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। हर क्षेत्र में लोगों को समान अवसर प्रदान किया जा रहा है। वर्ष 2014 से 'सबका साथ सबका विकास' के तहत सबको आगे बढ़ाने का काम किया गया है। यह कोई नारा नहीं है।

महिला अत्याचार से जुड़े सवालों पर सरकार मौन

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी सरकार बेटियों को सुरक्षा देने की सिर्फ बात ही करती है, जबकि सच्चाई यह है कि यह पार्टी दुष्कर्म की घटनाओं में संलिप्त अपने लोगों को बचाने का काम करती है।

महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लाम्बा ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि महिलाओं के साथ होने वाले अत्याचारों से जुड़े सवालों पर सरकार हमेशा बचने का प्रयास करती है और वह अपने लोगों पर लगे दाग साफ करने का प्रयास करती है। उन्होंने आस्ट्रेलिया में रहने वाले और दुष्कर्म के आरोप में पकड़े गए एक व्यक्ति का नाम लिया और कहा कि उनकी मोदी के साथ कई तस्वीरें हैं। उन्होंने कहा कि हम मोदी से सवाल पूछते हैं कि उनकी जितनी तस्वीरें उस व्यक्ति के साथ हैं। क्या

■ बालेश धनखड़ के मामले पर भाजपा को जवाब देना होगा

उतनी ही तस्वीरें न्याय की गुहार लगा रही महिलाओं के साथ हैं। उनके पास जंगल सफारी पर जाने का समय है, लेकिन उनके पास मणिपुर जाने का समय नहीं है।

देश में संसद सत्र चल रहा है, लेकिन मोदी मॉरीशस घूमने निकल गए हैं। बालेश धनखड़ के मामले पर भाजपा को जवाब देना होगा। यह कोई पहला मामला नहीं है, बल्कि ऐसे अनेक मामले हैं। महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मास रेपिस्ट प्रज्वल रेवन्ना जेल की सलाखों के पीछे है, क्योंकि कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है। भाजपा के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण पर दिल्ली पुलिस कार्रवाई नहीं कर पा रही है, क्योंकि भाजपा उस पर दबाव बना रही है। गुजरात में भाजपा का एक मंत्री दलित महिला के साथ दुष्कर्म करता है, लेकिन उस पर एक्शन नहीं हुआ। आखिर में उच्च न्यायालय के आदेश के बाद उस पर प्राथमिकी होती है। गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक की बेटियां-महिलाएं मोदी से न्याय मांग रही है लेकिन वह चुप हैं।ह उन्होंने दावा कि मोदी की यात्राओं को ऑस्ट्रेलिया में बालेश धनखड़ आयोजित करता रहा। इसका मतलब है कि मोदी बालेश धनखड़ के बारे में सब जानते थे, फिर भी खामोश हैं। यौन उत्पीड़न और दुष्कर्म के जिन मामलों में भाजपा नेताओं की संलिप्ता के आरोप लगते है भाजपा के लोग उनको बचाते रहते हैं।

संक्षिप्त समाचार

होली-रमजान की आड़ में राजनीति ठीक नहीं: मायावती

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने मंगलवार को कहा कि होली और रमजान की आड़ में किसी भी मुद्दे को लेकर राजनीति करना ठीक नहीं है और सरकार को सभी धर्मों के अनुयायियों के मान सम्मान का ध्यान रखना चाहिए। सुश्री मायावती ने एक्स पर लिखा- जैसा कि विदित है कि इस समय रमज़ान चल रहे हैं और इसी बीच जल्दी होली का भी त्योहार आ रहा है, जिसे मद्देनज़र रखते हुए यूपी सहित पूरे देश में सभी राज्य सरकारों को इसे आपसी भाईचारे में तब्दील करना चाहिए, तो यह सभी के हित में होगा। उन्होंने कहा कि इसकी आड़ में किसी भी मुद्दे को लेकर कोई भी राजनीति करना ठीक नहीं। सभी धर्मों के अनुयायियों के मान-सम्मान का बराबर ध्यान रखना बहुत जरूरी।

गौतम बुद्ध से जुड़े स्थलों का समुचित विकास किया जाए: पाल

नई दिल्ली। लोकसभा में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के जगदम्बिका पाल ने भगवान गौतम बुद्ध से जुड़े स्थलों बोधगया, सारनाथ, कुशीनगर और कपिलवस्तु के समुचित विकास की सरकार से मांग की। पाल ने शून्य काल के दौरान कहा कि कपिलवस्तु में तो भगवान बुद्ध ने अपने जीवन के 29 वर्ष बिताए थे, अत: वहां के विकास के भरपूर प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने कपिलवस्तु में कॉरिडोर के निर्माण की मांग की। समाजवादी पार्टी के जियाउर्रहमान ने सभी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी दिए जाने की सरकार से मांग की। उन्होंने कहा कि जब बड़े-बड़े उद्योगपतियों के कर्ज माफ कर दिए जा सकते हैं, तो किसानों के कर्ज माफ क्यों नहीं किए जाते।

सहकारिता क्षेत्र को बढ़ावा देने को सरकार प्रतिबद्ध: गुर्जर

नई दिल्ली। केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने मंगलवार को लोकसभा में कहा कि सरकार ने सहकारिता के क्षेत्र में असीम संभावनाओं को देखते हुए पिछले साढ़े तीन साल में साठ से अधिक पहल की है। कृष्णपाल गुर्जर ने प्रश्नकाल ने एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि सहकारिता मंत्रालय अपनी स्थापना के साढ़े तीन साल के अंदर सात प्रमुख क्षेत्रों में 60 पहल की हैं।

तीन वर्षों में सभी जिलों में होगा कैंसर डे केयर सेंटर: नड्डा

नई दिल्ली, वार्ता

केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि अगले तीन वर्षों में देश के सभी जिलों में कैंसर डे केयर सेंटर शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है और इस वर्ष दो सौ जिलों में यह सेंटर शुरू किया जा रहा है।

नड्डा ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी देते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में कैंसर डे केयर सेंटर बनाने की घोषणा की गई है और इसके लिए बटजीय प्रावधान भी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि जहां तक हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर की बात है, तो राष्ट्रीय हेल्थ मिशन के तहत गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य देखभाल उपलब्ध कराने की कोशिश की जा रही है। इसके तहत कई तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। अस्पतालों को अपनी जरूरतों के अनुसार योजना बनाने की सुविधा दी गई है और उसके अनुरूप टेक्नीकल और वित्तीय मदद दी जाती है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना से कैंसर जैसी घातक बीमारियों के उपचार में मदद मिली है। अभी कैंसर का पता चलने पर 30 दिनों के भीतर ही उपचार शुरू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में झज्जर के एम्स में 700 बिस्तरों का कैंसर केयर सेंटर

■ इस वर्ष दो सौ जिलों में यह सेंटर शुरू किया जा रहा

बनाया गया है। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि पूर्वांचल के गोरखपुर में एक्स खोला गया है और बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी में स्थित मेडिकल कॉलेज को एम्स नहीं बनाया जा सकता है, क्योंकि यूनिवर्सिटी के भीतर इस तरह का कोई प्रावधान नहीं है। हांलाकि यूनिवर्सिटी के साथ एक करार किया गया है और वहां स्थित मेडिकल कॉलेज को एम्स की तरह बनाया जा रहा है। नड्डा ने एक अन्य पूरक प्रश्न पर कहा कि आशा कार्यकर्ता बेहतर काम कर रहे हैं। उनके प्रयास से जच्चा-बच्चा मृत्यु दर में कमी आई है। केरल सरकार का जहां तक सवाल है, तो उपयोग प्रमाणपत्र नहीं मिलने के कारण आशा कार्यकताओं से जुड़ा मानदेय जारी नहीं हो पाया है, लेकिन केन्द्र सरकार की हिस्सेदारी का अंश जारी किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने सफाई कर्मचारियों का पुष्पवर्षा कर सम्मान किया

महाकुंभ ने प्रयागराज का किया कायाकल्प

लखनऊ, वार्ता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को कहा कि महाकुंभ का आयोजन प्रयागराज जैसे शहर के विकास को बढ़ाने में काफी सफल रहा है। कभी माफियाराज के चंगुल में फंसे प्रयागराज का महाकुंभ के कारण कायाकल्प हो गया है।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में एक निजी चैनल के कॉनक्लेव में पहुंचे योगी ने यहां सफाई कर्मचारियों का सम्मान किया और उन पर पुष्पवर्षा की। उन्होंने सफाई कर्मचारियों को नींव का पत्थर बताते हुए कहा कि इन्होंने स्वच्छ कुम्भ के संदेश को साकार किया है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ ने आस्था को आर्थिकी के साथ जोड़ने के बड़े अभियान को आगे बढ़ाया है। यहां विकास के अनेक बड़े-बड़े कार्य हुए। महाकुंभ के कारण यह प्राचीन व पौराणिक नगरी आज नए कलेवर के रूप में दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि कार्य संपन्न होने के बाद अक्सर हर व्यक्ति अपनी राह पकड़कर आगे की सोचने लगता है। नींव पर बनी इमारत में सब रहते हैं, लेकिन पत्थ: भुला दिए जाते हैं। उनके महत्व को विस्मृत कर दिया जाता है। 'महाकुंभ की

■ कहा- कभी माफियाराज के चंगुल में फंसे प्रयागराज को विकास के मार्ग पर बढ़ाया

■ आस्था को आर्थिकी के साथ जोड़ने के बड़े अभियान को आगे बढ़ाया

नींव' को जिन स्वच्छता कर्मियों ने सुदृढ़ करने का प्रयास किया, जिनकी बदौलत यह दिव्य-भव्य महाकुंभ हो पाया। उनके सम्मान का यह कार्यक्रम अभिभूत करने वाला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी आयोजन सफलता की ऊंचाई पर तब पहुंचता है, जब सब लोग सामूहिक भाव के साथ मिलकर प्रयास करते हैं। सामूहिक प्रयास का परिणाम सफलता होती है। सामूहिक प्रयास को जब सकारात्मक भाव के साथ देखते हैं, तो समाज के लिए वह प्रेरणा बन जाती है। प्रयागराज में भी ऐसा ही हुआ। बुजुर्ग माता-पिता को कुम्भ में स्नान कराने के लिए यूएस, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, यूके समेत तमाम देशों से लोगों के फोन आए। उन्होंने कहा कि जो भी महाकुंभ में आया, उसने सफाई व सुरक्षाकर्मियों की प्रशंसा अवश्य की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विजन दिया था कि हमारे आयोजन लोगों को अंतष्करण से संतुष्टि दे सकें, क्योंकि स्वच्छता अंत:करण की संतुष्टि का पहला और व्यवहार दूसरा पैमाना होता है। योगी आदित्यनाथ ने 45 दिन में आने वाले 66.30 करोड़ श्रद्धालुओं का जिक्र किया। उन्होंने हर स्नान पर आने वाली श्रद्धालुओं का भी आंकड़ा बताया और कहा कि जो लोग जितना दुष्प्रचार-अफवाह फैलाते थे, उन्हें जवाब देने के लिए जनता उतनी ही मजबूती से प्रयागराज आ धमकती थी। बहुत लोग जनता से नकारात्मक बोलवाने का प्रयास करते थे। उन्होंने कहा कि एक यूट्यूबर कर्नाटक से आए श्रद्धालु से पूछ रहा था कि कितना पैदल चले, उत्तर मिला- पांच किमी-। फिर उसने कहा कि पता है अभी कितना और पैदल चलना होगा, तो श्रद्धालु ने कहा कि नहीं। इस पर यूट्यूबर ने बताया कि अभी पांच किमी- और। श्रद्धालु ने कहा कि 50 भी चलना पड़े, तो जाऊंगा। प्रश्न करने वाले ने कहा कि सरकार को व्यवस्था देनी चाहिए थी। श्रद्धालु ने कहा कि पैदल मैं चल रहा हूं, परेशानी तुम्हें क्यों हो रही है। भगवान के धाम तो पैदल ही जाना चाहिए। यह हमारे लिए साधना है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म का भाव ही कृतज्ञता का होता है।

त्योहारों पर भीड़ प्रबंधन में भारतीय रेलवे अपनाएगा महाकुंभ के तरीके

लखनऊ। महाकुंभ में प्रयागराज रेल मण्डल के नौ स्टेशनों पर अपनाए गए क्राउड कंट्रोल के तरीकों को अब भारतीय रेल होली व अन्य प्रमुख त्योहारों पर देश के बड़े स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण के लिए उपयोग में लाएगा। अधिकृत सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि होली के त्योहार पर भीड़ नियंत्रण को लेकर हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में निर्णय लिए गया है कि अधिक भीड़ वाले स्टेशनों पर महाकुंभ की तरह होल्डिंग एरिया, नियंत्रित प्रवेश, सीसीटीवी कैमरों से कंट्रोलिंग और डिजिटल कम्युनिकेशन उपकरणों का उपयोग किया जाएगा। रेलवे ने उच्च स्तरीय बैठक में होली व अन्य प्रमुख त्योहारों में देश के अधिक भीड़ वाले 60 रेलवे स्टेशनों पर महाकुंभ में प्रयागराज रेल मण्डल के सफल क्राउड मैनेजमेंट के तरीकों का उपयोग करने का निर्णय लिया है। प्रयागराज रेल मण्डल के एसपीआरओ अमित मालवीय ने बताया कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की अध्यक्षता में हुई बैठक में क्राउड मैनेजमेंट को लेकर कई जरूरी निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि आनंद विहार, सूरत, उधना, पटना और नई दिल्ली जैसे अधिक भीड़ वाले स्टेशनों पर अतिरिक्त वेलटग रूम या होल्डिंग एरिया बनाने का निर्णय लिया गया है। साथ ही त्योहारों के दौरान महाकुंभ की तरह प्लेटफार्म पर भीड़ को नियंत्रित तरीके से भेजने, क्राउड़ मैनेजमेंट के लिए सीसीटीवी कैमरों की मदद से भीड़ के दबाव पर नजर रखने का निर्णय लिया गया है। साथ ही रेलवे के कर्मचारियों और रेलवे पुलिस के जवानों को वॉकी टाकी, अनाउंसमेट के जरिए निर्देशित करने और इसके लिए स्टेशनों पर कंट्रोल टॉवरों को अत्याधुनिक तकनीक से युक्त करने का भी निर्णय लिया गया है।

अर्थ व्यापार

बिकवाली की बदौलत शेयर बाजार में रही घटबढ़

मुंबई, वार्ता

विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर आईटी, टेक और फोकस्ड आईटी समेत आठ समूहों में हुई बिकवाली से मंगलवार को संसेक्स फिसलकर जबकि लिवाली की बदौलत निफ्टी बढ़कर बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 12.85 अंक फिसलकर 74,102.32 अंक पर आ गया। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 37.60 अंक की बढ़ोतरी लेकर 22,497.90 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी मिलाजुला रुख रहा। मिडकैप 0.72 प्रतिशत की छलांग लगाकर 39,589.67 अंक जबकि स्मॉलकैप 0.70 प्रतिशत लुढ़ककर 44,330.32

अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 4092 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2506 में गिरावट जबकि 1466 में तेजी रही वहीं 120 में कोई बदलाव नहीं हुआ। वहीं, निफ्टी की 33 कंपनियां हरे जबकि अन्य 17 लाल निशान पर बंद हुईं। बीएसई के आठ समूहों का रुझान नकारात्मक रहा। इससे एफएमसीजी 0.15, इंडस्ट्रियल्स 0.01, आईटी 0.87, यूटिलिटीज 0.15, ऑटो 0.09, बैंलकग 0.36, टेक 0.04 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.82 प्रतिशत लुढ़क गए। वहीं रियल्टी 3.92, ऊर्जा 1.20, दूरसंचार 2.78, कैपिटल गुड्स 0.47, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.48, धातु 0.62 और तेल एवं गैस समूह के शेयरों में 1.58 प्रतिशत की तेजी रही। विश्व बाजार का रुझान मिश्रित रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.20, जापान का निक्केई 0.64 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.01 प्रतिशत गिर गया। वहीं जर्मनी का डैक्स 0.48 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.41 प्रतिशत मजबूत रहा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 371 अंक की भारी गिरावट लेकर 73,743.88 अंक पर खुला और बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 73,663.60 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं इसके बाद शुरू हुई लिवाली के दम पर यह लगातार बढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 74,195.17 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

महिला उद्यमियों को निर्यात कारोबार में प्रोत्साहित करेगा फियो

नई दिल्ली। देश में निर्यात संघों के शीर्ष निकाय फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (फियो) ने महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने और भारत के निर्यात पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के उद्देश्य से यहां मंगलवार को 'शीट्रेड्स इंडिया हब' पहल शुरू किया। फियो ने यह पहल अंतर्राष्ट्रीय व्यापार केंद्र आईटीसी के सहयोग व ब्रिटेन सरकार के शीट्रेड्स कॉमनवेल्थ प्लस कार्यक्रम के तहत वित्तीय सहायता से शुरू की है। फियो इस तरह वैश्विक स्तर पर 20वें शीट्रेड्स हब का आधार बना है। इस पहल का उद्घाटन करते हुए वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के विदेश व्यापार महानिदेशक संतोष कुमार सारंगी ने कहा कि आईटीसी शेट्रेड्स इंडिया हब के सहयोग से ट्रेड कनेक्ट प्लेटफॉर्म महिलाओं के नेतृत्व वाली निर्यात वृद्धि को बढ़ावा देने में और मदद करेगा।

खाद्य तेलों में टिकाव, उड़द दाल सस्ती

नई दिल्ली, वार्ता

विदेशी बाजारों में तेजी लौटने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक अंतर्राष्ट्रीय बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि उड़द दाल सस्ती हो गई वहीं चीनी के भाव चढ़ गए।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 37 रिंगिट बढ़कर 4810 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.29 सेंट की तेजी के साथ 42.55 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चीनी 100 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई जबकि गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में उड़द दाल में 200 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं

हुआ। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन: चना 5700-5800, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 9250-9350, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल : 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

मरूधर एक्सप्रेस के ब्रेक से निकली चिंगारी, अफरातफरी

जौनपुर। जोधपुर से चलकर वाराणसी को जाने वाली मरूधर एक्स प्रेस ट्रेन में मंगलवार को उस समय अफरा तफरी मच गई जब एक बोगी में यात्रियों ने ट्रेन के पहिए से चिंगारी और धुएं लिए लपटें दिखाई देने पर शोर मचाया। ट्रेन के गार्ड को अनहोनी की आशंका के ट्रेन को रुकवा दिया।

प्रथम पृष्ठ के शेष...

अमरोहा में... में युवक ने बताया कि रोज़ी खुराना के साथ वह पिछले डेढ़ साल से रिलेशनशिप में था। बीती रात उसे फोन करके गजरौला गैस्ट हाऊस में बुलाया था। रात में किसी समय दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। जिससे युवक ने गोली मारकर युवती की हत्या कर दी। घटना की सूचना हत्यारोपी ने खुद पुलिस को फोन के माध्यम से दी थी।

विश्व के... न्यूजीलैंड, फिजी, पापुआ न्यू गिनी, नौरू, किरिबाती, माइक्रोनेशिया और मार्शल आइलैंड्स शामिल हैं। भारत के शहरों में हवा इतनी खराब है कि 35 फीसदी शहरों में हवा में धूल के छोटे-छोटे कण (पीएम2.5) का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के बताए लेवल से 10 गुना ज्यादा है। इस खराब हवा के कारण भारत में लोगों की सेहत खतरे में है। लोगों की औसत उम्र करीब 5.2 साल कम हो रही है। एक रिसर्च के अनुसार, 2009 से 2019 के बीच भारत में हर साल करीब 15 लाख लोगों की मौतें हवा में मौजूद पीएम2.5 कणों के प्रदूषण के कारण हुईं।

सीमा पार कर भारत में घुसे दो रोहिंग्या नागरिक गिरफ्तार

■ पकड़े गए आरोपियों से नकदी भी बरामद की

कूचबिहार। पश्चिम बंगाल के कूचबिहार जिले में मथाभंगा सीमा से अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने वाले दो रोहिंग्या नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से बड़ी मात्रा में नकदी भी बरामद की गई है।

प्राथमिक जांच में पता चला है कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति म्यांमार के राखिन प्रांत के निवासी हैं। वहां से वे कुछ साल पहले बंगलादेश के कॉक्स बाजार में अवैध रूप से घुसपैठ कर गए थे। गिरफ्तार आरो. पियों में शामिल रेडवान (24) ने बताया कि म्यांमार में उन्हें गोली मारी गई थी, जिसके बाद वह वहां से भागकर बंगलादेश पहुंचे थे। हाल ही में उन्होंने नेपाल में अपने रिश्तेदारों के पास जाने की योजना बनाई थी। इसके लिए उन्होंने बंगलादेशी दलाल को 40,000 टका देकर भारत में घुसने की कोशिश की, लेकिन जैसे ही वे सीमा पार कर भारत में घुसे, पुलिस ने उन्हें धर दबोचा। यह घटना मथाभंगा सीमा के धापरा बाजार इलाके में हुई। स्थानीय लोगों ने जब एक पुरुष और एक महिला को संदिग्ध अवस्था में देखा, तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर रेडवान और फारमीना अख्तर (27) को गिरफ्तार कर लिया। मथाभंगा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप गोराई ने मंगलवार को यहां बताया कि हमने एक पुरुष और एक महिला को अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। वे म्यांमार के नागरिक हैं। उन्हें अदालत में पेश कर दिया गया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि इनका इरादा भारत होते हुए नेपाल जाने का था। पश्चिम बंगाल में पहले से ही बड़ी संख्या में रोलहग्या मौजूद होने की खुफिया विभाग पुष्टि करता है, लेकिन हाल के दिनों में जिस तरह से रोहिंग्या घुसपैठिए पकड़े जा रहे हैं, उसने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। क्षेत्र के स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यह इलाका किसी अन्य राज्य का हिस्सा होता, तो सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी हो सकती थी। सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण यहां रोहिंग्या घुसपैठ की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि रोहिंग्या शरणार्थियों की घुसपैठ को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की जरूरत है। यदि इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो यह न केवल स्थानीय निवासियों के लिए बल्कि देश की सुरक्षा व्यवस्था के लिए भी गंभीर चुनौती बन सकती है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा।
महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं। 21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना

गेस्ट हाउस संचालक ने प्रेमिका को गोली से उड़ाया

किसी दूसरे युवक से बात करने के शक में दिया घटना को अंजाम, हत्या के बाद खुद को किया पुलिस के हवाले

गजरौला। युवती की हत्या के बाद घटनास्थल का मुआयना करते एएसपी राजीव कुमार।

झिलमिल का फाइल फोटो

■ हरिद्वार के कनखल की निवासी थी युवती

गजरौला। आरोपी युवक पुलिस हिरासत में।

शाह टाइम्स संवाददाता,

गजरौला। नगर के औद्योगिक क्षेत्र में स्थित एक गेस्ट हाउस संचालक ने दूसरे युवक से बात करने के संदेह में अपनी प्रेमिका की गोली मार कर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी ने औद्योगिक चौकी पहुंचकर खुद को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर जांच पड़ताल की और युवती के शव को कब्जे में लिया। फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। एएसपी ने भी घटनास्थल का मुआयना किया। जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला अवंतिकानगर निवासी हरपाल सिंह का एक घर औद्योगिक क्षेत्र पुलिस चौकी के अंतर्गत स्थित है। जिसे अंकुश चौधरी पुत्र विक्रम सिंह को किराए पर दे रखा था। अंकुश ने यहां पर 'द ग्रेट विनायक गेस्ट हाउस और रेस्टोरेंट' खोल रखा था। ज्यादातर अंकुश चौधरी यहीं पर रहता था। अंकुश का प्रेम संबंध इंस्टाग्राम के माध्यम से डेढ़ वर्ष से हरिद्वार के कनखल कस्बे के राजपूत धर्मकांटा के निकट की रहने वाली निवासी रोश प्रजापति (23) उर्फ झिलमिल प्रजापति नामक युवती से हुआ। सोमवार को युवती अंकुश से मिलने आई हुई थी। गेस्ट हाउस के द्वितीय तल पर बने कमरे में देर रात अंकुश ने प्रेमिका के सिर से सटाकर गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी ने सुबह के समय घटना की सूचना 112 डॉयल को दी और उसके बाद खुद नजदीकी औद्योगिक पुलिस चौकी पहुंचकर हत्या करने की बात कहते हुए पुलिस के हवाले कर दिया। जिसके बाद सीओ श्वेताभ भास्कर, प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह समेत चौकी प्रभारी आदि पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया। सुबह के समय एएसपी राजीव कुमार सिंह ने भी घटनास्थल का मुआयना किया। घटना की सूचना युवती के परिजनों को भी दी गई। करीब नौ बजे पुलिस ने युवती के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भिजवाया। पुलिस के मुताबिक अंकुश ने प्रेमिका की हत्या के पीछे यह कारण बताया कि वह किसी और युवक से भी बात करती थी, पूछने पर झूठ बोलती थी। इसी बात को लेकर विवाद हुआ और उसने प्रेमिका की गोली मारकर हत्या कर दी। वहीं युवती की मां ममता, छोटा भाई कृष्णा आदि अन्य परिजन थाने पहुंचे। हालांकि उन्होंने मीडिया को कुछ ज्यादा जानकारी नहीं दी। वहीं पुलिस ने हत्यारोपी अंकुश चौधरी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए हत्या में प्रयुक्त तमंचा बरामद किया और उसे कोर्ट में प्रस्तुत किया।

तांत्रिक ने दम्पति से ठगे एक लाख 11 हजार

शाह टाइम्स ब्यूरो

अमरोहा। घर में चल रही परेशानी दूर करने का झांसा देकर तांत्रिक ने दंपति को सोने के सिक्के दिखाकर 1.11 लाख रुपये हड़प लिए। इतना ही नहीं नकली सिक्कों से भरा घड़ा संदूक में रख दिया। पीड़ित दंपति ने घड़ा खोल कर देखा तो उनके होश उड़ गए, पोल खुलने पर तांत्रिक गायब हो गया। थाना पुलिस द्वारा शिकायत को अनसुना करने पर पीड़ित दंपति ने अब एसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के गांव जसौरा में जगदीश सैनी का परिवार रहता है। वह मेहनत मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। बीती 6 जनवरी को जगदीश सैनी अपनी पत्नी लता सैनी के साथ स्थानीय देवी मंदिर के नजदीक से गुजर रहे थे। तभी, रास्ते में खड़े एक तांत्रिक मौलाना ने उन्हें रोक लिया और घर में परेशानी चलने का झांसा दिया। मौलाना ने कहा कि घर की परेशानी दूर हो जाएगी। उसके पास 10 ग्राम के सोने के सिक्के हैं। जिन्हें वह विदेश से लेकर आया है और कम दामों में दे देगा। इन सोने के सिक्कों से तुम मालामाल हो जाओगे। आरोप है कि मौलाना 9 जनवरी को उनके घर पर आया और उसने मिट्टी का घड़ा व एक दो मीटर लंबा लाल गमछा मंगवाया। मौलाना ने जगदीश सैनी और उनकी पत्नी लता सैनी को घर से बाहर भेज दिया। कुछ देर बाद मौलाना ने सोने के सिक्कों से भरा घड़ा संदूक में रखने की बात कही। इस बीच मौलाना ने दंपति को झांसे में लेकर 1 लाख 11 हजार रुपये हड़प लिए। आरोप है कि मौलाना सन्दूक का ताला बदलकर चाभी अपने साथ ले गया। अगले दिन दंपति ने ताला खोलने की कोशिश की तो वह नहीं खुला। लिहाजा, दंपति ने ताले को काट कर संदूक खोला तो होश उड़ गए। संदूक में रखे घड़े में नकली सिक्के रखे हुए थे। सोमवार को पीड़ित दंपति ने एसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

फैक्ट्री स्वामी ने भाई के घर से उड़ाए नकदी-जेवर

मामले में पांच के खिलाफ एफआईआर

शाह टाइम्स ब्यूरो

अमरोहा। फैक्ट्री स्वामी ने अपने चार बेटों के साथ मिलकर सगे भाई के घर के ताले तोड़ लिए। आरोप है कि सोने-चांदी के जेवरात और रिवाल्वर समेत कीमती सामान अपने कब्जे में कर लिया। घटना की जानकारी पर पीड़ित परिवार के होश उड़ गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। मामले में पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस इस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के कस्बा चौधरपुर के माइलस्टोन में अब्दुल वसीम का परिवार रहता है। फैक्ट्री परिसर में बने आवासीय भवन में उनके भाई अब्दुल अजीम और अब्दुल वासिद भी साथ में ही रहते हैं। आरोप है कि चौधरपुर में विश्वा एक्सपोर्ट के नाम से फैक्ट्री चलाने वाले अब्दुल अजीम और उनके चारों बेटे इसी फैक्ट्री पर पूरी तरह तरह से अपना कब्जा करना चाहते हैं। इतना ही नहीं अब्दुल वसीम के परिवार को भगाकर उनके हिस्से की संपत्ति पर भी कब्जा करने की योजना आरोपियों ने बना रखी थी। आरोप है कि अब्दुल अजीम ने अपने बेटों के साथ मिलकर साजिश के तहत अब्दुल वसीम के भाई, भाभी और पत्नी के खिलाफ एक झूठा मुकदमा दर्ज कराया और डरा-धमकाकर उन्हें घर छोड़ने पर मजबूर कर दिया। बीती 13 फरवरी को डिडौली पुलिस की मदद से अब्दुल वसीम अपने परिवार के साथ घर पहुंचे तो वहां उन्हें ताला टूटा हुआ मिला। घर के भीतर पहुंचे तो अलमारी और लॉकर में रखे सोने-चांदी और हीरे के जेवरात के गायब थे। इतना ही नहीं लाइसेंसी रिवाल्वर, संपति के बैनामे व पासपोर्ट और अन्य कीमती सामान भी वहां मौजूद नहीं था। कीमती सामान गायब देख पीड़ित परिवार के पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई। जानकारी करने पर पता चला की भाई अब्दुल अजीम ने ही अपने चारों बेटों के साथ मिलकर सामान गायब किया है। पीड़ित परिवार ने मामले की शिकायत पुलिस से की। उधर, दोनों पक्षों के बीच समझौते के प्रयास शुरू हो गए। सोमवार को पीड़ित मोहम्मद वसीम ने डिडौली कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की

भाजपा नेता के भाई को पुलिस ने जमकर पीटा

पुलिस अधिकारियों से की शिकायत

शाह टाइम्स संवाददाता

हसनपुर। भाजपा नेता के भाई को गाड़ी में डालने के बाद पुलिस कर्मियों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की है। आला अफसरों से मामले की शिकायत कर दी गई है।

हसनपुर सर्किल क्षेत्र में पुलिस बेलगाम हो चुकी है। पुलिस भाजपा नेताओं को तवज्जो नहीं दे रही है। इसका जीता जागता सबूत ग्राम गंगवार में देखने को मिला है। भाजपा के सेक्टर संयोजक अनिल सैनी के भाई राजकुमार सैनी ने गांव गंगवार में टेलरिंग की दुकान करने के साथ ही जन सेवा केंद्र खोल रखा है। सोमवार की रात होली एवं ईद होने के कारण राजकुमार कपड़ों की सिलाई कर रहे थे। राजकुमार का आरोप है कि रहरा थाने में तैनात दरोगा इंद्रजीत सिंह सिपाही प्रेम शंकर और विजेंद्र सिंह के साथ उनकी दुकान पर पहुंच गये। दुकान बंद करने को कहते हुए उन्हें दुकान से नीचे उतार लिया। उसके बाद उनके साथ गाली गलोंच करनी शुरू कर दी। जब राजकुमार ने गाली देने का विरोध किया तो उसे गाड़ी में डाल दिया तथा उसके गालों पर चांटे बरसाने शुरू कर दिये। उसके बाद पुलिस कर्मी उसे ग्राम हाकमपुर में निर्माणधीन पुलिस चौकी के समीप लेकर पहुंच गये तथा उसे नीचे बिठाकर उसकी फिर पिटाई करनी शुरू कर दी। राजकुमार के भाई भाजपा नेता अनिल सैनी ने जब पुलिसकर्मियों को फोन किया तो आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने उनकी भी नहीं सुनी तथा उनके भाई को पीटते रहे। पुलिस कर्मियों के कृत्य की शिकायत आला अफसरों से कर दी गई है।

कबड्डी में मेरठ व आगरा के खिलाड़ी चमके

अमरोहा। विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि।

■ राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

शाह टाइम्स ब्यूरो

अमरोहा। अन्तर राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के आखिरी दिन कबड्डी में मेरठ तथा बालिका वर्ग में आगरा के खिलाड़ियों का दबदबा रहा।

गांव मालीखेड़ा स्थित खेल स्टेडियम में चल रही प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन हो गया। कबड्डी बालक वर्ग में मेरठ के आकाश, अभी, विजय कुमार, शुभम, दीपक, बादल तोमर, शुभम, अभिषेक, गुलफाम ने पहला स्थान हासिल किया। जबकि बालिका वर्ग में आगरा की टीम में कृष्णा, खुशी, चंचल, अवनी पहले स्थान पर रहीं। सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र ने कहा कि आज प्रतिस्पर्धा का दौर है। बच्चों को पढ़ाई के साथ खेलों पर भी ध्यान देना चाहिए। मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री ओमप्रकाश गोला ने कहा कि खेलों से बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभाएं बाहर आती हैं। इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों के विकास में बेहद सहायक हैं। यही खिलाड़ी आगे चलकर राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रौशन करेंगे। पूर्व विधायक तोताराम ने कहा कि खेलों से शारीरिक व मानसिक विकास में मदद मिलती है। खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करना चाहिए। चेयरमैन श्रीमति शशि जैन ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया तथा उनसे आगे भी इसी तरह का प्रदर्शन करने का आह्वान किया। खिलाड़ियों को मेडल, प्रमाण पत्र एवं ट्रैक सूट तथा किट से सम्मानित किया गया।

परीक्षा के दौरान बेहोश हुई छात्रा

शाह टाइम्स संवाददाता

रहरा। परीक्षा देते समय छात्रा अचानक बेहोश हो गयी। जिससे स्कूल में हड़कम्प मच गया। छात्रा को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना क्षेत्र के गांव बांसका खुर्द निवासी फरीद पुत्री इंसाफ आज सुबह ग्रामोदय इंटर कालेज गंगेश्वरी में हाईस्कूल बोर्ड की परीक्षा का पेपर देने गयी थी। आज कक्ष में उसे चक्कर आये तथा वह बेहोश होकर गिर पड़ी। यह देख परीक्षा करा रहे परीक्षा केन्द्र संचालक में हड़कम्प मच गया। बेहोश छात्रा के परिजनों को सूचना दी गयी। जबकि उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

शादी से इंकार पर युवक पहुंचा जेल

एक साल से चल रहा था प्रेम प्रसंग

शाह टाइम्स संवाददाता

रहरा। एक साल से चल रहे प्रेम प्रसंग में बात शादी तक पहुंच गयी। परन्तु अचानक युवक ने विवाह से इंकार कर दिया। युवती ने प्रेमी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है।

घटना आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव चक मढैया की है। यहां की रहने वाली एक युवती का गांव भैंसली निवासी विमल पुत्र किशोर से पिछले एक साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जब इसकी जानकारी दोनों के परिजनों को हुई तो उन्होने समाज में बदनामी के डर से दोनों की सहमति से शादी की बात पक्की कर दी। परन्तु अचानक लड़के ने शादी से इंकार कर दिया। जिससे युवती पक्ष के लोगों को गहरा झटका लगा। उन्होने विमल को समझाने का प्रयास किया परन्तु वह अपनी जिद पर अड़ा हुआ है। युवती ने विमल के खिलाफ आदमपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है। सीओ दीप कुमार पंख का कहना है कि मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा है। आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

खूनी संघर्ष में पांच को भेजा जेल

जमीन के विवाद में गोली मारकर कर दी थी बुजुर्ग की हत्या

शाह टाइम्स ब्यूरो

अमरोहा। जमीनी विवाद में खूनी संघर्ष में गोली लगने से हुई मौत के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

बताते चलें कि बछरायूं थाना क्षेत्र के गांव कुआंखेड़ा में अब्दुल सलाम पुत्र सुखवा का जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। आठ मार्च को वह अपनी जमीन पर निर्माण कार्य करा रहा था तभी दूसरे पक्ष के लोगों ने वहां पहुंचकर मारपीट शुरू कर दी। फायरिंग से गांव में दहशत फैल गयी थी जबकि गोली लगने से सुखवा, अख्तरी व नवाब घायल हो गये। इनमें से सुखवा को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रैफर किया गया था। आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर परिजन शव को सुपुर्द खाक नहीं कर रहे थे परन्तु पुलिस के आश्वासन पर वह माने। मामले में मृतक के बेटे की ओर से नामजद रिपोर्ट दर्ज करायी थी। पुलिस ने आज अनिल पुत्र देवेन्द्र निवासी ग्राम मिलक मोतीखेड़ा थाना मंडी धनौरा, दीपांशु पुत्र योगेन्द्र निवासी ग्राम हैबतपुर गोसाई गजरौला, लोकेश पुत्र पुखराज निवासी पेलीतगा थाना मंडी धनौरा, दीपक पुत्र अतवीर निवासी ग्राम रतनपुर थाना नौगांवा सादात, अतुल चौधरी पुत्र चमन सिंह निवासी ग्राम बसेड़ा थाना मंडी धनौरा को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

एक नजर

डा. मुनीस आदिल बने रेडियोलोजिस्ट

शाह टाइम्स संवाददाता जोया। डा. मुनीस आदिल ने एमडी रेडियोलोजी की परीक्ष उत्तीर्ण की है। जल्द ही वह अमरोहा में अपनी सेवाएं शुरू करेंगे। बताते चलें कि समाजसेवी एवं ठेकेदार अबुल कलाम के बेटे मुनीस आदिल ने अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से एमबीबीएस किया था। वह दो साल मालद्वीप में बाल रोग विशेषज्ञ के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। डा. मुनीस आदिल ने अब एमडी रेडियोलोजी की परीक्षा उत्तीर्ण की है। उन्हें अल्ट्रासाउंड, एमआरआई, सिटी स्कैन व एक्सरे की डिग्री मिली है। डा. मुनीस आदिल की शादी पूर्व मंत्री हाजी अकबर की बेटी से खुशनाज अकबर से हुई है जो खुद भी एमबीबीएस डाक्टर हैं तथा जोया ब्लाक के पतेई खालसा पीएचसी पर तैनात हैं। मंगलवार को जैसे ही डा. मुनीस आदिल के एमडी रेडियोलोजी की परीक्षा उत्तीर्ण करने की खबर मिली तो कस्बे में खुशी की लहर दौड़ गयी।

गाली के विरोध पर भाई व भाभी को पीटा

शाह टाइम्स संवाददाता बछरायूं। थाना क्षेत्र के गांव मुंडाखेड़ा खादर में गाली गलौज का विरोध करने पर युवक से मारपीट हो गई, इतना ही नहीं ग्रामीण के भाई और भाभी को भी पीट कर घायल कर दिया गया। गांव निवासी जीशान पुत्र छोटे का आरोप है कि रविवार की शाम वह अपने घर के बाहर था वहां पर नसीमुद्दीन व उनके लड़के वसीम, समीर और इमरान आ गए और गाली गलौज करने लगे गाली देने से मना किया तो आरोपियों ने जिशान उसके भाई और भाभी के साथ भी मारपीट कर दी मारपीट में तीनों चोटिल हो गई। शोर सुनकर आसपास के लोग आ गए जिन्हें देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

युवक को पीटकर किया घायल

शाह टाइम्स संवाददाता बछरायूं। मोहल्ले में ही एक दुकान पर बैठे युवक के साथ मारपीट हो गई मारपीट में घायल युवक ने पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करायी हैं। कस्बे के मोहल्ला पटियापुर निवासी अयान पुत्र उमरदराज का आरोप है कि रविवार की रात करीब 10:00 बजे वह मोहल्ले में ही एक पिंचर की दुकान पर बैठा हुआ था तभी मोहल्ले के ही रहने वाले सुहेल और अरबाज वहां पहुंच गए उन्होंने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी जिसमें वह घायल हो गया, शोर सुनकर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

तू कृपा कर बाबा तेरे दर पे आऊंगा...

खाटू श्याम के भजनों पर झूमे भक्तगण

शाह टाइम्स संवाददाता

मंडी धनौरा। नगर के श्री नवदुर्गा शिव मंदिर टीचर कालोनी मे श्री खाटु श्याम मित्र मंडल मण्डी धनौरा के द्वारा कदम कदम पर रक्षा करने वाले लखदातार की कृपा से फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की रंग भरनी एकादशी पर कलकत्ता से आये फूलों का श्रंगार कर खाटू वाले श्याम सरकार की 281वीं पवित्र ज्योति प्रज्वलित कर श्याम के भजनों का अखाड़ा लगाया गया। जिसमे भजन गायक दीपक शर्मा ने तू कृपा कर बाबा तेरे दर पे आऊँगा में ष्भजन गायक अर्पित कौशिक ने आलू सिंह जी जहां होंगे मेरे श्याम वहां होंगे भजन गायक कृष वर्मा ने श्याम बाबा श्याम बाबा दया करो इस दस पे ष्भजन शौर्य मित्तल नेआना होगा रे हर बार मेरा विशवास नही टूटेष भजन गायक,देव शर्मा ने श्याम तेरे भक्तों को तेरा ही सहारा है,गोलू सांवरिया ने भक्तों ने मिलझुल कर कीर्तन कराया है बस कमी आपकी आ जाइये और बाबा श्याम के जयकारों से मन्दिर प्रांगण गूंज उठा। आरती से पूर्व सभी भक्तों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं मंडल के निज सेवादार दीपक शर्मा ने मोरछड़ी का झाड़ा लगा बताया।द्वादशी पर हारे के सहारे श्याम सरकार को खीर,चूर में, का भोग लगा कर प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर ,सर्वेश शर्मा , सोनिया अग्रवाल मनोज,सुमन,रिया अग्रवाल, सचिन, नीरज रस्तौगी, सौरभ शर्मा, ज्योति, विनीत राठी, विशाल, हर्ष ,पूनम शर्मा, राखी, नमन, मनोज सैनी, अंकुर सैनी, नूतन अग्रवाल,राजेश सैनी,जगराम,मोनी शर्मा,सहित आदि भक्तगण मौजूद रहे

'मेरा गांव मेरा विद्यालय' का शानदार आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता,

गजरौला। गंगाधाम तिगरी स्थित पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय में 'मेरा गांव मेरा विद्यालय' कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास के साथ हुआ। अभिभावकों ने मनोरंजन खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का

■ अभिभावकों ने लिया खेल.कूद प्रतियोगिताओं में हिस्सा

शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। उसके बाद अभिभावकों और बच्चों की म्यूजिकल चेयर, स्पून रेस आदि विभिन्न मनोरंजक खेल प्रतियोगिताएं करायी गयीं। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले अभिभावकों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर सभी अभिभावकों ने अपने बच्चों के साथ सेल्फी स्टैंड में अपनी सेल्फी भी खिंचवाई और हस्ताक्षर अभियान में भी हिस्सा लिया और अपने-अपने हस्ताक्षर बैनर पर किये। प्रधानाध्यापक डॉ. जोगिन्द्र सिंह ने सभी अभिभावकों को स्वच्छता का संदेश भी दिया। उन्हें गीला और सूखा कचरा अलग-अलग हरे और नीले डस्टबिन में डालने के लिए बताया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्ष रेनू यादव, सहायक अध्यापक शीला देवी, मो. निका कालियर, चित्रा शर्मा, ज्योति चौधरी, उर्वशी, अर्चना त्यागी, पुष्पा यादव, लक्ष्मी रानी आदि मौजूद रहे।

एंटी करप्शन टीम की कार्रवाई को लेकर विद्युत अधिकारियों में रोष

शाह टाइम्स ब्यूरो,

अमरोहा। विद्युत विभाग के सभी अधिशासी अभियंता, उपखण्ड अधिकारी, अवर अभियंता व तकनीशियन ग्रेड-टू अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय कलेक्ट्रेट अमरोहा पर एकत्रित हुए। सभी ने एक स्वर में अवर अभियंता रत्नेश कुमार को एंटी करप्शन टीम मुरादाबाद द्वारा गलत व मनगढ़ंत तरीके से गिरफ्तार कर फर्जी एफआईर दर्ज कर जेल भेजने का आरोप लगाया। आपस में विचार विमर्श करने के बाद सभी लोग डीएम निधि गुप्ता वत्स से मिले और पुरजोर तरीके से बात रखते हुए

■ डीएम से मिलकर निष्पक्ष जांच के लिये सौंपा ज्ञापन

रत्नेश कुमार की अवैध रूप से गिरफ्तारी का विरोध दर्ज कराया गया। डीएम द्वारा सकारात्मक जवाब देते हुए उपरोक्त प्रकरण की अपने स्तर से निष्पक्ष जाँच कराने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान इं०निखिल वर्मा, इं०राहुल निगम, इं० जीडीप्रजापति, इं०अशोक मौर्या, इं०अमित त्यागी, इं०राज.कुमार मिश्रा,इं०राजेन्द्र प्रसाद, इं० चंद्रेश विश्वकर्मा, इं०कार्तिक कमल, इं०सुरेश कुमार वर्मा, इं० यशवंत कुमार गौड़, इं०नवीन

कुमार,इं०श्रवण कुमार, इं०संतोष मौर्या, इं०रंजीत शर्मा, इं०उदयराज, इं० नीरज कुमार, इं०अजय कुमार, इं०जुबैर अहमद, इं०मनोज कुमार, इं० सुदीप शर्मा, इं० ब्रजनाथ आदि समेत सैकड़ों कर्मचारी मौजूद रहे।

सुरक्षा के मापदंडों से कम होती है हादसों की संभावना

शाह टाइम्स संवाददाता,

गजरौला। 'सुरक्षा के मापदंडों पर यदि खरा उतरा जाए तो न केवल हादसों की आशंका नहीं रहती बल्कि जीवन भी सुरक्षित रहता है। यही वजह है कि जुबिलेंट का पूरा फोकस सुरक्षा पर रहता है।' यह उद्‌गार जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड में यूनिट हेड विनोद झा ने एक कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने कंपनी में सुरक्षा मानकों का पूरी तरह अनुपालन करने वाले और अपने सुझाव देने वाले कर्मियों को उपहार देकर सम्मानित किया। इस दौरान सभी को सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गई। मंगलवार को जुबिलेंट में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का समापन हुआ। कार्यक्रम में सप्ताह भर आयोजित होने वाली सुरक्षा संबंधित विभिन्न गतिविधियों, क्विज, स्लोगन, पोस्टर आदि प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले कंपनी के कर्मियों को पुरुस्कृत किया गया। सेफ्टी हेड रबिंद्र झा ने बताया कि उनका विभाग सुरक्षा के मानकों का शतप्रतिशत अनुपालन करता है। निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित ने कहा कि सावधानी हटी दुर्घटना घटी, यह सिर्फ एक स्लोगन ही नहीं है, बल्कि इसका हम सभी को अपने जीवन में पालन भी करना चाहिए। इस मौके पर एचआर हेड मनोज शर्मा, सुरक्षा अधिकारी सतेंद्र कुमार चौधरी, विनय शुक्ला, सतेंद्र चौहान, मोहित अग्रवाल, मनीश मदीठिया, सुनील, एके सिंह, सतेंद्र सिंह, एएन राय आदि मौजूद रहे।

दरोगा की हत्या की कोशिश में पांच साल की कैद

कार से कुचलने का किया था प्रयास

शाह टाइम्स ब्यूरो

अमरोहा। कार से कुचलकर दरोगा की हत्या का प्रयास करने से जुड़े मामले में अदालत ने दोषी को 5 साल 4 महीने जेल की सजा सुनाई। साथ ही 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। दोषी जमानत पर था।

18 सितंबर 2018 की घटना हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव कालाखेड़ा की थी। वारदात वाले दिन रात में हसनपुर कोतवाली में तैनात तत्कालीन दरोगा आरसी वर्मा, कांस्टेबल संजीव कुमार, कृष्ण अवतार के साथ हसनपुर-उझारी मार्ग स्थित कालाखेड़ा में बैरियर लगाकर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे।उसी दौरान संभल की तरफ से आ रही एक कार को पुलिसकर्मियों ने रूकने का इशारा किया तो उसके चालक ने जान से मारने की नीयत से दरोगा आरसी वर्मा को कुचल दिया था। उनके सिर और हाथ-पैर में काफी चोट आई थीं। मामले में। कार नंबर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया था। बाद में पुलिस ने हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव कालका वाली डगरौली के रहने वाले राजू को गिरफ्तार कर उसका चालान किया था। फिलहाल, वह जमानत पर था। मुकदमे की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट द्वितीय अरविंद कुमार शुक्ला की अदालत में चल रही थी। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता नितिन बंसल ने की। सोमवार को अदालत में मुकदमे की आखिरी सुनवाई हुई। जुर्म स्वीकार करने वाले राजू को दोषी करार दिया। 5 साल 4 महीने जेल की सजा सुनाई तथा 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

डीजे ने डीएम-एसपी संग किया जेल का निरीक्षण

कैदियों से सुनी समस्याएं

शाह टाइम्स ब्यूरो

अमरोहा। मंगलवार को जिला जज जफीर अहमद ने डीएम निधि गुप्ता वत्स व एसपी अमित कुमार आनंद के साथ बिजनौर जेल का आकस्मिक निरीक्षण किया। बैरक, मेस व जेल परिसर की सफाई का जायजा लेते हुए बंदियों से बातचीत कर समस्याएं सुनीं। जेल कर्मियों को जरूरी दिशा निर्देश भी दिए। न्यायिक, पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने जिला कारागार की महिला व पुरुष बंदियों के अस्पताल व बैरकों को सघनता से चेक किया। मेस में भोजन की गुणवत्ता को परख जेल परिसर में सफाई रखने को निर्देशित किया। बीमार कैदियों के उपचार के लिए परिसर में बने अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने की बात कही। इसके साथ ही बंदियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानी व निदान के लिए संबंधित को निर्देशित किया। मुलाकात करने के लिए जाने-आने वाले लोगों को कोई समस्या ना हो और कैदियों की सुरक्षा चाक-चौबंद रखने को लेकर भी निर्देश जिला जज ने दिया। बंदियों को उनके अधिकारों के बारे में भी बताया। कैदियों के आपराधिक रिकार्ड, सजा व जमानत की स्थिति की जानकारी भी की गई।

जनम-जनम का साथ, मेरे श्याम प्यारे

शाह टाइम्स संवाददाता

हसनपुर। खाटू श्याम बाबा के मंदिर में फागुन माह की रंग एकादशी के अवसर पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या में बाहर से आये कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किये गये भजनों पर श्रद्धालु झूमने पर मजबूर हो गये। भजन संध्या के अंत में बाबा के दरबार में जमकर होली खेली गई।

नगर में खाटू श्याम बाबा के प्रति भक्तों की आस्था का असर एक रात मेरे श्याम के साथ भजन संध्या में देखने को मिला। श्री श्याम मित्र मंडल हसनपुर के तत्वाधान में नगर के श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर स्थित खाटू श्याम बाबा के मंदिर के प्रांगण में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया।जिसमें सैकड़ो श्रद्धालुओं ने भाग लेकर बाबा की भक्ति के रंग में झूमते दिखाई दिये। बाहर से आई भजन गायिका नेहा कश्यप एवं दीपिका कश्यप के द्वारा देना हो तो दीजिये जनम-जनम का साथ, मेरे श्याम प्यारे, रिंग्स के मोड पर लेने आजा बाबा आदि भजनों की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। मुरादाबाद से आये गायक देव मुरादाबाद ने मुझे खाटू बुला लीजिए, सुनो श्याम प्यारे हैं तेरे हवाले और हारा हूं बाबा तुम पर भरोसा है जैसे कई लोकप्रिय भजन प्रस्तुत किये। भजन संध्या के अंत में बाबा के दरबार में जमकर गुलाल खेला गया। कीर्तन के दौरान संदीप अग्रवाल, अशोक रस्तोगी,मुकेश गोयल,आशु चौहान,मोहित चौहान, शैकी अग्रवाल, हनी अग्रवाल, प्रवीण प्रजापति, पराग अग्रवाल, अवनीश अग्रवाल, हिरदेश अग्रवाल,वृंदा अग्रवाल,काजल चौहान,प्रियांशी अग्रवाल, निधि अग्रवाल, निर्मित अग्रवाल, हितांशी अग्रवाल, सतवीर गिरी, देवेंद्र शर्मा, महेश शर्मा, संजीव शर्मा,पप्पू शर्मा, राहुल अग्रवाल, आरती शर्मा आदि भक्त मौजूद रहे।

एक नजर

गाली गलौज के विरोध पर युवक को पीटा

शाह टाइम्स संवाददाता बछरायूं। थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर पट्टी में युवक को गाली गलौज का विरोध करना भारी पड़ गया। गाली गलौज का विरोध करने पर युवक के साथ मारपीट हो गई, लोगों की भीड़ जमा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। गांव मोहम्मदपुर पट्टी निवासी ग्रामीण सुरेंद्र का आरोप है कि गांव के ही रहने वाले शानू और राजू उसके साथ गाली गलौज कर रहे थे गाली गलौज का विरोध करने पर उन्होंने मारपीट शुरू कर दी, शोर होने पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार ने बताया कि टिहरी के आधार पर शानू पुत्र गुड्डू व राजू पुत्र छतर सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है।

क्लीनिक के बाहर खड़ी बाइक चोरी

हसनपुर। नगर के इंदिरा चौक स्थित डॉक्टर अनवार दांतों के चिकित्सक है। मंगलवार की सुबह चिकित्सा अपनी बाइक को खड़ी कर शटर उठाकर क्लीनिक के भीतर चले गये। कुछ देर के बाद जब वह बाहर आये तथा बाइक को वहां से गायब देखा तो उनके पैरों के नीचे की जमीन खिसक गई। चोर उनकी बाइक को चोरी कर चुके थे। अज्ञात चोरों के खिलाफ चिकित्सक ने पुलिस को तहरीर दे दी।

वृंदावन में उड़े रे गुलाल कह दो राधा रानी से

शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा। प्रदीप भटनागर के भजन लाल-लाल उड़े रे गुलाल, बाली जी तेरी मंदिर में ने सभी को झूमने को मजबूर कर दिया। गिरिराज जी सेवा समिति द्वारा मौहल्ला कोट सराय में आमलकी एकादशी पर हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ जिंदल परिवार ने दीप प्रजवल्लित कर किया। वेद प्रकाश भार्गव के गीत.. तेरा किसने किया रे श्रृंगार सांवरे, लागे न किसी की नजर सांवरे। पंकज वर्मा ने सुनाया मथुरा में उड़े रे गुलाल कह दो राधा रानी से। प्रदीप भटनागर ने हनुमान जी पर सुनाया लाल-लाल उड़े रे गुलाल बालाजी तेरे मंदिर में। रवि रस्तौगी ने सुनाया...कान्हा बरसाने में आ जईयो, बुलाये गई राधा प्यारी। उमेश दीक्षित ने रंग बरसे भीगे चुनर बाली रंग बरसे पर सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। शिवांगी जिंदल ने वृंदावन में उड़ रे गुलाल कह दो राधा रानी से। चेष्टा माहेश्वरी ने सुनाया...वृंदावन में उड़े रहे धूल, धूल माहे प्यारी लागे पर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में संदीप गोयल, अंकित गोयल, नीरज प्रजापति, निधि जिंदल, लक्ष्मी देवी, विवेक कुमार, अनिल माहेश्वरी, विजय ककरानिया, सिम्मी सेठ आदि मौजूद रहे।

तमंचे के साथ तीन गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला। गजरौला पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक बाइक पर सवार तीन युवकों को अवैध तमंचे व कारतूसों सहित गिरफ्तार करके चालान किया। पकड़े गए आरोपियों में अभिषेक पुत्र कुलदीप सिंह निवासी ग्राम अलीपुरा थाना नौगावा सादात, हिमांशु उर्फ सौरभ पुत्र जितेन्द्र सिंह निवासी ग्राम निपनिया थाना रजबपुर व बिट्टू पुत्र अशोक निवासी ग्राम अल्लीपुर थाना नौगावा सादात शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करके चालान किया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक संजीव कुमार व जितेन्द्र कुमार, आरक्षी अंकित कुमार, विजय बालियान व विपिन कुमार सम्मिलित रहे।

फागुन का मेला छूट न जाए चलो श्याम के रंग लगाए

रंगभरी एकादशी पर खाटू श्याम का कीर्तन

शाह टाइम्स संवाददाता

मंडी धनौरा। फागुन का मेला छूट न जाये जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। फागुन एकादशी पर श्यामप्रेमियो ने बाबा श्याम को गुलाल लगाकर बाबा के कीर्तन में जमकर होली खेली। श्री खाटू श्याम संकीर्तन मण्डल द्वारा आमलकी एकादशी पर श्री खाटू श्याम जी के कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

नगर के हरदेव बाजार स्थित श्री सत्य नारायण मंदिर में रंग भरी एकादशी पर बाबा खाटू श्याम के कीर्तन का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम पूर्ण विधि विधान से पूजा अर्चना कर नगरपालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल द्वारा जोत प्रज्वलित की गई। भजनों का सिलसिला शुरू हुआ। भजन प्रवाहक उत्सव अग्रवाल ने गणेश वंदना, गुरु वंदना व सरस्वती वंदना कर कीर्तन का आगाज किया। इसके बाद भजन गायक राघव वर्मा ने हर ग्यारस को श्याम धनी हम आये तुम्हारे दरबार, होली खेल रहे मेरे श्याम , श्याम बाबा का दरबार बड़ा प्यारा लागे, फागुन का नजारा है, हमे तो जो भी दिया श्याम बाबा ने दिया आदि भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। भक्तो ने नारियल से अर्जी लगाकर अपने परिवार की खुशहाली के लिए बाबा श्याम से अर्जी लगाई। समापन पर मोरछड़ी का झाड़ा लगाकर आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर अतुल वर्मा, अमित गर्ग भोले, मनोज अग्रवाल, राजीव मित्तल, देव अग्रवाल, सोनू मित्तल,मोनू मित्तल, प्रतीक अग्रवाल, आँचल कुमार, शिव चरण, काजल गर्ग, राधिका गर्ग, नीतू जैन, सोनिया अग्रवाल, अनिता वर्मा, नीति अग्रवाल आदि मौजूद थे

बगैर अनुमति कट गए रास्ते में खड़े पेड़

तहसीलदार करेंगे जांच

शाह टाइम्स संवाददाता

मंडी धनौरा। तहसील क्षेत्र के गांव कुआंखेड़ा में रास्ते में खड़े पेड़ों को बगैर अनुमति के ही काट लिया गया। मामला जब उप जिलाधिकारी के संज्ञान में आया तो उन्होंने तहसीलदार मूसाराम फारूक को जांच के निर्देश दिए हैं।

एसडीएम चंद्रकांता को सूचना मिली कि गांव कुआखेड़ा में गाटा संख्या 168 पर रास्ते मे खड़े पेड़ो को बिना किसी अनुमति के ही काट लिया गया। पेड़ो को बिना अनुमति के काटना गंभीर मामला हैं। मामले की जानकारी मिलते ही एसडीएम ने तहसीलदार मुसाराम थारू को निर्देश दिए हैं कि वह मामले की जांच कर की रास्ते की भूमि पर खड़े पेड़ो को किसके द्वारा और किसकी अनुमति के बाद काटा गया हैं। एसडीएम ने बताया कि रास्ते में खड़े पेड़ों को यदि बगैर अनुमति के काटा गया है तो मामले में जांच रिपोर्ट मिलने के बाद आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी।

परीक्षा से लौट रहे छात्र पर बैल्टों से हमला

पुलिस ने छात्र का मेडिकल कराया

शाह टाइम्स संवाददाता

हसनपुर। सीबीएसई बोर्ड इंटर की परीक्षा देने आये छात्र को बाइक सवार युवकों ने मारपीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया। पुलिस ने घायल छात्र को मेडिकल के लिए भेजा है।

मंगलवार को नगर के एचएसएस पब्लिक स्कूल में कस्बा उझारी के मोहल्ला शाही चौक निवासी कामिल पुत्र इदरीस सीबीएसई बोर्ड इंटर की परीक्षा देने के लिए आया था। परीक्षा देने के बाद छात्र जब स्कूल से बाहर को आया तो बाइक पर सवार युवकों ने उसे रोककर लात घूंसों एवं बेल्टों से बुरी तरह से पीटना शुरू कर दिया। जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक युवकों ने छात्र को मारपीट कर घायल कर दिया। उसके बाद घटना को अंजाम देकर युवक मौके से फरार हो गये। घायल छात्र कोतवाली पहुंचा तथा पुलिस को मामले से अवगत कराया। पुलिस ने घायल छात्र को मेडिकल कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को भेज दिया। पुलिस मामले की जानकारी जुटाने में लग गई है। बताया जा रहा है कि कई दिनों से छात्र को पीटने की युवा फिराक में थे।

पत्रकार के हत्यारों को मिले कड़ी सजा

भाकियू अराजनैतिक ने उठाई मांग

शाह टाइम्स ब्यूरो

नौगांवा सादात। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ किसी किसानों को दिये जाने तथा सीतापुर में पत्रकार की हत्या में शामिल हत्यारों पर कड़ी कार्रवाई किये जाने की मांग की गयी।

तहसील कार्यालय परिसर में भाकियू की पंचायत हुई। जिसमें महीपाल सिंह सैनी ने कहा कि गांव मुनीमपुर में मुख्य रोड की एक साइड में शिव मन्दिर के समीप कच्चे नाले के निर्माण के लिए खुदाई करायी गयी थी परन्तु अभी तक इसका निर्माण नहीं हुआ है। जिससे श्रद्धालु परेशान है। जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनता को नहीं मिल रहा। ग्राम पंचायत नगली शेख में नई ईटों से नाली का निर्माण कराया जाये। पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ सभी किसानों को दिलाया जाये। पात्र लोगों को पक्के मकान दिये जायें। पंचायत में ओमवीर सिंह, सोमपाल सिंह, फूल सिंह, चन्द्रपाल सिंह, धर्मदीप त्यागी, राजेश सैनी, अरविंद यादव आदि मौजूद रहे।

मिलजुल कर मनाएं होली का त्योहार: एसडीएम

शाह टाइम्स संवाददाता

शाहबाद/रामपुर। आगामी त्यौहार होली और जुम्मा की नमाज एक साथ होने की बाबत कोतवाली परिसर में एसडीएम की अध्यक्षता में नगर व क्षेत्र के संभ्रांत के साथ हुई पीस कमेटी की बैठक दिए आवश्यक दिशा निर्देश। मंगलवार को कोतवाली शाहबाद में आगामी त्यौहार होली और जुम्मे की नमाज को लेकर नगर व क्षेत्र के धर्मगुरु व सम्भ्रांतो के साथ एसडीएम शाहबाद हिमांशु उपाध्याय व पुलिस क्षेत्राधिकार हर्षिता सिंह ने संयुक्त रूप से पीस कमेटी की अध्यक्षता करते हुए शांतिपूर्ण व खुशनुमा माहौल में होली का त्योहार मिलजुलकर बनाने की अपील की। इस दौरान सबसे पहले कोतवाल शाहबाद पंकज पंत ने शासनादेशों से अवगत कराते हुए बताया कि कोई भी नई परंपरा नहीं पड़ेगी हो. लिका दहन नियत स्थान पर ही

होगा होली व जुम्मे की नमाज को लेकर लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। उसके बाद पुलिस क्षेत्र अधिकारी शाहबाद हर्षिता सिंह ने कहा कि होली और जुम्मा एक साथ आ रहा है सभी लोग एक दूसरे के सहयोग के साथ होली व जूमें की नमाज अदा करें और किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान ना दें। अंत में उपजिलाधिकारी शाहाबाद हिमांशु उपाध्याय ने शांति व्यवस्था बनाए रखने की लिए कहा नई परंपरा ना डालने की चेतावनी विधि नई परंपरा डालने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी आगे कहा कि हम सबको मिलकर त्योहार मनाना है एक दूसरे के सहयोग से ही शांति के साथ त्योहार मनाए और किसी की भावना को ठेस ना पहुंचाएं।

शहर इमाम मुफ्ती सलमान ने भी मस्जिदों में 2:30 बजे नमाज अदा करने को कहा शहर इमाम ने कहा हम सब लोगों को मिलकर रहना है और होली का रंग 2 बजे तक समाप्त हो जाएगा इसके बाद हम लोग शांति के साथ जुम्मे की नमाज भी अदा कर लेंगे और होली भी हो जाएगी । इस दौरान वरिष्ठ उप निरीक्षक कुलदीप सिंह उप निरीक्षक दिलीप कुमार रमेश चंद्र राहुल कुमार आदेश कुमार सहित नगर व क्षेत्र से व्यापार मंडल से मुकेश चंद्र गुप्ता, गोरे खा, शहवेज खा, राहुल गुप्ता, अनु रावत, मोना अमित चंद्रवंशी राजू गुप्ता मयंक अग्रवाल रिंकू यादव घनश्याम रस्तोगी मौजूद रहे।

राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एसडीम ने की बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

शाहाबाद/रामपुर। मंगलवार को एसडीएम शाहबाद हिमांशु उपाध्याय ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

इस दौरान उन्होंने नगर पंचायत की मतदाता सूची में नए मतदाता जोड़ने व मृतक होने के कारण व विवाह होने के कारण मतदाता सूची से नाम कटवाने व नाम में संशोधन के लिए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की।

इस दौरान एसडीएम शाहबाद हिमांशु उपाध्याय ने कहा कि बूथों पर ज्यादा से ज्यादा वोट बढ़ सके। इसके लिए राजनीतिक पदल के प्रतिनिधि प्रत्येक बूथ पर अपना बीएलए नियुक्त करें और उसका

नाम हमारे कार्यालय में भेज दें।

इस दौरान एडवोकेट विवेक कुमार पांडे, नसीम मलिक एडवोकेट, राम ओतार सिंह यादव एडवोकेट, रेहान खान एडवोकेट, रिजवान खान एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

मस्जिद शहीद सद्दन बाबा में कुरआन मुकम्मल होने का जश्न

शाह टाइम्स ब्यूरो

रामपुर। टेलीफोन एक्सचेंज कॉलोनी स्थित मस्जिद शहीद सद्दन बाबा (र. अ.) में जश्ने तकमील -ए-कुरआन में काफी संख्या में लोगों ने शिरकत की। यहां हाफिज मोहम्मद जमाल ने तरावीह की नमाज के दौरान कुरआन सुनाया, जबकि समाअत के फराइज हाफिज अब्दुल समद ने अंजाम दिए। जश्ने तकमील -ए-कुरआन के मौके पर हाफिज मोहम्मद जुनैद ने पवित्र माह रमजान में ज्यादा से ज्यादा इबादत और मां बाप की खिदमत की नसीहत की। नमाजियों ने हाफिजों की गुलपोशी की। दुआ के बाद मिठाई तकसीम की गई। इस मौके पर मस्जिद के इमाम मोहम्मद शाहजहां, मुतावल्ली दिलावर खां, ग्राम प्रधान संगठन के जिला महासचिव काशिफ खां, कमाल हुसैन, हसनात खां, डॉ मोहम्मद नवेद हुसैन, मशकूर अहमद खां, मोहम्मद अफरोज सैफी, खुशनूद

खां, जीशान रजा खां, नाहिद खां गुड्डू, आसिम, शुएब, फारिश, अता उल्लाह, नुसरत अली खां आदि मौजूद रहे।

स्कूली बच्चों ने की विभिन्न प्रस्तुती पेश

रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन विद्यालय की ओर से बच्चों किया गया सम्मानित

(इकरार हुसैन)

शाह टाइम्स संवाददाता

मिलक/रामपुर। मंगलवार को नगर के गुरु नानक एकेडमी मे वार्षिक परीक्षा फल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा यूकेजी छात्र-छात्राओं की ग्रेजुएशन सेरेमनी तथा कक्षा पीएनसी से कक्षा 11 तक के छात्र-छात्राओं की फेलिसिटेशन सेरेमनी हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चौयरमैन विशेष शर्मा, अध्यक्ष रिजवान खान, एमडी मीनू मिश्रा प्रधानाचार्या दीप शिखा कश्यप तथा मुख्य अतिथि नलिन सिंह अध्यक्ष राष्ट्रीय क्रांति युवा मोर्चा के द्वारा मां शारदे के सामने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं को उनके अच्छे प्रदर्शन एवं कक्षा में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया गया। विद्यालय की प्रबंध समिति के साथ महीपाल सिंह यादव महेश तिवारी, चौ. निर्भय

सिंह, खेमेन्द्र गंगवार, विजय चित्रांशी, कृष्णपाल गंगवार, पुष्पेंद्र चौधरी के द्वारा विद्यालय के छात्र-छात्राओं को शील्ड, मेडल तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।कक्षा पीएनसी से कक्षा 11 तक क्रमश: अरीब खान, आयुष, आन्या, आहिल दर्शित आर्य, आराध्या यादव, जितिन पटेल, दिव्यांश, जसदीप, सिदरा, आसिफा, इफरा बी, तन्मय आर्य, तनिष्का रानी, प्रियांशी यादव, आराध्या, शिवांशु सिंह, प्रियांशी गंगवार, नैंसी यादव, मनप्रीत कौर, वेदांस सक्सेना ने अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्रत्येक कक्षा में टॉप 10 छात्र-छात्रा को भी पुरस्कृत किया गया। विद्यालय द्वारा विभिन्न प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर विद्यालय को

गौरवान्वित करने वाले छात्र-छात्रा सम्राट गंगवार, राधिका गंगवार, मान्या गंगवार, अजान खान को 11 सौ रुपये का चेक प्रदान किया गया। विद्यालय की दो मेधावी छात्राओं जिन्होंने प्रतिवर्ष अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया उन्हें 5100 रुपए का चेक दिया गया जिसमें प्रियांशी गंगवार कक्षा 8, नैंसी यादव कक्षा 9 के विद्यार्थी हैं विद्यालय परिसर में रंगारंग कार्यक्रम भी हुए। विद्यालय इन सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आगे भी छात्र-छात्राओं के अथक प्रयास परिश्रम को इसी तरह से प्रोत्साहित करता रहेगा। कार्यक्रम का संचालन उर्वशी, मान्या सक्सेना द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

भावाधस नें विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

(संजीव सक्सेना)

शाह टाइम्स संवाददाता

टाण्डा/रामपुर। मंगलवार को भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज (भावाधस) ने जिला अध्यक्ष अनिल राज के नेतृत्व में भावाधस कार्यकर्ताओं ने तहसील टाण्डा में धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार टाण्डा को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि ग्राम धौलपुरी बमानिया थाना भगतपुर जिला मुरादाबाद में दो माह पूर्व दलित नाबालिग लड़की घर से कपड़े सिलवाने निकली थी जिसका रास्ते में ही ग्राम के ही चार मुस्लिम युवकों ने उसका अपहरण कर बाहर ले गए तथा बाहर ले जा कर बारी बारी से चारों युवकों ने लड़की से गैंगरेप किया तथा समय-समय पर उसको गौ मांस खिलाया गया उसके हाथ पर लिखें हिन्दू शब्द को तेजाब डालकर

जलाया गया। दो माह इनके चुंगल से भाग कर अपने घर आ कर अपने साथ हुई घटना की आपबीती सुनाई

तहसील पर प्रदर्शन कर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

यह घटना इन्सानियत को शर्मशार करने वाली है इस घटना से दलितों में भय पैदा हो रहा है। सरकार से मांग कि नाबालिग दलित लड़की के बलात्कारियों का मुकदमा फर्स्ट ट्रैक कोर्ट में चलवा कर उनको फांसी दिलाई जाये तथा पीड़िता के परिवार को पच्चास लाख रुपए की आर्थिक सहायता व एक सरकारी नौकरी दिलाई जाये। धरना प्रदर्शन में दीप सिंह राही, नवीन कुमार, प्रदीप राजहंस, गुड्डू वाल्मीकि, रावत वाल्मीकि, राकेश वाल्मीकि, रविन्द्र कठेरिया, सुदेश कुमार, अमन वाल्मीकि, मनोज वाल्मीकि, सोनू, भूरा,राजीव मरदान नितिन आदि मौजूद रहे।

रामपुर में बसपा की विधानसभा कमेटियां हुई घोषित

मुख्य मण्डल प्रभारी की संतुष्टि पर हुई कमेटियां घोषित

शाह टाइम्स ब्यूरो

रामपुर। बहुजन समाज पार्टी जिला स्तरीय बैठक में पूर्व राज्यसभा सांसद बाबू मुनकाद अली मुख्य मंडल प्रभारी मुरादाबाद बरेली एवं कानपुर मंडल जाफर मलिक एवं डॉ. रणविजय सिंह, विजय सिंह मुख्य मंडल प्रभारी मुरादाबाद मंडल, जिला प्रभारी प्रमोद निरंकारी एडवोकेट व राजेश प्रकाश सैनी जिला अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश बौद्ध की संतुष्टि पर जिले की विधानसभा कमेटियों की घोषणा की गई।

स्वार विधानसभा के लिए विधानसभा प्रभारी अनिल कुमार , बख्तावर अली, विधानसभा अध्यक्ष पवन कुमार गौतम एडवोकेट , विधानसभा उपाध्यक्ष तस्लीम अहमद, विधानसभा महासचिव नारायण सिंह सैनी, विधानसभा कोषाध्यक्ष शेट्टी दिवाकर, विधानसभा सचिव सतीश कुमार, विधानसभा संयोजक बीवीएफ रज्जन सिंह, विधानसभा चमरौआ के लिए विधानसभा प्रभारी यूनुस अली व सोनू सागर, विधानसभा अध्यक्ष सैंकी सागर, विधानसभा उपाध्यक्ष इसरार अली एडवोकेट, विधानसभा महासचिव सरदार रणजीत सिंह, विधानसभा कोषाध्यक्ष राजीव कुमार, विधानसभा सचिव अरविंद गौतम , विधानसभा संयोजक बीबीएफ संजीव कुमार बने हैं। विधानसभा बिलासपुर के लिए विधानसभा प्रभारी महेंद्र सिंह सागर व किशोरी लाल सागर, विधानसभा अध्यक्ष सोनू सागर, विधानसभा उपाध्यक्ष बाबू अली, विधानसभा महासचिव सुरेंद्र गंगवार, विधानसभा कोषाध्यक्ष प्रेम प्रकाश आर्य , विधानसभा सचिव सुरेंद्र कुमार, विधानसभा संयोजक बीवीएफ अनुज कुमार, विधानसभा शहर के लिए विधानसभा प्रभारी शाकिर रजा खां व शेर सिंह विधानसभा अध्यक्ष राकेश सागर, विधानसभा उपाध्यक्ष अकबर अली, विधानसभा महासचिव हरद्वारी लाल, विधानसभा कोषाध्यक्ष खूब सिंह भाटी, विधानसभा सचिव कमल कुमार, विधानसभा संयोजक बीवीएफ प्रमोद कुमार, विधानसभा मिलक के लिए विधानसभा प्रभारी नवनीत यदुवंशी व ओमकार सिंह, विधानसभा अध्यक्ष हरनंदन सागर, विधानसभा उपाध्यक्ष नजमी खान , विधानसभा महासचिव परमानंद श्रीवास्तव, विधानसभा कोषाध्यक्ष अमित रामपुरी, विधानसभा सचिव नितिन कुमार, विधानसभा संयोजक बीवीएफ आशीष कुमार बनाए गए।

देवर ने भाभी के साथ की मारपीट भाभी ने चौकी पुलिस को दी तहरीर

शाह टाइम्स संवाददाता

मसवासी/रामपुर। मियां बीवी के झगड़े मे बीच बचाव मे गई भाबी के साथ देवर ने मारपीट कर भाभी ओर उसके बच्चो के साथ मारपीट कर चोटिल कर दिया भाभी ने अपने देवर के खिलाफ चौकी पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जेबुल निशा पत्नी निजामुद्दीन निवासी मझरा मलंगान ने चौकी पुलिस को दी तहरीर मे कहा है कि सोमवार की रात लगभग नो बजे देवर दानिश अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर रहा था। शोर गुल

सुनकर वह बीच बचाव करने चली गई वहां से अपने घर आ गयी जिसके बाद दानिश उसके घर आया ओर उसके साथ मारपीट कर ने लगा। आसपास के लोगो ने दानिश से महिला को बचाया ओर घर से बाहर जाकर ईट पत्थर बरसाने लगा दानिश मंगलवार की सुबह उसके लडको की दुकान पर बन्ना खेड़ा अपने कुछ साथियो के साथ गया ओर उसके बेटे। हसन और शाहरुख भी बुरी तरह मारपीट कर चोटिल कर दिया ओर जानसे मारने की धमकी देने लगा दुकान पर मौजूद कुछ लोगों ने बीच बचाव कर दानिश को दुकान से हटा दिया महिला जयबुल ने अपने देवर दानिश से जान माल का खतरा बताते हुए मारपीट करने की चौकी पुलिस को तहरीर दी है।

युवक के बाइक सवार ने मारी जोरदार टक्कर, रिपोर्ट दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

पटवाई/रामपुर। सोमवार को पटवाई थाना क्षेत्र सुजातगंज के रहने वाले युवक ने पटवाई थाना पहुंचकर तहरीर देते हुए बताया कि प्रार्थी अपने पिता के साथ अपनी सरकारी खाद की दुकान मथुरापुर कला सोसाइटी से 27 फरवरी को शाम करीब पांच बजे नदना से तेरवी की दावत खाने जा रहे थे। तब पेट्रोल पंप के पास नदना मोड़ पर दो बाइक सवार युवक महेश व महावीर ने निवासी ग्राम हरदासपुर थाना पटवाई के रहने वाले युवकों ने तेज रफ्तार गाड़ी से टीकाराम पुत्र शिवदयाल के पीछे से खड़े हुए टक्कर मार दी। जिससे टीकाराम गंभीर रूप से घायल हो गए उनके सिर में खून आने लगा तथा टीकाराम का एक पैर तीन जगह से टूट गया टीकाराम मोके पर बेहोश हो गए वहां के लोगों ने आनन फानन में 108 पर कॉल करें एंबुलेंस की मदद से उनको सरकारी अस्पताल भेजा। रामपुर के सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों ने टीकाराम की गंभीर हालत देखते हुए मुरादाबाद साईं अस्पताल में रेफर कर दिया वहां के डॉक्टरों ने उनकी हालत नाजुक देखते हुए आईसीयू में भर्ती कर दिया है प्रार्थी ने हरदासपुर के रहने वाले महेश व तोताराम के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कार्यवाही शुरू कर दी है।

नरपत नगर के नागरिकों से मिले विधायक

शाह टाइम्स संवाददाता

स्वार/रामपुर। विधायक शफीक अहमद अंसारी के कैम्प कार्यालय पर नरपत ल नगर पंचायत से आये चेयरमैन प्रत्याशी मकसूद हुसैन के नेतृत्व में काफी लोग अपनी अपनी क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर विधायक जी से मिले जिन्हें उन्होंने ने तुरंत संबंधित उनके अधिकारीयों को समस्याओं का समाधान करने का निर्देश दिए और कहा यह मेरे अपने लोग हैं। इन लोगो को कोई भी समस्या नहीं होनी चाहिए. मिलने वालो में मकसूद हुसैन पूर्व चेरमेन प्रत्याशी नरपत नगर शमशाद वकील, लियाकत प्रधान, मुंडिया बाजपुर सुहैल अहमद, दीपक

नागर, विधायक सलाहकार इंतेजार अली, इकबाल प्रधान, अली हसन, अकील मेंबर, जावेद मेवाती आदि लोग मौजूद रहे।

वारंटी को गिरफ्तार कर की कार्यवाही

शाह टाइम्स संवाददाता

सैफनी/रामपुर। पुलिस ने एक नगर वारंटी साजिद पुत्र आसिफ नि. ग्राम मडैयान झाऊ थाना सैफनी जनपद रामपुर सम्बधित मु.अ.सं.-300/20 धारा- 3/25 आर्म्स एक्ट को उसके मस्कन से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गिरफ्तार करने बाली टीम उपनि. रीक्षक ऋषभ पुंडीर,कांस्टेबल 1820 विकास सिंह, कांस्टेबल 1864 राहुल कुमार आदि मौजूद रहे।

खाद्य विभाग की टीम ने सैफनी और पटवाई मे की छापेमारी,भरे नमूने

शाह टाइम्स संवाददाता

पटवाई/रामपुर। मंगलवार को दोपहर के करीब खाद्य विभाग की टीम पटवाई पहुंची टीम की सूचना मिलते ही पटवाई के किराना स्टोर वाले दुकानदार अपने-अपने शटर गिरा कर भाग गए जैसे ही टीम शाहबाद रोड पर पहुंची तो थाने के आगे खुशी मार्केट में रजा किराना स्टोर पर पहुंची खाद विभाग की टीम ने होली पर्व के अवसर पर पटवाई के रजा जनरल स्टोर से काजू का एक नमुना लिया गया है टीम ने नमूना लेकर सील मोहर करके जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया गया है जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत मिलावट की प्रगति के अनुरूप से सुसंगत धाराओं में बाद योजित किए जाएंगे टीम में मुख्य खाद सुरक्षा अधिकारी वीरेंद्र सिंह कुशवाहा, खाद सुरक्षा अधिकारी रामचंद्र यादव, अशोक कुमार, राहुल शुक्ला, अजरा,वी मो आदि उपस्थित रहे।

खरसोल में सहायक आयुक्त (खाद) अभिहित अधिकारी ने एक दुकान पर काजू का लिया नमूना

शाह टाइम्स संवाददाता

सैफनी/रामपुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खरसोल में खाद्य एवं पेय पदार्थों में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम हेतु मंगलवार को सहायक आयुक्त(खाद)अभिहित अधिकारी रामपुर के द्वारा विशेष अभियान चलाया गया जिसमें खघ्रसौल निवासी सतपाल पुत्र रामकिशोर की दुकान से काजू का एक नमूना लेकर उन्होंने बताया कि जांचकर कार्यवाही की जाएगी।

ग्राम स्वच्छता समिति के तहत ग्रामीणों को जागरूक करेंगी आशाएं

शाह टाइम्स संवाददाता

बहेड़ी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रिछा पर ग्राम स्वाथ्य स्वच्छता समिति के अंतर्गत चल रही आशाओं की चार दिवसीय ट्रेनिंग कैंप का सोमवार को समापन हो गया। प्रशिक्षण के दौरान आशाओं को बताया गया कि उन्हें ग्राम प्रधान के साथ मिलकर गांव की स्वच्छता समिति पर विशेष ध्यान देना है। गांव के लोगों को उन्हें जागरूक करना है कि वह गांव में गंदगी न फैलाएं, नालियों में गंदा पानी जमा न होने दें। गांव में मीटिंग कर गांव के लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। जिले से आई स्वास्थ्य विभाग की ट्रेनर निशा ने बताया कि आशाओं को आंगनबाड़ी के साथ मिलकर घर-घर सर्वे करना है जिसमें गर्भवती महिलाओं की सर्वे करना, छोटे बच्चों का वजन तौलना, तथा उनके ग्रोथ का आकलन करना आदि शामिल है। आशाओं को बताया गया कि इस काम के लिए उन्हें सरकार द्वारा मशीन उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि वह सरकार द्वारा चलाई जाए, योजनाओं को धरातल पर उतार सके। सरकार की योजना में आशाओं की अब बहुत महत्वपूर्ण भूमिका हो गई है।

प्रशिक्षण के समापन के दौरान आशाओं की परीक्षाओं करा कर आकलन किया गया। नवागत सीएचसी प्रभारी शशांक रतन यादव ने बताया कि अब आशाएं ग्राम स्वाथ्य स्वच्छता समिति अभियान के तहत स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगी, जिसमें ग्राम प्रधान, कोटेदार, गांव के जन प्रतिनिधि एवं समूह की महिलाओं आदि का सहयोग लिया जाएगा।

अज्ञात वाहन ने ऑटो को रौंदा, नर्सिंग छात्रा की मौत, चार घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

फतेहगंज पश्चिमी। राष्ट्रीय राजमार्ग पर औंध गांव के सामने एक अज्ञात वाहन की टक्कर से ऑटो खाई में पलट गया जिसमे सवार नर्सिंग छात्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस के जरिए अस्पताल भेजा और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार ऑटो फतेहगंज पश्चिमी से मीरगंज की ओर सबारी लेकर जा रहा था। ऑटो में पांच यात्री सवार थे। जैसे ही ऑटो औंध कट के पास पहुंचा तो किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने पीछे से ऑटो मे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ऑटो सड़क किनारे खाई में पलट गया और वाहन चालक फरार हो गया। जनपद मुरादाबाद थाना दलपतपुर गांव खरकरा का रहने वाला विशाल पुत्र रामप्रकाश उम्र 20 बर्ष राजश्री मेडिकल कॉलेज से बीएससी नर्सिंग तीसरा सेमेस्टर कर रहा था जिसकी हादसे में मौके पर ही मौत हो गई। जबकि घायल हुए लोगों में बाबूराम पुत्र नोनी राम निवासी कजियापुर थाना मिलक जनपद रामपुर, चंद्रसेन पुत्र ईश्वर प्रसाद निवासी बल्लाकोठा थाना सीबीगंज बरेली, दिवांशु पुत्र होरीलाल निवासी गूराद थाना मीरग.ंज बरेली डोरी लाल पुत्र राम सिंह निवासी सीबीगंज बरेली गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा दिया। ऑटो को क्रेन की मदद से खाई से बाहर निकलवा कर थाने लाकर खड़ा कर दिया।इस हादसे की खबर मिलते ही मृतक छात्र के परिवार में कोहराम मच गया।

डीएम ने किया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण

दवाईयों की उपलब्धता, साफ-सफाई आदि के संबंध में दिए आवश्यक निर्देश

- एनआरसी में एडमिट बच्चों के लिए हाल चाल, उनके परिवारिजनों को पूरा इलाज कराने हेतु किया प्रोत्साहित

शाह टाइम्स ब्यूरो

बरेली। मंगलवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान इमरजेंसी वार्ड, एनआरसी, ओपीडी तथा टीबी वार्डों की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर अस्पताल में आने वाले मरीजों को समस्त अनुमन्य सुविधायें दिए जाने, दवाईयों की उपलब्धता, साफ सफाई एवं मरम्मत आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये गए।

निरीक्षण के दौरान सर्व प्रथम इमरजेंसी फीमेल वार्ड, इमरजेंसी मेल वार्ड फिर एनआरसी वार्ड, टीबी वार्ड का निरीक्षण किया, और वहां पर भर्ती मरीजों से दवा, भोजन की उपलब्धता की जानकारी ली, जिसपर मरीजों द्वारा बताया गया कि अस्पताल में सभी सुविधाएं मिलती हैं, तथा समय-समय पर डॉक्टर भी मरीजों को देखने आते रहते हैं और अच्छी चिकित्सा उपलब्ध करायी जा रही है। जिलाधिकारी ने उक्त के उपरांत जिला अस्पताल में औचक निरीक्षण कर इमरजेंसी वार्ड, एनआरसी, ओपीडी तथा टीबी वार्डों की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर अस्पताल में आने वाले मरीजों को समस्त अनुमन्य सुविधायें दिए जाने, दवाईयों की उपलब्धता, साफ सफाई एवं मरम्मत आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने बच्चों के परिवारी. जनों से कहा कि यहां पर अपने बच्चों को कम से कम 14 दिन तक अवश्य रखें, यहाँ आपके बच्चे को निशुल्क उपचार की सुविधा, भोजन की सुविधा तथा बच्चे को डिस्चार्ज कराने के बाद 700 रुपये आपके खाते में भी भेजे जायेंगे, जिससे आप बच्चों को पौष्टिक आहार दे सकते हैं। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने वहां पर स्थित औषधी वितरण केंद्र को देखा, तथा कतार में लगे लोगों से दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली, जिसपर कतार में लगे लोगों द्वारा बताया गया कि सभी दवाएं मिल जाती हैं।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अस्पताल में दो वेंटीलेटर खराब हैं, जिसपर उन्हे शीघ्र सही कराने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिये। निरिक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विश्राम सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सहित समस्त संबंधित उपस्थित रहे।

एलबीडी लैब से बच्चों में विकसित हो रही है विभिन्न प्रतिभाएं

शाह टाइम्स संवाददाता

देवरनियां। ब्लॉक दमखोदा के कंपोजिट विद्यालय अभयपुर में बच्चों ने चिक्की बनाना, सोलर कार बनाना अपनी विद्यालय की एलबीडी लैव में सीख रहे हैं। इससे बच्चों में रुचि बढ़ रही है।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने बताया कि इस सत्र में नामांकन में भी बढ़ोत्तरी होगी, इससे सीखकर के बच्चे अपने जीवन में अपना कार्य शुरू भी कर सकते हैं। सरकार की यह बहुत अच्छी पहल है। इसका प्रशिक्षण लखनऊ से लेकर आई विद्यालय की मैडम निशु गर्वियल बच्चों को बहुत अच्छे से सिखा रही हैं।

प्रधानाध्यापक ने उनकी सराहना की, समस्त स्टाफ, आयुषी राज भारती, अयोध्या प्रसाद, सुषमा स्वराज, शिखा, सौरभ गंगवार सभी इस कार्य में सहायता कर रहे हैं।

गरीब नवाज फाउंडेशन की ओर से जरूरतमंद लोगों को बांटी गई राशन किट

शाह टाइम्स संवाददाता

बहेड़ी। गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन की ओर से रमजान माह के मुबारक मौके पर जरूरतमंद लोगों को राशन किट वितरित की गई। गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन जो दावते इस्लामी इंडिया का एक वेलफेयर डिवीजन है, ने अपने सामाजिक दायित्वों को निभाते हुए इस साल भी रमजान माह में राशन किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया।

यह कार्यक्रम संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के जीरो हंगर और नो पोवर्टी के तहत लोगों को भूख और गरीबी से राहत दिलाने की दिशा में एक कदम है। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को रमजान के दौरान खाद्य प्रदान करना है, ताकि वह अपनी इबादत और रोजे को बिना किसी चिंता के पूरा कर सकें। प्रत्येक राशन किट में रोजमर्रा की आवश्यक खाद्य वस्तुएं चावल, आटा, दाल, चीनी, चाय पत्ती, खजूर, मसाले और अन्य जरूरी सामान शामिल था।

राशन किट वितरित करने के बाद गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन ने सभी दानदाताओं और सहयोगियों का तहे दिल से शुक्रिया अदा किया। इस अवसर पर इमरान साबरी, इलाका निगरान बिलाल नूरी, ग्रीन लॉन मालिक मोहम्मद शाहबाज, शाहवेज अत्तारी, तौसीफ अत्तारी, मोहम्मद नाजिम अत्तारी, शाहजेब, फैज शेरी, मोहम्मद इमरान, हाफिज आतिफ आदि मौजूद रहे।

एक नजर

प्रभारी निरीक्षक संजय तोमर को कप्तान अनुराग आर्य ने किया सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

बहेड़ी। प्रभारी निरीक्षक संजय तोमर को उनकी बेहतर कार्यशैली के लिये कप्तान अनुराग आर्य ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्रभारी निरीक्षक क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। त्यौहारों पर नगर में शांति व्यवस्था बनाये रखने में हर तरह से अपना योगदान दे रहे हैं। इसी के चलते उन्हें कप्तान के हाथों सम्मानित किया गया है।

तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर, युवक घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

फतेहगंज पश्चिमी। थाना क्षेत्र के ग्राम चिटौली मे तेज रफ्तार कार ने मंदिर पर बैठे युवक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे युवक गाड़ी के नीचे दब गया और सिर मे गहरी चोट लगी है। गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मंगलवार की सुबह करीब 10 बजे फतेहगंज पश्चिमी से चिटौली आ रही थी। जैसी उनकी कर मंदिर से 50 मीटर की दूरी पर मोड़ते समय अनियंत्रित होकर मंदिर पर बैठे चिटौली गांव के ही राजपाल कश्यप पुत्र वेदराम से जा टकराई और युवक गाड़ी के नीचे दब गया। जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई है। ग्रामीणों की मदद से युवक को निकाला गया। ग्रामीणों ने कार में बैठे एक युवक को पकड़ लिया और दो युवक फरार हो गए। घायल को निजी अस्पताल भेजा है। लोगों ने 112 पुलिस को सूचना देकर बुलाया। पुलिस ने युवक व कार को कब्जे मे लेकर थाने ले गई। पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी हुई है।

सत्रह मार्च से 131 क्रय केंद्रों पर शुरू होगी गेहूं खरीद

- गेहूं खरीद तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक हुई सम्पन्न
- किसानों के साथ क्रय केन्द्रों पर अच्छा व्यवहार करें केन्द्र प्रभारी: जिलाधिकारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

बरेली। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में गेहूं खरीद की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक विकास भवन स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में जिला खाद्य विपणन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि शासन के निर्देशों के क्रम में गेहूँ खरीद 17 मार्च से प्रारम्भ होगी, जिस हेतु 131 गेहूं क्रय केन्द्रों का अनुमोदन किया जा चुका है, जिसमें खाद्य विभाग के 30, पीसीएफ के 36, यूपीएसएस के 32, पीसीयू के 17, नैफेड के 04, मण्डी परिषद के 01 एवं भाखानि के 11 क्रय केन्द्र हैं। जनपद में किसानों का पंजीकरण प्रारम्भ है तथा अभी तक 9902 किसानों का पंजीकरण कराया जा चुका है। खरीद हेतु आवश्यक उपकरणों की पर्याप्त उपलब्धता है, जिन्हें क्रय केन्द्रों को वितरित किया जा चुका है। जनपद में 2376 गांठ बोरे उपलब्ध हैं, इस वर्ष समर्थन मूल्य 2425 रुपये निर्धारित है जो गत वर्ष से 150 रुपये अधिक है। गत वर्ष अभी तक 4238 पंजीकरण हुए थे, जबकि इस वर्ष 9902 पंजीकरण हो चुके हैं। बैठक में जिलाधिकारी ने जानकारी ली कि केंद्र के स्थान पर मार्केट में गेहूं जाने के क्या कारण है, जिसपर ज्ञात हुआ कि कहीं न कहीं केंद्र प्रभारियों का व्यवहार सही नहीं है, पंजीकरण में भी समस्या है और भुगतान में भी यदा-कदा समस्या आती है, जिसपर निर्देश दिए गए कि केन्द्र प्रभारियों की बैठक कर उन्हें व्यवहार में सुधार करने हेतु निर्देशित करें अन्यथा की स्थिति में कठोर कार्यवाही की जाएगी यह भी उन्हें बताएं। इसके साथ ही समस्त खरीद एजेंसियों को एक सप्ताह में किसानों का पंजीकरण बढ़ाने व अप्रैल के पहले सप्ताह तक 50 मिट्रिक टन की खरीद प्रत्येक केंद्र पर सुनिश्चित कराए जाने के भी निर्देश दिए गए।

बैठक में विगत वर्ष के किसानों के लंबित भुगतान के कारणों की भी चर्चा की गयी, खरीद एजेंसियों द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त किसानों का बैंक खाता इनवैलिड बताता है, जिस कारण भुगतान नहीं हो पाया है। जिसपर निर्देश दिए गए कि ऐसे किसानों का दूसरा खाता खुलवा कर नये अकाउंट को सिस्टम पर अपडेट करते हुए भुगतान कराया जाए।

इसके साथ ही इस वर्ष जो 6 केन्द्र हटाए गए उसके कारणों पर भी ध्यान देने के निर्देश दिए गए, जिससे किसानों को असुविधा न हो। बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, जिला खाद्य विपणन अधिकारी कमलेश पांडेय, जिला कृषि अधिकारी, एआर कोऑपरेटिव सहित समस्त सम्बंधित अधिकारी व निरीक्षकगण उपस्थित रहे।

कोतवाली के पुलिसकर्मियों का हुआ मेडिकल चेकअप

शाह टाइम्स संवाददाता

बहेड़ी। कोतवाली देवरनियां के पुलिस कर्मियों का कप्तान के आदेश पर मेडिकल चेकअप हुआ। जिसमें लगभग सभी पुलिस कर्मी डायविटीज, वीपी ब्लड प्रेशर की बीमारी से ग्रस्त पाए गए। कुछ की रिपोर्ट जांच को लैब भेजी गई है। जिसमें एसआई मनोज कुमार, एसआई ब्रजपाल सिंह, एसआई अनिल कुमार, विजय तेवतिया की जाँच सही पाई गई। कप्तान के आदेश पर कोतवाली के पुलिस कर्मियों का बीपी, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, आई सेड, ऑक्सीजन लेवल, वजन आदि की जांच हुई।

इंस्पेक्टर दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि कप्तान के आदेश पर सभी पुलिस कर्मियों की जांच की गई है। जिले से आए डॉक्टर जुबेर व डॉक्टर वेग ने सभी पुलिस कर्मियों की जांच की।

मौलाना शहाबुद्दीन ने बलिया विधायक केतकी सिंह के बयान को बताया बेतुका

शाह टाइम्स संवाददाता

बरेली। बलिया की विधायक केतकी सिंह ने बयान देते हुए कहा था कि मुसलमानों के लिए मेडिकल कॉलेज में अलग वार्ड बनाना चाहिए। इस बयान पर ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जिला बलिया की विधायक केतकी सिंह का बयान घोर निंदनीय है, इस देश में चंद दिनों से नफरत भरे बयान देने की आदत पड़ गई है। उनका ये बयान नसमझी, नादानी और अग्यानता पर आधारित है। हास्पिटल को हिंदू मुस्लिम में बाटा जाएगा तो फिर बेसिक शिक्षा के स्कूल, माध्यमिक शिक्षा के कालेज, और उच्च शिक्षा के विशव विद्यालयों में भी अलग अलग बंटवारा करना पड़ेगा। और ये सिलसिला इतना लम्बा होगा, जो न संभलने वाला होगा। मौलाना ने कहा कि बहुत सारे मुस्लिम और इसाई देश हैं, जहां पर कोई भेदभाव या तफरीक व इम्तियाज की कोई बात नहीं है, खुद हमारे भारत में भी कोई भी इस तरह की भेदभाव फैलाने वाली बात नहीं है। विधायक जी की बातो से जाहिर होता है कि उनके दिलों दिमाग में मुसलमानों के खिलाफ बहुत नफरत भरी हुई है, जबकि वह सबकी विधायक हैं, किसी एक सम्प्रदाय की नहीं, उनको सदभाव और भाईचारे की बात करनी चाहिए।

जर्नलिस्ट सोसाइटी ने की राघवेंद्र के हत्यारों की गिरफ्तारी के साथ मुआवजे की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

बरेली। फोटो जर्नलिस्ट सोसाइटी ऑफ बरेली ने अध्यक्ष अजय मिश्रा की अगुवाई में सीतापुर में पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की हत्या के मामले में आक्रोशित पत्रकारों ने पीएम मोदी, महामहिम राज्यपाल, मुख्यमंत्री योगी को संबोधित एक ज्ञापन बरेली बरेली डीएम को सौंपकर आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन देते समय फोटो जर्नलिस्ट्स सोसाइटी ऑफ बरेली ने कहा कि सीतापुर के महोली में दैनिक जागरण के 35 वर्षीय पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेई की इसलिए हत्या कर दी गई कि उन्होंने भ्रष्टाचार के विरुद्ध अपनी कलम को उठाया था। पत्रकार राघवेंद्र ने अपना कर्तव्य निभाते हुए धान खरीद व भूमि खरीद में स्टाम्प चोरी की खबर को प्रकाशित किया था, जिसके बाद 10 दिन पूर्व से उन्हें जान से मारने की धमकियां मिल रही थीं। दिन दहाड़े दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर चौथे स्तंभ के रूप में कार्य कर रहे पत्रकार को गोलियां मारी गईं। उनकी सरकार से माँग है कि घटना में शामिल दोषियों की गिरफ्तारी के साथ उनके ऊपर कठोरतम कार्यवाही की जाए। मृतक आश्रितों को दो करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दी जाए। मृतक की पत्नी को योग्यतानुसार सरकारी नौकरी दी जाए। मृतक के पुत्र व पुत्री की शिक्षा नि:शुल्क कराई जाए। ज्ञापन देने वालों में फोटो जर्नलिस्ट्स सोसाइटी के जिला अध्यक्ष अजय मिश्रा, अतुल गुप्ता, भानु प्रताप, अशोक गुप्ता, पुत्तन सक्सेना, अभिषेक कुमार, राहुल सक्सेना, मिक्की, अशोक गुप्ता, राम लखन सिंह, अवधेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

मनोवैज्ञानिक आकलन और परीक्षण प्रशिक्षण सत्र का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

बरेली। महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली के शिक्षा विभाग में पांच दिवसीय मनोवैज्ञानिक आकलन और प्रशिक्षण सत्र का आयोजन बीएड प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए दिनांक 6 से 11 मार्च 2025 तक किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को विभिन्न मनोवैज्ञानिक परीक्षण, रेटिंग स्केल, मनोवैज्ञानिक उपकरण आदि के विषय में सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। परीक्षण सत्र संयोजक डॉ. ज्योति पाण्डेय ने बताया कि विद्यार्थियों को बुद्धि परीक्षण, व्यक्तित्व परीक्षण, रुचि परीक्षण, उपलब्धि परीक्षण, अभिक्षमता परीक्षण के व्यक्तिगत और सामूहिक परीक्षणों के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई कि किस प्रकार इनका प्रयोग करके प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा स्तर पर अध्ययनरत विद्यार्थियों के व्यवहार, व्यक्तित्व, संज्ञानात्मक और बौद्धिक कार्यक्षमताओं का आकलन किया जा सकता है, तथा रोजगार प्राप्ति, शैक्षिक प्लेसमेंट, मनोवैज्ञानिक और शैक्षिक समस्याओं के निदान और उपचार में भी यह परीक्षण सहायक होते हैं। विद्यार्थियों को सही करियर तलाशने में भी इनसे मदद मिलती है और वे जान सकते हैं कि उन्हें भविष्य में करियर में क्या करना है, किस स्ट्रीम और विषय की पढ़ाई करनी है और अपनी मानसिक क्षमताओं के अनुरूप उपयुक्त करियर का चयन कर सकते है।

डॉ. संतोष सिंह, प्रभारी मनोवैज्ञानिक प्रयोगशाला द्वारा वैयक्तिक एवं सामूहिक परीक्षणों का प्रयोग, फलांकन और प्राप्त डाटा का विश्लेषण करना सिखाया गया। प्रशिक्षण सत्र का आयोजन डॉ. ज्योति पाण्डेय तथा डॉ. संतोष कुमार सिंह द्वारा किया गया। प्रशिक्षण सत्र में मनीषा, मोनिका, प्रिया, सजल, शिवम, श्रेय, स्नेहा, अमरजीत, दिव्यांशी, अपूर्वा, अंशु, अमित, दिया, गीता, हर्षिता, दृश्या, कोमल, लता, नैंसी, पल्लवी, पूजा, प्रगति, रजनी, रेनू, सक्षम, सौरभ, शिवानी, मीनू, मुस्कान सहित बीएड के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

इमरजेंसी का ऑडिट करती रही टीम, बाहर इलाज के लिए तड़पती रही वृद्ध

शाह टाइम्स संवाददाता

बहेड़ी। मंगलवार को जिले से आई डॉक्टरों की एक टीम स्वास्थ्य केंद्र में ऑडिट करती रही। अस्पताल की व्यवस्था चेक करती रही। इसी दौरान गांव पचुआ से आई एक वृद्ध महिला इलाज की अभाव में घंटों टुकटुक पर बैठी तड़पती रही। महिला के साथ आए उसके पति ताराचंद व बेटे राम पाल ने बताया कि जब वह पर्चा बनवाने गए तो वहां उन्हें बताया गया कि डॉक्टर लंच पर गए हुए हैं। महिला की हालत कुछ ठीक नहीं थी। जिसे उसके परिजन इमरजेंसी में दिखाने लाए थे। जब इस संबंध में सीएससी प्रभारी शशांक रतन यादव से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि महिला के परिजनों ने किसी भी डॉक्टर को कोई जानकारी नहीं दी थी। जब उन्हें इस संबंध में जानकारी मिली तो उन्होंने डॉक्टर को भेजकर तुरंत मरीज को दिखाया, और उसे तुरंत दवाई भी उपलब्ध कराई गई। महिला का टीवी से संबंधित कहीं बाहर इलाज चला है, जिसकी रिपोर्ट मंगाई गई है। रिपोर्ट देखने के बाद ही आगे आगे इलाज किया जाएगा।

पीएम आवास शहरी एवं पीएम स्वनिधि की प्रगति की समीक्षा बैठक हुई संपन्न

शाह टाइम्स ब्यूरो

बरेली। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में पीएम आवास शहरी एवं पीएम स्वनिधि की प्रगति की समीक्षा बैठक विकास भवन स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में पीओ डूडा/उप जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 का सत्यापन कार्य चल रहा है, जिसपर नगर निकायवार सत्यापन कार्य की प्रगति जानी गयी और कम सत्यापन करने वाले नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। बैठक में नगर आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि आवेदन करने वाले लोगों द्वारा अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं, जिस कारण सत्यापन में देरी हो रही है। जिस पर निर्देश दिए गए कि कंट्रोल रूम से कर्मियों द्वारा फोन करवाकर लोगों से अभिलेख मांगे जाएं।

बैठक में पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत पंजीकृत वेंडरों की डिजिटल लेन-देन में सक्रियता बढ़ाए जाने हेतु अधिशासी अधिकारियों के कार्यालय में बुलाकर प्रशिक्षण दिए जाने के निर्देश दिये गये। बैठक में एलडीएम व समस्त बैंकर्स से मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजनान्तर्गत ऋण स्वीकृति व वितरण की समीक्षा करते हुए कार्य में गति लाने के निर्देश दिये गये। उक्त के अतिरिक्त के समस्त अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि होलिका दहन की रात्रि में गौशालाओं के केयर टेकर अनिवार्य रूप से गौशाला में ही निवास करें, जिससे कोई अप्रिय घटना न हो सके, साथ ही अधिशासी अधिकारी होलिका दहन की रात्रि गौशालाओं का निरीक्षण भी करें। बैठक में नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पूर्णिमा सिंह, प्रभारी पीओ डूडा/उप जिलाधिकारी मल्लिका नैन, एलडीएम, नगर पंचायत/नगर पालिक.ाओं के अधिशासी अधिकारी सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली)
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

सभी कार्य मानकों के अनुरूप किए जाए:जिलाधिकारी

जिलाधिकारी ने की 15वें वित्त आयोग से होने वाले कार्यों के संबंध में की बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में नगर निकायों से संबंधित 15वें वित्त आयोग की बैठक आयोजित की। बैठक में नगर निकायों में मूलभूत सुविधाओं को सुकृढ़ करने हेतु आवश्यक उपकरणों की खरीद के संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी विकास जैन स्थान पर उपकरणों की आवश्यकता है। उन स्थानों पर मानक के अनुरूप उपकरण कर किए जाएं जिससे की जनता को उनका लाभ प्राप्त हो। नगर निकायों ने अपने प्रस्ताव में जेसीबी, ट्रैक्टर ट्राली, ई-रिक्शा, फागिंग मशीन, सड़क नाली के निर्माण स्ट्रीट लाइट प्रकाश व्यवस्था रिबोर आदि के प्रस्ताव रखे जिस पर जिलाधिकारी ने सहमति दी। उन्होंने कहा सभी कार्य मानक के अनुरूप किए जाएं।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपकरणों की खरीद मानकों के अनुरूप की जाए, जिससे जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने नगर निकायों को स्वच्छता, पेयजल, सड़क, जल निकासी एवं अन्य आवश्यक सेवाओं में सुधार के लिए प्रभावी योजनाएं लागू करने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को कार्यों में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि 15वें वित्त आयोग के तहत प्राप्त धनराशि का उचित उपयोग हो सके। जिलाधिकारी ने जल निगम शहरी को निर्देशित किया कि जिन स्थानों पर पाइपलाइन बिछाने का कार्य किया जाता है उन सड़कों को मौके पर तत्काल दुरुस्त कर देना चाहिए जिससे की जनता को उसकी समस्या ना हो जगह-जगह पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़क टूटी हुई होने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और कार्य की गुणवत्ता में सुधार करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व पंकज वर्मा, अधिशासी अधिकारी बागपत कृष्ण कुमार भड़ाना, मनोज रस्तोगी, हरी लाल पटेल समस्त नगर निकाय अध्यक्ष मौजूद रहे।

मारपीट के मामलें में पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। थाना सिंघावली क्षेत्र के गांव हिसावदा में बुग्गी खड़ी करने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर पथराव किया और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इस घटना में कई लोग घायल हो गए।

इस दौरान पुलिस के मौके पर पहुंचने के बाद भी दोनों पक्ष एक-दूसरे पर हमला करते रहे। सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र के इस मामले में पुलिस ने पांच नामजद और 8-10 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में आमिर पुत्र यामीन, आरिश पुत्र तहसीन, आबिद पुत्र साबिर, आशु पुत्र सुंदरपाल और विशाल पुत्र धर्मपाल शामिल हैं। सभी आरोपी हिसावदा गांव के रहने वाले हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में इस्तेमाल किया गया एक सरिया और दो डंडे बरामद किए हैं। एएसपी एनपी सिंह के अनुसार, अन्य फ्फरार आरोपियों की तलाश जारी है और पूरे मामले की जांच की जा रही है।

डीजे संचालकों को अशलील गाना न बजान के निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

बगपत। होलीपर्व के उपलक्ष्य मे मंगलवार को कोतवाली में सीओ सिटी ने डीजे संचालकों के साथ बैठक की। सीओ ने कहा कि डीआईजी के निर्देससनुसार प्रत्येक थाने में डीजे संचालकों का रजिस्टर बनाया गया है। उन्होने कहा कि आगामी होली पर्व बिना अनुमति के डीजे न बजाया जाए। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि होली पर्व पर डीजे पर कोई असलील अथवा आपत्तिजनक गाना न बजाया जाए।

मंगलवार को कोतवाली मे सीओ सिटी हरीस भदौरिया ने डीआईजी के निर्देश पर डीजे संचालकों के साथ बैठक की और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सीओ ने कहा कि होली पर्व पर बिना अनुमति डीजे न बजाये और डीजे तेज आवाज में न बजाया जाए। साथ ही उन्होंने निर्देस दिए कि डीजे पर असलीलव आपत्तिजनक गाना न बजाया जाए और निर्धरित मानकों के अनुसार की डीजे की ध्वनि रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्देशो का अनुपालन न करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। सीओ ने चौकी प्रभारियों व हल्का इंचार्जो को भी स्थिति पर नजर रखने और होली का पर्व सांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के निर्देश दिए।

[redacted]

ऑनर किलिंग के मामले में महिला समेत दो गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। बड़ौत पुलिस ने गांव जौनमाना के प्रेमी युगल हत्याकाण्ड में एक महिला समेत दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। दो आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चूकी है।

बड़ौत कोतवाली प्रभारी के अनुसार गत रविवार को प्रेम प्रसंग के चलते एक व्यक्ति ने अपने परिजनों के साथ मिलकर प्रेमी युगल को रस्सी से गला घोटकर मौत के घाट उतार दिया था। इस मामले में मृतक युवक के पिता राजेसवर ने अपने पुत्र बलराम की घर से बुलाकर हत्या करने का आरोप लगाया था और इस मामले में कोतवली बड़ौत में तहरीर दी थी। पुलिस ने तहरीर के आधर पर मुकदमा दर्ज कर महिला समेत दो और आरोपियों को गिरफतार किया है। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए आरोपियों को जेल भेज दिया है। दो आरोपियों पुष्पेन्द्र व विनीत को पुलिस पहले ही गिरफ्तार जेल भेज चुकी है।

एक नजर

छेड़छाड़ के मामले में दोषी को तीन वर्ष के कारावास की सजा

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। कोर्ट ने महिला के साथ मारपीट व छेड़छाड़ के आरोपी को दोषी करार दिया है। कोर्ट ने दोषी को तीन वर्ष के कारावास व चार हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

एडीजीसी गगन गोड ने घटनाक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2013 में थाना बिनौली के गांव रन्छाड़ निवासी एक व्यक्ति ने कस्बा बागपत में घर में घूसकर एक महिला के साथ छेड़छाड़ की थी और विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की थी। इस संबंध में कोतवाली बागपत पर आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने अरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था और इस मामले में आरोपी के विरूद्ध कोर्ट में चार्ज सिट दखिल की थी। इस मामले की सुनवाई अपर जिला जज एफटीसी प्रथम की कोर्ट चली। दोनो पक्षों की दलील सुनने व पत्रावली का अवलोकन करने के बाद कोर्ट ने आरोपी को दोषी करार दिया ओर उसे तीन वर्ष का कारावास व चार हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई।

एनडीपीएस एक्ट में दोषी को ढ़ाई वर्ष की सजा

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। कोर्ट ने एनडीपीएस एक्ट में दोष सिद्ध हो जाने पर दोषी को ढ़ाई वर्ष का कारावास व दो हजार रूपय अर्थदण्ड की सजा सुनाई। एडीजीसी दिनेस कुमार सर्मा ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि बड़ौत पुलिस ने वर्ष 2016 मे जाहिद पुत्र रसीद निवासी हिलवाड़ी को मादक प्रदार्थ की तस्करी के आरोप मे गिरफ्तार किया था। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध कोर्ट में दखिल की थी। दस मामले की सुनवाई अपर जिला जज एफटीसी द्वितीय की कोर्ट मे चली। कोर्ट ने तथ्यों का अवलोकन करने के बाद दोषी करार दिया और उसे ढाई वर्ष का कारावास व दो हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई।

होली पर्व पर गुफा मंदिर पर लगने वाले मेले को देखते हुए रूट किया डायवर्ट

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। होली पर्व पर आगामी गुरूवार को गुफा मंदिर पर लगने वाले मेले को देखते हुए दिल्ली सहारनपुर हाईवे पर रूट डायवर्ट किया गया है। शामली व मुजफ्फरनगर की तरफ से मेरठ, गाजियाबाद व दिल्ली की तरफ जाने वाले भारी वाहनों को बडौत में सराय रोड से होते हुए पिलाना भटे से ढिकौली, चिरौडी व बंथला होते हुए उनके गंतव्य को भेजा जाएगा। हल्के वाहनों को हाईवे पर लधवाड़ी मोड़ से वनवे किया जाएगा।

टीआई यातायात के अनुसार होली पर्व पर गुरूवार को गुफा मंदिर पर आसपास के गांवो व अन्य राज्यों से बडी संख्या मे श्रद्धालु पूजा अर्चना करने आते हैं और भण्डारे का आयोजन करते हैं। हाईवे पर यातायात व्यवस्था बनाये रखने के लिए रूट डायवर्ट किया गया हैं। बताया गया है कि शामली व मुजफ्फरनगर की तरफ से दिल्ली, मेरठ व गाजियाबाद की तरफ जाने वाले भारी वाहनों को बडौत में सराय रोड से डायर्वट कर सराय रोड से पिलाना भटा होते हुए गांव ढिकौली, चिरौडी व बंथला होते हुए उनके गंतव्य पर भेजा जाएगा। जबकि हल्के वाहनों को लधवाड़ी मोड़ से वनवे कर दिया जाएगा। इसी प्रकार दिल्ली व गाजियाबाद की तरफ से शामली की तरफ जाने वाले भारी वाहनों को मवीकलां में एक्सप्रेसवे से सोनीपत के रास्ते शामली की तरफ निकाला जाएगा। हल्के वाहनों को नैथला मोड़ से वनवे कर दिया जाएगा। टीआई ने बताया कि हरियाणा की तरफ से आने वाले वाहनों को गौरीपुर मोड से वंदना चौक की तरफ से उनके गंतव्य पर भेजा जाएगा। हल्के वाहनों को नैथला मोड से वनवे किया जाएगा।

13,14,15 और 16 का अवकाश घोषित

अनिल शर्मा

बडौत। होली भारत के सबसे लोकप्रिय और जीवंत त्योहारों में से एक है, जो हर साल फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। यह त्योहार बच्चों से लेकर बड़ों तक, सभी के लिए उत्साह और खुशी का मौका लेकर आता है। रंगों, मिठाइयों और मस्ती से भरा यह पर्व न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि हिंदू धर्म में इसका गहरा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व भी है। इस साल 2025 में होली का मुख्य दिन 14 मार्च को पड़ रहा है।

बैक एकाउंट में आए बीस हजार वापस लौटाए

शाह टाइम्स संवाददाता

रटौल। सुनहैड़ा के एक युवक ने गलती से रटौल के एक युवक के एकाउंट मे बीस हजार रूपये डाल दिये जब वह रटौल पहुंचा तो युवक ने उसका पैसा वापस लौटा दिया।

सुनैहड़ा निवासी लोकेंद्र ने बीस हजार रूपये रटौल निवासी मोहम्मदीन उर्फ गुढू के एकाउंट में डाल दिये जब उसे गलती का एहसास हुआ तो वह जानकारी के बाद पहुंचा और उसने अपनी गलती के बारे मे बताया जिस पर मोहम्मदीन के भाई साजिद ने उसे बीस हजार का चौक देकर इमानदारी का परिचय दिया और युवक के पैसा मिलने पर युवक खुश नजर आया रटौल मे यह बात चर्चा का विषय बनी हुई है।

होली पर्व मनाते सयम स्वास्थ्य को लेकर भी रहे सतर्क

शाह टाइम्स संवाददाता

बडौत। मंगलवार को सीएचसी पर कार्यरत चीफ फार्मासिस्ट धर्मेंद्र बैधवान ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्रवासी होली उल्लास के साथ मनाएं लेकिन स्वास्थ्य को लेकर भी सतर्क भी रहे। होली के रंग-बिरंगे पावन पर्व को लेकर चीफ फार्मासिस्ट धर्मेन्द्र बैधवान व फार्मासिस्ट एसोसिएशन मेरठ मंडलीयाध्यक्ष डा.ओमवीर मलिक ने कहा कि होली रंग-बिरंगे हर्ष उल्लास का त्यौहार है इसे हमें आपस में मिलजुल कर खुशी के साथ मनाना है।

इस दौरान कहा कि होली के त्यौहार पर सावधानियां बरतने की भी जरूरत है ताकि हम इस पावन त्यौहार को बिना किसी स्वास्थ्य समस्या के उठा सके। क्षेत्र के सभी लोगों से आहवान किया कि इस त्यौहार पर प्रकृतिक रंगों का उपयोग करें त्वचा और बालों की सुरक्षा भी करें। रंग खेलने से पहले नारियल या सरसों का तेल अवश्य लगाएं ताकि रंग आसानी से उतर जाए और हमारी त्वचा भी सुरक्षित रहे। इन्हीं के साथ फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिला सचिव डा.दिनेश खोखर ने कहा कि होली खेलते वक्त आंखों और कानों की देखभाल भी करें। रंगों का आंखों और कानों में जाने से बचाव करें यदि रंग आंख में चला जाए तो साफ पानी से धोएं और जरूरत पड़े तो डॉक्टर से तुरंत संपर्क करें। मीठे और तले भुने खाद्य पदार्थों का संतुलित सेवन करें अधिक मिठाइयां और तले भुने खाद्य पदार्थ पकवान खाने से पेट की समस्या पैदा हो सकती है। शराब और नशीले पदार्थों से बचें। इसे स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है और दुर्घटनाओं की भी संभावना बढ़ जाती है। डा.दिनेश खोखर ने कहा कि बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें उन्हें हल्के रंगों से खेलने दे और भीड़ बढ़ वाली जगह पर न जाने दे। उनके संक्रमण से बचाव करें यदि किसी को सर्दी जुकाम या कोई अन्य संक्रामक बीमारी हो तो मरीज़ तुरंत आकर सीएचसी में अपना उपचार कराये। सीएचसी में सभी फार्मेसिस्ट क्षेत्र के लोगों की सेवा में तत्पर रहते हैं।

[redacted]

पत्रकार के हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

बड़ौत। उत्तर प्रदेश के सीतापुर जनपद में एक प्रतिष्टित दैनिक अखबार के पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी की हत्या को लेकर ग्रामीण अंचनीय पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नरेश तोमर जिलाध्यक्ष सुनील चौहान, महामंत्री अनिल शर्मा की नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम संबोधित उपजिलाधिकारी बड़ौत को ज्ञापन देकर पत्रकारों ने कार्रवाई की माँग की।

इस दौरान सीतापुर के पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी की हत्या को लेकर ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन ने मंगलवार को 11 बजे उपजिलाधिकारी बड़ौत मनीष यादव से 06 बिंदुओं की माँग की गई, जिसमें मृतक पत्रकार के परिवार को सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। हत्यारो एवं साजिश में शामिल लोगों के विरुद्ध त्वरित कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाय। परिवार को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता तत्काल प्रदान की जाए। परिवार में आश्रित को राजकीय सेवा में लेकर आजीविका सुनिश्चित की जाए। पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर एक उच्चस्तरीय समिति गठित हो जिसमें ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन की भी भागीदारी हो तथा समिति की रिपोर्ट के आधार पर पत्रकार की सुरक्षा व्यवस्था की जाए। मृतक की पत्नी को आजीवन पेंशन दिया जाए तथा अनाथ हुए बच्चों की पढ़ाई लिखाई व शादी विवाह का पूरा खर्च सरकार द्वारा वहन किया जाए। उपरोक्त सभी माँगे तीन दिन के अंदर पूरी न कि गयी तो ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन पूरे देश मे धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होगा जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। इस मौके पर गौरव तोमर, जिला सचिव अनिल शर्मा जागौश, प्रमोद पंवार, संदीप दहिया, अनिल शर्मा जिला महामंत्री, अमित सैनि, बिजेंदर सिंह,,संदीप, सुरेंद्र मलिनिया, अरुण राठी, आरिफ, अजमल खान, चंद्रबल तोमर, आदि बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

टूटी पुलिया के कारण अचानक कार रजवाहे में पलटने से बची, हंगामा

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। मंगलवार को ग्राम चौहल्दा निवासी विकास उर्फ बिट्टू के मुताबिक सूरजपुर महनवा-चौहल्दा-मीतली संपर्क मार्ग से एक कार मेरठ की ओर जा रही थी। जब कार ग्राम चौहल्दा स्थित रजवाहे पर पहुंचे तो टूटी पुलिया के कारण अचानक कार रजवाहे में उतर गई और पलटने से बाल-बाल बची। वहां पर मौजूद ग्रामीणों ने कार युवक को सकुशल बाहर निकाला। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। वहीं युवकों ने अपने मोबाइल से घटना की वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित किया। ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए डीएम अस्मिता लाल से टूटी पुलिया का निर्माण कराए जाने की मांग की है।

जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागपत का किया निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागपत का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अब तक 235 मरीजों को चिकित्सकों द्वारा देखा जा चुका था, जिसमें से 32 मरीजों को एंटी रेबीज टीकाकरण किया गया था। इसके अलावा, 72 मरीजों की रक्त जांच पैथोलॉजी लैब में की जा चुकी थी।

जिलाधिकारी ने अस्पताल की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की अधीक्षक डा.विभास राजपूत की सराहना की। उन्होंने इमरजेंसी वार्ड, एमएनसीयू वार्ड, एनबीएसयू वार्ड, सामान्य ओपीडी, महिला ओपीडी, दंत कक्ष, नेत्र कक्ष, पैथोलॉजी लैब, प्रसव कक्ष और कोल्ड चौन का निरीक्षण किया, जहां सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित पाई गई। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विशेष रूप से नियॉनटल केयर यूनिट (MNCU) की प्रशंसा की और निर्देश दिए कि जच्चा-बच्चा केंद्र को और अधिक सुकृढ़ किया जाए। जिलाधिकारी ने एमएनसीयू में भर्ती कम वजन के दो नवजात बच्चों की माताओं, मुस्कान और तनु, से मुलाकात की और अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने प्रसूति वार्ड में भर्ती जच्चा बुशरा और रेशमा से भी अस्पताल में मिलने वाली चिकित्सा सेवाओं के बारे में फीडबैक लिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को बनाए रखते हुए, मरीजों को सर्वोत्तम सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। जिलाधिकारी ने प्रेरणा कैंटीन का भी निरीक्षण किया जिसे सरस्वती सहायता समूह की महिला संचालित कर रही थी उससे उसकी संबंध में जानकारी ली और कहा कि किसी तरह की कोई समस्या हो तो अवश्य बताएं स्वयं सहायता समूह को मजबूत करना प्रशासन की प्राथमिकताओं में से एक है। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डा. विभाष राजपूत सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे।

सूचना

शादी से पहले मेरा नाम KM. PRATIBA SINGH CHAUHAN था, जबकि शादी के बाद अपना नाम बदलकर PRATIBA RANA पत्नी इशांक राणा रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।
निवासी खोब्बा पट्टी महावतपुर बावली, बागपत।

कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति बड़ौत (बागपत)

पत्रांक-कृ.उ.म.स./सफाई/2025/297 दिनांक-11.03.2025

आवश्यक सूचना

कृषि उत्पादन मण्डी समिति बड़ौत के खाद्यान्न व फल/सब्जी मण्डी परिसर की सफाई हेतु पंजिकृत ठेकेदारों से सीलबन्द निविदाये दिनाक-01.04.2025 समय अपरान्ह 1 बजे तक समिति कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। ठेका दिनांक-01.04.2025 से 31.03.2026 तक के लिये होगा। जिसके आवेदन फार्म रू. 1180-00 (जी.एस.टी के साथ) प्राप्त कर आवदेन फार्म के साथ खाद्यान्न मण्डी रू.30000-00 व फल/सब्जी मण्डी रु. 40000-00 समिति कार्यालय में नगद या आर.टी.जी. एस/ड्राफ्ट जमानत राशि के रूप में जमा किया जायेगा। सफाई ठेके की दर खाद्यान्न मण्डी रू. 24250-00 प्रतिमाह व फल/सब्जी मण्डी रु.33250-00 अधिकतम होगी। सभी प्रकार के कर ठेकेदार को स्वंय वहन करने होंगे। जिलाधिकारी महोदय का चरित्र प्रमाण पत्र, श्रम विभाग का पंजिकरण अनुभव प्रमाण पत्र तथा अन्य प्रमाण पत्र सीलबन्द लिफाफे में रखे जायेगे। निविदाएं दिनांक 01.04.2025 को सांय 3 बजे समिति कार्यालय में उपजिलाधिकारी महोदय के समक्ष खोली आयेगी।

विनोद राणा
प्रभारी सचिव

मनीष कुमार यादव
उपजिलाधिकारी / सभापति

विभिन्न मांगों को लेकर किसानों ने किया धरना प्रदर्शन

शाह टाइम्स ब्यूरो

रामपुर। मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन भानू के कार्यकर्ता व पदाधिकारी अपने तहसीलदार कार्यक्रम के तहत जिला अध्यक्ष मोहम्मद सलीम वारसी के नेतृत्व में बिलासपुर तहसील परिसर पार्क में करते हुए किसने की समस्याओं को लेकर पंचायत की गई किसने की मांगों को लेकर 11 सूत्रीय ज्ञापन प्रधानमंत्री भारत सरकार तैयार कर किसान सरकार व प्रशासन के खिलाफ के नारेबाजी करने लगे। किसानों का कहना था कि जो बादे किए हैं उन पर खरा उतरो अधिकारी किसानों की समस्या का समाधान करें किसानों ने नारे लगाए। हम नहीं डरते घुड़की से खींच लेंगे कुर्सी से बात करोगे बात करेंगे वरना जूता लात करेंगे रिश्वतखोर दलालों की नाक काट लो .... की। जोरदार नारेबाजी की आवाज सुनकर उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह किसानों के बीच पहुंचे किसानों से वार्ता की तब किसान नाराजगी जताते हुए कहा कि अब तक आपको जितने विज्ञापन दिए गए हैं उस पर क्या कार्रवाई की है आप ठंडा बस्ते में ज्ञापन डाल देते हैं कोई कार्रवाई नहीं करते किसनो की समस्या जूं की तू पड़ी है आपके लेखपाल सुनने को तैयार नहीं है। किसान का नाम खतौनी में सही करने के लिए महीने महीने चक्कर काटने पड़ते हैं यह गुंडागर्दी नहीं है तो क्या है आप समस्या का समाधान क्यों नहीं करते क्यों हवा में बात करते हैं तब उप जिलाधिकारी द्वारा आश्वासन दिया गया होली से निपट जाए उसके बाद आपकी हर समस्या हर पहलू पर बैठ कर बात होगी। जो कर्मचारी दोषियों का उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी होली तक का टाइम मांगा तो किसानों ने ज्ञापन सौंप दिया इससे पहले किसानों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मोहम्मद सलीम वारसी ने कहा कि आज हर सरकारी दफ्तर में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। बिना रिश्वत के किसानों के कोई काम नहीं किया जा रहे ब्लॉक में खुलेआम रिश्वतखोरी थानों में खुलेआम रिश्वतखोरी तहसीलों में खुलेआम रिश्वतखोरी पैसा दो फर्जी काम जैसा चाहे करो लो कानून नाम की कोई भी चीज नहीं है। अधिकारी पूरी मनमानी पर उतारू है लगता है अधिकारी ही सरकार हैं अधिकारी ही मलिक जो चाहे करें कोई कुछ नहीं कर सकता लेकिन अधिकारी यह भूल रहे हैं जो खाना वह खाते हैं वह किसान देता है। अगर किसान ने ठान ली सबक सिखाने की तो दिन में तारे नजर आ जाएंगे और वह फसल उगाना बंद कर दे तो अधिकारी नेता सब को सबक भी मिल जाएगा और खाने के लाले ही पड़ जाएंगे कहता हूं कि किसानों को सताना बंद कर दो। इस देश का किसान भुखमरी के कगार पर पहुंच गया है जो देश किस के ऊपर चलता हो उसे देश का किसान भुखमरी की कगार पर हो बड़े शर्म की बात है देश के नेताओं के लिए व देश के प्रधानमंत्री के लिए तथा प्रदेश क मुख्यमंत्री के लिए किसान आयोग का गठन तुरंत किया जाए। एक बार किसान मजदूर का पूर्ण रूप से कर्ज माफ किया जाए। किसानों को 5 लाख का कर्ज बिना ब्याज के दिया जाए। सरकार जब पूंजी पतियों का कर्ज माफ कर सकती है तो अन्नदाता देश को पालने वाला है किसानों को सभी चीजों पर 90 प्रतिशत की सब्सिडी दी जाए पहले एग्रीकल्चर में काम आने वाली सभी चीजों पर जीएसटी हटाई जाए। गन्ना किसानों को 500 रूपये प्रति कुंटल का भुगतान किया जाए चीनी मिलों पर किसानों का करोड़ों रुपए बकाया है मय ब्याज के दिलाया जाए। किसान मजदूर को 60 साला पेंशन 15000 प्रतिमा दिया जाए पूर्व विधायक सांसद राज्यसभा को पेंशन सरकार द्वारा दी जाती है यह पेंशन सरकार अन्नदाता को दे उत्तर प्रदेश में घरेलू बिजली की तरह देश के दूसरे देशों में अधिक है। गरीब किसान मजदूर को अपना घर चलाने में परेशानियां हो रही है बिजली की दरें 75 प्रतिशत काम की जाए सभी प्रदेश जिला स्तरतहसील स्तर अधिकारी व कर्मचारियों को आदेश दिया जाए कि अपने-अपने क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में अपने बच्चों को पढ़ाया जाऐ। जिससे सरकारी स्कूल की काया पलट अच्छी पढ़ाई होने लगेगी एवं गरीब किसान के बच्चे भी पढ़ सकेंगे 15 साल पुराने ट्रैक्टर व सभी वाहनों को बंद न किया जाये क्योंकि ट्रैक्टर खेतों में चलते हैं वाहनों को खरीदते समय पूर्ण रोड टैक्स जमा कर दिया जाता है तो टोल टैक्स को बंद किया जाए। बिजली को प्राइवेट सेक्टर में ना दिया जाए प्राइवेट होने से सरकार को भी नुकसान है तथा किसान मजदूर को भी धरना प्रदर्शन करने वालों में बालक अध्यक्ष सतनाम सिंह, बलवीर सिंह, जीत सिंह, रेखा रानी , अकरम खान, मोहम्मद अहमद, प्रधान श्याम मोहन पांडे, महेंद्र सिंह , फरमान अली, इस्तियाक हसन, आरिफ, नासिर, गुफरान अली , मतलूब हसन, अली मोहम्मद, महेंद्र सागर, होरीलाल, शौकीन शाह, गुरदीप सिंह, दर्शन सिंह, निशांत सिंह, तरसेम सिंह, ओम प्रकाश सिंह, उर्मिला देवी, पूनम, इकराम, रईस अहमद, मोहन स्वरूप, जानकी प्रसाद, मोहनलाल, चंद्रपाल, चंद्रशेखर, राज किशोर आदि शामिल रहे।

रामगंगा नदी में बहा अरुण दूसरे दिन भी नहीं मिला, तलाश जारी

शाह टाइम्स संवाददाता

शाहबाद /रामपुर। बीते सोमवार को शाहबाद के मोहल्ला मंगोली का रहने वाला 19 वर्षीय अरुण नहाते समय गंगा नदी में बह गया थ गोताखोरों के जरिए उसको तलाश किया गया लेकिन मंगलवार को दूसरे दिन भी उसका कोई पता नहीं लग सका उसकी तलाश अभी भी जारी है मामला बीते सोमवार का है जब मंगोली का रहने वाला और 19 वर्षीय अरुण अपने तहेरे भाई की अंत्येष्टि में राम गंगा नदी पर गया था।अंत्येष्ठि के बाद कुछ लोगों के साथ वह वहां नहाने लगा और नदी में कहीं बह गया था। सूचना पर तहसीलदार शाहाबाद राकेश कुमार चन्द्रा व कोतवाली शाहाबाद कोतवाल पंकज पन्त मय पुलिस बल के रामगंगा नदी पर पहुंचे थे और गोताखोरों के मदद से अरुण को तलाश किया गया लेकिन उसका दूर तक कोई पता नहीं लग सका दूसरे दिन मंगलवार को भी अरुण की तलाश जारी है खबर लेकर जान तक उनका कोई पता नहीं लगा है।वहीं परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है।

एसडीएम ने की राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

शाह टाइम्स ब्यूरो

रामपुर। मंगलवार को एसडीएम सदर मोनिका सिंह ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कार्यालय कक्ष में बैठक की। बैठक में उपस्थित सभी पार्टियों के प्रति. निधियों को अवगत कराया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिशा-निर्देशों के क्रम में सभी राजनैतिक दल प्रत्येक बूथ पर अपने-अपने बूथ लेवल एजेन्ट नियुक्त कर दें, ताकि बी.एल.ओ. द्वारा किये जा रहे मतदाता सूची में विभिन्न प्रकार के कार्यों की जानक. ारी उनको समय-समय पर प्राप्त होती रहे। इसके अतिरिक्त यह भी अवगत कराया गया है कि वह शत-प्रतिशत मतदाताओं के नामों का पंजीकरण बी.एल.ओ. के माध्यम से मतदाता सूची में करा लें तथा मतदाता सूची में दर्ज चल रहे शिफ्टेड / मृतक/डबल मतदाताओं के नाम नियमविहित प्रक्रिया अपनाकर मतदाता सूची से अपमार्जित करा दें और समस्त मतदाताओं के मोबाईल नम्बर अपडेट करा दें, ताकि आयोग द्वारा मतदाता सूची/निर्वाचन कार्यों से जुड़ी विभिन्न प्रकार की गतिविधियों से सम्बंधित जानकारी मतदाता को उसके मोबाईल नम्बर पर उपलब्ध करायी जा सके।

बैठक में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा बताया गया कि मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के निर्वाचक नामावली के सम्बंध में समय-समय पर पुनरीक्षण के समय जो वोटर लिस्ट उपलब्ध करायी जाती है। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में यदि किसी भी प्रकार की त्रुटि है तो उसको भी शुद्ध करा लें। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वर्तमान में निरन्तर मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण का कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

बैठक में अशोक विश्नोई, जिला महामंत्री, भारतीय जनता पार्टी, सुरजीत सिंह, जोन अध्यक्ष, अपना दल, महबूब माशा एडवोकेट प्रति. निधि समाजवादी पार्टी, रख्यान खां, प्रतिनिधि आम आदमी पार्टी, राकेश सागर, प्रतिनिधि बहुजन समाज पार्टी द्वारा प्रतिभाग किया गया।

मारपीट तथा गाली गलौज करने में तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

मिलक/रामपुर। घर के सामने ही घेर कर गाली गलौच करते हुए मारपीट के घायल कर दिया घटना की रिपोर्ट घायल के पिता की ओर से दर्ज कराई गई है कोतवाली क्षेत्र ग्राम के किरा निवासी रामगोपाल ने कोतवाली में तहरीर दी है।

जिसमें आरोप है कि 10 मार्च शाम के लगभग 7:30 ग्राम में दावत खाकर आ रहा था।

इसी बीच उसके घर के सामने रामवीर, सत्यवीर और अरुन ने मेरे पुत्र राहुल को मारपीट घायल कर दिया रामगोपाल ने कोतवाली में तहरीर दी तहरीर के आधार पर इन तीनों के खिलाफ मारपीट गाली गलौज धमकी देने में रिपोर्ट दर्ज की गई।

यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन के आह्वान पर धरना प्रदर्शन

शाह टाइम्स ब्यूरो

रामपुर। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन के आव्हान पर सभी बैंकों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्टेट बैंक की मुख्य शाखा पर केंद्र सरकार की बैंक विरोधी नीतियों के विरोध में धरना प्रदर्शन किया।

धरना प्रदर्शन में यूनाइटेड फॉर्म ऑफ बैंक यूनियन के रामपुर संयोजक आशुतोष गुप्ता ने कहा कि केंद्र सरकार बैंक कर्मचारियों की जायज मांगों पर ध्यान नहीं दे रही है उन्होंने मांग की बैंकों में 5 दिन का समझौता लागू किया जाए।

वहीं यूनियन के सह संयोजक धनराज ने कहा कि सरकार को बैंकों में ठेका प्रथा बंद करनी चाहिए, और कर्मचारियों की सीधी भर्ती करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि सरकार को बैंकों में आउटसोर्सिंग भर्ती बंद करनी चाहिए उन्होंने मांग की बैंकों के अधिकारी और कर्मचारियों की मांगों को सरकार को पूरा करना होगा नही तो रामपुर में 24 और 25 मार्च को सभी बैंकों में हड़ताल की जाएगी। इस मौके पर भीम सिंह रावत, विमल कपूर, आशुतोष शुक्ला, विनय कुमार, शिवानी, अक्षि अग्रवाल, तरु राज सक्सेना, पूजा रानी, पूजा शर्मा, चांदनी गंग. वार, उत्कर्ष सिंह, रितेश द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

जिलाधिकारी के निर्देश पर भूजल स्तर के दृष्टिगत जिले में साठा धान प्रतिबंधित

साठा धान को लेकर सभी एसडीएम और कृषि विभाग के अधिकारियों को सख्ती बरतने के निर्देश

जिलाधिकारी की कृषकों से अपील, साठा धान के बजाय अन्य वैकल्पिक फसलें उगाएं

शाह टाइम्स ब्यूरो

रामपुर। जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह द्वारा जनपद में साठा धान की रोपाई पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है।

उप निदेशक कृषि शैलेंद्र कुमार ने बताया कि साठा धान पर प्रतिबंध के साथ ही किसानों को वैकल्पिक फसलें मक्का, उर्द, मूंग, सूरजमुखी कद्दू वर्गीय आदि फसलें व बसंतक. ालीन गन्ना की बुआई के सुझाव दिए जा रहे हैं। जिसके लिए जनपद के राजकीय कृषि बीज भंडारों पर मक्का बीज, उर्द एवं मूंग बीज की मिनीकिट्स कृषकों में वितरित कराए जा रहे हैं साथ ही निजी क्षेत्र में भी पर्याप्त मात्रा में बीज उपलब्ध है जिसका क्षेत्रीय कर्मचारियों के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराकर वितरण कराया जा रहा है। गत वर्ष जायद में जनपद में 825 हेक्टेयर में मक्का लगाई थी इस वर्ष साठा धान पर प्रतिबंध होने के कारण अबतक लगभग 4800 हेक्टेयर में मक्का की बुवाई की जा चुकी है। जिलाधिकारी द्वारा कृषकों को आश्वस्त किया गया है कि इस वर्ष मक्का को उचित दर पर खरीदने की व्यवस्था जनपद में कराई जायेगी। जो किसान साठा धान के स्थान पर गन्ने की बुवाई करते है, उनका शतप्रतिशत गन्ना चीनी मिलों में बिक्री कराया जायेगा इसके लिए जिलाधिकारी द्वारा जिला गन्ना अधिकारी व चीनी मिलों के प्रबंधकों के साथ बैठक कर निर्देश दिए जा चुके हैं।

कार्यालय जिला क्षय अधिकारी, बदायूँ।

पत्रांक-डी0टी0ओ0/विज्ञा0/2024-25/398 दिनाँक- 11/03/2025

राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम, बदायूँ।

टी0बी0 (क्षय रोग) के लक्षण

- दो सप्ताह या उससे अधिक समय से लगातार खांसी का आना।
- खांसी के साथ बलगम में खून का आना।
- नियमित बुखार विशेष रूप से शाम को बढ़ने वाला।
- भूख कम लगना एवं वजन का घटना।
- प्रभावित अंग के अनुसार अन्य लक्षण।
- इलाज को बीच में छोडने पर खतरनाक एम0डी0आर0 टी0बी0 के होने की सम्भावना बढ़ जाती है।
- एम0 डी0आर0 मरीजों की जाँच की सुविधा जिला क्षय रोग केन्द्र बदायूँ एवं सामु0 स्वा0 केन्द्र, बिसौली पर सी0बी0 नॉट (जीन एक्सपर्ट) मशीन द्वारा एवं प्रा0स्वा0 केन्द्र म्यायूँ, बिनावर, विल्सी, सहसवान, उझानी एवं दातागंज पर ट्रूनॉट मशीन से जॉच नि:शुल्क उपलब्ध है।
- टी0बी0 को फैलने से रोकने के लिए टी0बी0 के मरीज खांसते व छींकते समय मुंह पर कपडा अवश्य रखें।
- सभी क्षय रोगियों को नि:क्षय पोषण योजना के अन्तर्गत पोषण हेतु प्रत्येक माह रु. 1000/- धनराशि उनके खाते में भेजी जा रही है।
- टी0बी0 उन्मूलन के लिये जन-भागीदारी का अभियान टी.बी. रोगियों की सहायता का संकल्प लें नि:क्षय मित्र बनें।
- अधिक जानकारी के लिये सम्पर्क करें टोल फ्री नम्बर 1800116666/104

जिला क्षय रोग अधिकारी बदायूँ। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बदायूँ। जिला अधिकारी बदायूँ।

जन्मदिन पर याद किए गए मिक्की मियां

शाह टाइम्स ब्यूरो

रामपुर। पांच बार रामपुर के सांसद रहे नवाब जुल्फिकार अली खां उर्फ मिक्की मियां को यौमे पैदाइश पर याद किया गया। अंतिम शासक नवाब रजा अली खां के पुत्र मरहूम मिक्की मियां पूर्व सांसद बेगम नूरबानो के पति और पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां के पिता थे। आज भी लोग उन्हें साफ सुथरी छवि और सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल के तौर पर याद करते हैं। पूर्व मंत्री नवेद मियां के पीआरओ काशिफ खां ने बताया कि मिक्की मियां का जन्म 11 मार्च 1933 को हुआ था, जबकि एक सड़क दुर्घटना में 5 अप्रैल 1992 को उनकी मृत्यु हो गई थी। उनके यौमे पैदाइश पर मंगलवार को मकबरा जनाबे आलिया स्थित कब्र पर फातेहाख्वानी हुई तथा नूर महल में कुरानख्वानी की गई।

17 मार्च से होगा 10 दिवसीय फास्ट फूड स्टॉल उद्यमी प्रशिक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

रामपुर। निदेशक आरसेटी अभिषेक आर्या ने बताया कि बैंक ऑफ बड़ौदा-आरसेटी नैनीताल रोड नियर बिजली घर पहाड़ी गेट रामपुर में 18 से 45 वर्ष के युवाओं/युवतियों को 10 दिवसीय फास्ट फूड स्टॉल उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम 17 मार्च, 2025 से कराया जाना प्रस्तावित है।

उन्होंने बताया कि 15 मार्च, 2025 तक आवेदन लिए जायेंगे। इस प्रशिक्षण में सम्पूर्ण जिले से 35 सीट निर्धारित हैं। स्वरोजगार स्थापित करने के इच्छुक युवाओं के लिए आवेदन आमंत्रित हैं। सीटें सीमित हैं यथाशीघ्र आवेदन करें। आवेदन हेतु आधार कार्ड,राशन कार्ड/जॉब कार्ड चार फोटो ,बैंक पासबुक की फोटो कॉपी लेकर संस्थान के समय प्रातः 9:30 से सायं 5:30 बजे तक संस्थान में आकर आवेदन कर दें। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्णतया नि:शुल्क है, जिसमें चाय,नाश्ता,भोजन, यूनिफॉर्म और प्रशिक्षण सामग्री नि:शुल्क दी जाती हैस अधिक जानकारी के लिए कृपया निम्न नंबर पर संपर्क कर सकते हैं, 9012183432, 9058382486, 6397879587 प्रशिक्षण के उपरांत ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा जारी सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा।

एसडीएम ने पीछा कर खनन से लदा डंपर पकड़ा, की कार्यवाही

शाह टाइम्स संवाददाता।

शाहबाद/रामपुर। मंगलवार को एसडीएम शाहबाद हिमांशु उपाध्याय ने पीछा कर डंपर को पकड़ लिया और कार्यवाही के लिए रिपोर्ट बनाकर उच्च अधिकारी को भेज दी।

वहीं ड्राइवर को न्यायालय पेश किया बताया जा रहा है वहां से उसको जेल भेज दिया गया। बताया जा रहा है कि जब एसडीएम डंपर का पीछा कर रहे थे तभी एक कर अचानक उनकी गाड़ी के आगे आई और उन्हें आगे नहीं निकलने दिया इस पर एसडीएम ने पुलिस को फोन कर डंपर को पकड़वाया पुलिस ने डंपर को हिरासत में लिया और डंपर में लगे खनन की भागवत कागजात मांगे तब ड्राइवर का हाउस दिखाने में असमर्थ रहा। पुलिस ने ड्राइवर ओर परिचालक को पकड़कर थाने ले गए जहां पर दोनों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए ड्राइवर को न्यायालय में पेश किया बताया जा रहा है वहां से ड्राइवर को जेल भेज दिया गया है। एसडीएम शाहबाद ने रिपोर्ट बनाकर कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों को भेज दी है।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं योगेंद्र कुमार गंगवार पुत्र ओमप्रकाश गंगवार उम्र 58 वर्ष निवासी मोहल्ला पुरैना कस्बा जहानाबाद जनपद पीलीभीत का निवासी हूं और मैं पूरे होशो हवास में शपथ पूर्वक घोषणा करता हूं कि मैं अपने पुत्र प्रदीप कुमार और उसकी पत्नी मीनाक्षी गंगवार को गलत चाल चरण के कारण अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं।भविष्य में मेरा प्रदीप कुमार और उनकी पत्नी मीनाक्षी गंगवार से कोई भी संबंध नहीं रहेगा।

दीक्षित कॉलेज में लॉ के छात्रों ने खेली होलीं

पटवाई/रामपुर। मंगलवार को दीक्षित कॉलेज ऑफ लॉ रामपुर में एल.एल.बी. व बी.ए.एलएल.बी. के छात्र-छात्राओं ने होली के त्यौहार के शुभअवसर पर रंगोत्सव कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से मनाया गया है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक विवेक दीक्षित ने होली की शुभकामनाएं छात्रों को दी। समस्त प्रवक्तागण ने छात्र-छात्राओं को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी ।

कौशल विकास नौजवानों के आगे बढ़ने की सीढ़ी: मंत्री यशवीर सिंह

मेरठ। मेरठ के देवनागरी महाविद्यालय में युवा महोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्यमंत्री (दर्जा प्राप्त) चौधरी यशवीर सिंह ने दीप प्रज्वलित कर के किया। इस अवसर पर कॉलेज प्रधानाचार्य प्रोफेसर बी, एस यादव और जॉइंट सेक्रेटरी संजीव त्यागी ने फूल माला एवं पुष्प भेंट कर मंत्री यशवीर एक स्वागत किया। मंत्री ने कॉलेज में हुई खेल खुद प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, गायक व काव्य पाठ आदि प्रतियोगिताओ में विजयी हुऐ छात्रों को पुरस्कार वितरित किए साथ ही उन्होंने कहा कि कौशल विकास नौजवानो की आगे बढ़ाने की एक सीडी है कौशल विकास में निपुण होकर अपना उद्योग लगा करके नौकरी देने का काम करो ना की नौकरी मांगने का। इसलिए हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस योजना को आगे बढ़ने का काम किया है और प्रतियोगिता में भाग लाने वालों सभी छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुऐ उनके उज्वाल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कॉलेज के समस्त अध्यापकगण व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

सम्पादकः
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
☎0581-2562222 (बरेली)
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

मिलजुल कर मनाएं होली का त्योहार: एसडीएम

शाह टाइम्स संवाददाता

शाहबाद/रामपुर। आगामी त्यौहार होली और जुम्मा की नमाज एक साथ होने की बाबत कोतवाली परिसर में एसडीएम की अध्यक्षता में नगर व क्षेत्र के संभ्रांत के साथ हुई पीस कमेटी की बैठक दिए आवश्यक दिशा निर्देश। मंगलवार को कोतवाली शाहबाद में आगामी त्यौहार होली और जुम्मे की नमाज को लेकर नगर व क्षेत्र के धर्मगुरु व सम्भ्रांतो के साथ एसडीएम शाहबाद हिमांशु उपाध्याय व पुलिस क्षेत्राधिकार हर्षिता सिंह ने संयुक्त रूप से पीस कमेटी की अध्यक्षता करते हुए शांतिपूर्ण व खुशनुमा माहौल में होली का त्योहार मिलजुलकर बनाने की अपील की। इस दौरान सबसे पहले कोतवाल शाहबाद पंकज पंत ने शासनादेशों से अवगत कराते हुए बताया कि कोई भी नई परंपरा नहीं पड़ेगी हो. लिका दहन नियत स्थान पर ही होगा होली व जुम्मे की नमाज को लेकर लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। उसके बाद पुलिस क्षेत्र अधिकारी शाहाबाद हर्षिता सिंह ने कहा कि होली और जुम्मा एक साथ आ रहा है सभी लोग एक दूसरे के सहयोग के साथ होली व जूमें की नमाज अदा करें और किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान ना दें। अंत में उपजिलाधिकारी शाहाबाद हिमांशु उपाध्याय ने शांति व्यवस्था बनाए रखने की लिए कहा नई परंपरा ना डालने की चेतावनी विधि नई परंपरा डालने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी आगे कहा कि हम सबको मिलकर त्योहार मनाना है एक दूसरे के सहयोग से ही शांति के साथ त्योहार मनाए और किसी की भावना को ठेस ना पहुंचाएं।

शहर इमाम मुफ्ती सलमान ने भी मस्जिदों में 2:30 बजे नमाज अदा करने को कहा शहर इमाम ने कहा हम सब लोगों को मिलकर रहना है और होली का रंग 2 बजे तक समाप्त हो जाएगा इसके बाद हम लोग शांति के साथ जुम्मे की नमाज भी अदा कर लेंगे और होली भी हो जाएगी । इस दौरान वरिष्ठ उप निरीक्षक कुलदीप सिंह उप निरीक्षक दिलीप कुमार रमेश चंद्र राहुल कुमार आदेश कुमार सहित नगर व क्षेत्र से व्यापार मंडल से मुकेश चंद्र गुप्ता, गोरे खा, शहवेज खा, राहुल गुप्ता, अनु रावत, मोना अमित चंद्रवंशी राजू गुप्ता मयंक अग्रवाल रिंकू यादव घनश्याम रस्तोगी मौजूद रहे।

राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एसडीम ने की बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

शाहाबाद/रामपुर। मंगलवार को एसडीएम शाहबाद हिमांशु उपाध्याय ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

इस दौरान उन्होंने नगर पंचायत की मतदाता सूची में नए मतदाता जोड़ने व मृतक होने के कारण व विवाह होने के कारण मतदाता सूची से नाम कटवाने व नाम में संशोधन के लिए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की।

इस दौरान एसडीएम शाहबाद हिमांशु उपाध्याय ने कहा कि बूथों पर ज्यादा से ज्यादा वोट बढ़ सके। इसके लिए राजनीतिक पदल के प्रतिनिधि प्रत्येक बूथ पर अपना बीएलए नियुक्त करें और उसका नाम हमारे कार्यालय में भेज दें।

इस दौरान एडवोकेट विवेक कुमार पांडे, नसीम मलिक एडवोकेट, राम ओतार सिंह यादव एडवोकेट, रेहान खान एडवोकेट, रिजवान खान एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

मस्जिद शहीद सद्दन बाबा में कुरआन मुकम्मल होने का जश्न

शाह टाइम्स ब्यूरो

रामपुर। टेलीफोन एक्सचेंज कॉलोनी स्थित मस्जिद शहीद सद्दन बाबा (र. अ.) में जश्ने तकमील -ए-कुरआन में काफी संख्या में लोगों ने शिरकत की। यहां हाफिज मोहम्मद जमाल ने तरावीह की नमाज के दौरान कुरआन सुनाया, जबकि समाअत के फराइज हाफिज अब्दुल समद ने अंजाम दिए। जश्ने तकमील -ए-कुरआन के मौके पर हाफिज मोहम्मद जुनैद ने पवित्र माह रमजान में ज्यादा से ज्यादा इबादत और मां बाप की खिदमत की नसीहत की। नमाजियों ने हाफिजों की गुलपोशी की। दुआ के बाद मिठाई तकसीम की गई। इस मौके पर मस्जिद के इमाम मोहम्मद शाहजहां, मुतावल्ली दिलावर खां, ग्राम प्रधान संगठन के जिला महासचिव काशिफ खां, कमाल हुसैन, हसनात खां, डॉ मोहम्मद नवेद हुसैन, मशकूर अहमद खां, मोहम्मद अफरोज सैफी, खुशनूद

खां, जीशान रजा खां, नाहिद खां गुड्डू, आसिम, शुएब, फारिश, अता उल्लाह, नुसरत अली खां आदि मौजूद रहे।

स्कूली बच्चों ने की विभिन्न प्रस्तुती पेश

रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन विद्यालय की ओर से बच्चों किया गया सम्मानित

(इकरार हुसैन)

शाह टाइम्स संवाददाता

मिलक/रामपुर। मंगलवार को नगर के गुरु नानक एकेडमी मे वार्षिक परीक्षा फल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा यूकेजी छात्र-छात्राओं की ग्रेजुएशन सेरेमनी तथा कक्षा पीएनसी से कक्षा 11 तक के छात्र-छात्राओं की फेलिसिटेशन सेरेमनी हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चौयरमैन विशेष शर्मा, अध्यक्ष रिजवान खान, एमडी मीनू मिश्रा प्रधानाचार्या दीप शिखा कश्यप तथा मुख्य अतिथि नलिन सिंह अध्यक्ष राष्ट्रीय क्रांति युवा मोर्चा के द्वारा मां शारदे के सामने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं को उनके अच्छे प्रदर्शन एवं कक्षा में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया गया। विद्यालय की प्रबंध समिति के साथ महीपाल सिंह यादव महेश तिवारी, चौ. निर्भय

सिंह, खेमेन्द्र गंगवार, विजय चित्रांशी, कृष्णपाल गंगवार, पुष्पेंद्र चौधरी के द्वारा विद्यालय के छात्र-छात्राओं को शील्ड, मेडल तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।कक्षा पीएनसी से कक्षा 11 तक क्रमशः अरीव खान, आयुष, आन्या, आहिल दर्शित आर्य, आराध्या यादव, जितिन पटेल, दिव्यांश, जसदीप, सिदरा, आसिफा, इफरा बी, तन्मय आर्य, तनिष्का रानी, प्रियांशी यादव, आराध्या, शिवांशु सिंह, प्रियांशी गंगवार, नैंसी यादव, मनप्रीत कौर, वेदांस सक्सेना ने अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्रत्येक कक्षा में टॉप 10 छात्र-छात्रा को भी पुरस्कृत किया गया। विद्यालय द्वारा विभिन्न प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर विद्यालय को

गौरवान्वित करने वाले छात्र-छात्रा सम्राट गंगवार, राधिका गंगवार, मान्या गंगवार, अजान खान को 11 सौ रुपये का चेक प्रदान किया गया। विद्यालय की दो मेधावी छात्राओं जिन्होंने प्रतिवर्ष अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया उन्हें 5100 रुपए का चेक दिया गया जिसमें प्रियांशी गंगवार कक्षा 8, नैंसी यादव कक्षा 9 के विद्यार्थी हैं विद्यालय परिसर में रंगारंग कार्यक्रम भी हुए। विद्यालय इन सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आगे भी छात्र-छात्राओं के अथक प्रयास परिश्रम को इसी तरह से प्रोत्साहित करता रहेगा। कार्यक्रम का संचालन उर्वशी, मान्या सक्सेना द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

भावाधस नें विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

(संजीव सक्सेना)

शाह टाइम्स संवाददाता

टाण्डा/रामपुर। मंगलवार को भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज (भावाधस) ने जिला अध्यक्ष अनिल राज के नेतृत्व में भावाधस कार्यकर्ताओं ने तहसील टाण्डा में धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार टाण्डा को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि ग्राम धौलपुरी बमानिया थाना भगतपुर जिला मुरादाबाद में दो माह पूर्व दलित नाबालिग लड़की घर से कपड़े सिलवाने निकली थी जिसका रास्ते में ही ग्राम के ही चार मुस्लिम युवकों ने उसका अपहरण कर बाहर ले गए तथा बाहर ले जा कर बारी बारी से चारों युवकों ने लड़की से गैंगरेप किया तथा समय-समय पर उसको गौ मांस खिलाया गया उसके हाथ पर लिखें हिन्दू शब्द को तेजाब डालकर

जलाया गया। दो माह इनके चुंगल से भाग कर अपने घर आ कर अपने साथ हुई घटना की आपबीती सुनाई

तहसील पर प्रदर्शन कर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

यह घटना इन्सानियत को शर्मशार करने वाली है इस घटना से दलितों में भय पैदा हो रहा है। सरकार से मांग कि नाबालिग दलित लड़की के बलात्कारियों का मुकदमा फर्स्ट ट्रैक कोर्ट में चलवा कर उनको फांसी दिलाई जाये तथा पीड़िता के परिवार को पच्चास लाख रुपए की आर्थिक सहायता व एक सरकारी नौकरी दिलाई जाये। धरना प्रदर्शन में दीप सिंह राही, नवीन कुमार, प्रदीप राजहंस, गुड्डू वाल्मीकि, रावत वाल्मीकि, राकेश वाल्मीकि, रविन्द्र कठेरिया, सुदेश कुमार, अमन वाल्मीकि, मनोज वाल्मीकि, सोनू, भूरा,राजीव मरदान नितिन आदि मौजूद रहे।

रामपुर में बसपा की विधानसभा कमेटियां हुई घोषित

मुख्य मण्डल प्रभारी की संतुष्टि पर हुई कमेटियां घोषित

शाह टाइम्स ब्यूरो

रामपुर। बहुजन समाज पार्टी जिला स्तरीय बैठक में पूर्व राज्यसभा सांसद बाबू मुनकाद अली मुख्य मंडल प्रभारी मुरादाबाद बरेली एवं कानपुर मंडल जाफर मलिक एवं डॉ. रणविजय सिंह, विजय सिंह मुख्य मंडल प्रभारी मुरादाबाद मंडल, जिला प्रभारी प्रमोद निरंकारी एडवोकेट व राजेश प्रकाश सैनी जिला अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश बौद्ध की संतुष्टि पर जिले की विधानसभा कमेटियों की घोषणा की गई।

स्वार विधानसभा के लिए विधानसभा प्रभारी अनिल कुमार , बख्तावर अली, विधानसभा अध्यक्ष पवन कुमार गौतम एडवोकेट , विधानसभा उपाध्यक्ष तस्लीम अहमद, विधानसभा महासचिव नारायण सिंह सैनी, विधानसभा कोषाध्यक्ष शेट्टी दिवाकर, विधानसभा सचिव सतीश कुमार, विधानसभा संयोजक बीवीएफ रज्जन सिंह, विधानसभा चमरौआ के लिए विधानसभा प्रभारी यूनुस अली व सोनू सागर, विधानसभा अध्यक्ष सैंकी सागर, विधानसभा उपाध्यक्ष इसरार अली एडवोकेट, विधानसभा महासचिव सरदार रणजीत सिंह, विधानसभा कोषाध्यक्ष राजीव कुमार, विधानसभा सचिव अरविंद गौतम , विधानसभा संयोजक बीबीएफ संजीव कुमार बने हैं। विधानसभा बिलासपुर के लिए विधानसभा प्रभारी महेंद्र सिंह सागर व किशोरी लाल सागर, विधानसभा अध्यक्ष सोनू सागर, विधानसभा उपाध्यक्ष बाबू अली, विधानसभा महासचिव सुरेंद्र गंगवार, विधानसभा कोषाध्यक्ष प्रेम प्रकाश आर्य , विधानसभा सचिव सुरेंद्र कुमार, विधानसभा संयोजक बीवीएफ अनुज कुमार, विधानसभा शहर के लिए विधानसभा प्रभारी शाकिर रजा खां व शेर सिंह विधानसभा अध्यक्ष राकेश सागर, विधानसभा उपाध्यक्ष अकबर अली, विधानसभा महासचिव हरद्वारी लाल, विधानसभा कोषाध्यक्ष खूब सिंह भाटी, विधानसभा सचिव कमल कुमार, विधानसभा संयोजक बीवीएफ प्रमोद कुमार, विधानसभा मिलक के लिए विधानसभा प्रभारी नवनीत यदुवंशी व ओमकार सिंह, विधानसभा अध्यक्ष हरनंदन सागर, विधानसभा उपाध्यक्ष नजमी खान , विधानसभा महासचिव परमानंद श्रीवास्तव, विधानसभा कोषाध्यक्ष अमित रामपुरी, विधानसभा सचिव नितिन कुमार, विधानसभा संयोजक बीवीएफ आशीष कुमार बनाए गए।

देवर ने भाभी के साथ की मारपीट भाभी ने चौकी पुलिस को दी तहरीर

शाह टाइम्स संवाददाता

मसवासी/रामपुर। मियां बीवी के झगड़े मे बीच बचाव मे गई भाबी के साथ देवर ने मारपीट कर भाभी ओर उसके बच्चो के साथ मारपीट कर चोटिल कर दिया भाभी ने अपने देवर के खिलाफ चौकी पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जेबुल निशा पत्नी निजामुद्दीन निवासी मझरा मलंगान ने चौकी पुलिस को दी तहरीर मे कहा है कि सोमवार की रात लगभग नो बजे देवर दानिश अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर रहा था। शोर गुल

सुनकर वह बीच बचाव करने चली गई वहां से अपने घर आ गयी जिसके बाद दानिश उसके घर आया ओर उसके साथ मारपीट कर ने लगा। आसपास के लोगो ने दानिश से महिला को बचाया ओर घर से बाहर जाकर ईट पत्थर बरसाने लगा दानिश मंगलवार की सुबह उसके लडको की दुकान पर बन्ना खेड़ा अपने कुछ साथियो के साथ गया ओर उसके बेटे। हसन और शाहरुख भी बुरी तरह मारपीट कर चोटिल कर दिया ओर जानसे मारने की धमकी देने लगा दुकान पर मौजूद कुछ लोगों ने बीच बचाव कर दानिश को दुकान से हटा दिया महिला जयबुल ने अपने देवर दानिश से जान माल का खतरा बताते हुए मारपीट करने की चौकी पुलिस को तहरीर दी है।

युवक के बाइक सवार ने मारी जोरदार टक्कर, रिपोर्ट दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

पटवाई/रामपुर। सोमवार को पटवाई थाना क्षेत्र सुजातगंज के रहने वाले युवक ने पटवाई थाना पहुंचकर तहरीर देते हुए बताया कि प्रार्थी अपने पिता के साथ अपनी सरकारी खाद की दुकान मथुरापुर कला सोसाइटी से 27 फरवरी को शाम करीब पांच बजे नदना से तेरवी की दावत खाने जा रहे थे। तब पेट्रोल पंप के पास नदना मोड़ पर दो बाइक सवार युवक महेश व महावीर ने निवासी ग्राम हरदासपुर थाना पटवाई के रहने वाले युवकों ने तेज रफ्तार गाड़ी से टीकाराम पुत्र शिवदयाल के पीछे से खड़े हुए टक्कर मार दी। जिससे टीकाराम गंभीर रूप से घायल हो गए उनके सिर में खून आने लगा तथा टीकाराम का एक पैर तीन जगह से टूट गया टीकाराम मोके पर बेहोश हो गए वहां के लोगों ने आनन फानन में 108 पर कॉल करें एंबुलेंस की मदद से उनको सरकारी अस्पताल भेजा। रामपुर के सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों ने टीकाराम की गंभीर हालत देखते हुए मुरादाबाद साईं अस्पताल में रेफर कर दिया वहां के डॉक्टरों ने उनकी हालत नाजुक देखते हुए आईसीयू में भर्ती कर दिया है प्रार्थी ने हरदासपुर के रहने वाले महेश व तोताराम के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कार्यवाही शुरू कर दी है।

नरपत नगर के नागरिकों से मिले विधायक

शाह टाइम्स संवाददाता

स्वार/रामपुर। विधायक शफीक अहमद अंसारी के कैम्प कार्यालय पर नरपत ल नगर पंचायत से आये चेयरमैन प्रत्याशी मकसूद हुसैन के नेतृत्व में काफी लोग अपनी अपनी क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर विधायक जी से मिले जिन्हें उन्होंने ने तुरंत संबंधित उनके अधिकारीयों को समस्याओं का समाधान करने का निर्देश दिए और कहा यह मेरे अपने लोग हैं। इन लोगो को कोई भी समस्या नहीं होनी चाहिए. मिलने वालो में मकसूद हुसैन पूर्व चेरमेन प्रत्याशी नरपत नगर शमशाद वकील, लियाकत प्रधान, मुंडिया बाजपुर सुहैल अहमद, दीपक

नागर, विधायक सलाहकार इंतेजार अली, इकबाल प्रधान, अली हसन, अकील मेंबर, जावेद मेवाती आदि लोग मौजूद रहे।

वारंटी को गिरफ्तार कर की कार्यवाही

शाह टाइम्स संवाददाता

सैफनी/रामपुर। पुलिस ने एक नगर वारंटी साजिद पुत्र आसिफ नि. ग्राम मडैयान झाऊ थाना सैफनी जनपद रामपुर सम्बधित मु.अ.सं.- 300/20 धारा- 3/25 आर्म्स एक्ट को उसके मस्कन से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गिरफ्तार करने बाली टीम उपनि. रीक्षक ऋषभ पुंडीर,कांस्टेबल 1820 विकास सिंह, कांस्टेबल 1864 राहुल कुमार आदि मौजूद

रहे।

खाद्य विभाग की टीम ने सैफनी और पटवाई मे की छापेमारी, भरे नमूने

शाह टाइम्स संवाददाता

पटवाई/रामपुर। मंगलवार को दोपहर के करीब खाद्य विभाग की टीम पटवाई पहुंची टीम की सूचना मिलते ही पटवाई के किराना स्टोर वाले दुकानदार अपने-अपने शटर गिरा कर भाग गए जैसे ही टीम शाहबाद रोड पर पहुंची तो थाने के आगे खुशी मार्केट में रजा किराना स्टोर पर पहुंची खाद विभाग की टीम ने होली पर्व के अवसर पर पटवाई के रजा जनरल स्टोर से काजू का एक नमुना लिया गया है टीम ने नमूना लेकर सील मोहर करके जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया गया है जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत मिलावट की प्रगति के अनुरूप से सुसंगत धाराओं में बाद योजित किए जाएंगे टीम में मुख्य खाद सुरक्षा अधिकारी वीरेंद्र सिंह कुशवाहा, खाद सुरक्षा अधिकारी रामचंद्र यादव, अशोक कुमार, राहुल शुक्ला, अजरा,वी मो आदि उपस्थित रहे।

खरसोल में सहायक आयुक्त (खाद) अभिहित अधिकारी ने एक दुकान पर काजू का लिया नमूना

शाह टाइम्स संवाददाता

सैफनी/रामपुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खरसोल में खाद्य एवं पेय पदार्थों में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम हेतु मंगलवार को सहायक आयुक्त(खाद)अभिहित अधिकारी रामपुर के द्वारा विशेष अभियान चलाया गया जिसमें खघ्रसौल निवासी सतपाल पुत्र रामकिशोर की दुकान से काजू का एक नमूना लेकर उन्होंने बताया कि जांचकर कार्यवाही की जाएगी।



टेस्ट क्रिकेट के 150 साल पूरे होने पर डे-नाइट मैच होगा

● **ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड मैच होस्ट करेगा मेलबर्न, मार्च-2027 में खेला जाएगा मुकाबला**

1877 का पहला टेस्ट और टेस्ट क्रिकेट में 100 साल पूरे होने पर 1977 में खेला गया था

मेलबर्न, वार्ता। दुनिया के सबसे पुराने क्रिकेट प्लेइंग नेशन ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच टेस्ट के 150 साल पूरा होने पर खेले जाने वाला मैच डे-नाइट होगा। यह एकमात्र टेस्ट 11 से 15 मार्च 2027 में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) के ऐतिहासिक मैदान में खेला जाएगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एनाउंस किया मेंस टेस्ट क्रिकेट के 150 साल पर टेस्ट मैच पिंक बाल से खेला जाएगा।1877 का पहला टेस्ट और टेस्ट क्रिकेट में 100 साल पूरे होने पर 1977 का टेस्ट लाल गेंद से एमसीजी में खेला गया था। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया सीईओ टाड ग्रीनबर्ग ने कहा, श्यह अवसर खेल के विकास को बढ़ावा देगा। एमसीजी में टेस्ट क्रिकेट के 150 साल पूरे होंगे। डे-नाइट टेस्ट इसका रोमांच और बढ़ा देगा। ँडब्ल्यूटीओ का पार्ट नहीं होगा मैच ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड के यह मैच वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा नहीं होगा, लेकिन यह 2027 सेशन के 12 टेस्ट मैचों में से एक होगा, जिसमें श्रीलंका में 3, न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 और भारत में 5 टेस्ट शामिल होंगे। इस साल ऑस्ट्रेलिया की टीम एशेज के लिए इंग्लैंड का दौरा करेगी और फिर साल के अंत में दक्षिण अफ्रीका में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप में भाग लेगी। 7 महीने पहले पूर्व सीईओ निक हाकले ने जानकारी दी 7 महीने पहले सितंबर में यह जानकारी क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ब्म्० निक हाकले ने दी थी। उन्होंने कहा था, श्मार्च-2027 में एमसीजी में 150वीं एनिवर्सरी टेस्ट विश्व के महान खेल में से एक क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ फार्मेट का उत्सव होगा। हम उस ऐतिहासिक अवसर पर इंग्लैंड की मेजबानी करने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।श हाकले ने कहा कि हमें लान्ग टर्म मेजबानी का ऐलान करते हुए खुशी हो रही है, जो अगले 7 साल में कुछ शानदार क्रिकेट मैचों के स्थान निश्चित करते हैं। यह शेडड्ूल तय करता है कि देश भर में सही समय पर बेस्ट प्लेस में सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेला जाएगा। 100 साल पूरा होने पर भी हुआ था मैच, ऑस्ट्रेलिया जीता टेस्ट के 100 साल पूरा होने पर भी इन दोनों टीमों के बीच इसी मैदान पर टेस्ट मैच खेला गया था। 1977 में खेले गए उस मुकाबले को ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता था। 1877 में हुए पहले टेस्ट मैच को भी ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता था। क्रिकेट की सबसे पुरानी सीरीज एशेज भी इन दो देशों के बीच खेली जाती है। सीजन का पहला टेस्ट पर्थ में ही होगा 2030-31 सीजन तक हुए इस समझौते के अनुसार, अगले 7 साल तक बाक्सिंग डे टेस्ट मेलबर्न में होगा। इतना ही नहीं नए साल का टेस्ट सिडनी में ही खेला जाएगा। क्रिसमस से तुरंत पहले का टेस्ट ऐडिलेड, जबकि सीजन का पहला टेस्ट पर्थ में आयोजित होगा, हालांकि पर्थ ने सिर्फ अगले 3 साल के लिए ही क़रार किया था। इसका मतलब यह भी है कि अगले साल का एशेज पारंपरिक गाबा, ब्रिस्बेन की मैदान की जगह पर्थ में आयोजित होगा। 2032 के ओलिंपिक को देखते हुए गाबा के स्टेडियम में निर्माण कार्य चल रहा है और इस दौरान वहां बहुत कम टेस्ट होंगे।

टीम इंडिया के चैंपियंस ट्रॉफी जीतने पर स्पेशल कैंसलेशन जारी

स्पेशल कैंसलेशन भारत की खेल उपलब्धियों को सम्मानित करने का एक महत्वपूर्ण कदम

मुंबई, वार्ता। भारतीय डाक विभाग ने भारत के चैंपियंस ट्रॉफी जीतने पर मंगलवार को स्पेशल कैंसलेशन जारी किया है, इसमें भारत का विजयोत्सव लिखा हुआ है। महाराष्ट्र सर्कल के मुख्य डाक महाप्रबंधक अमिताभ सिंह ने कहा कि यह स्पेशल कैंसलेशन भारत की खेल उपलब्धियों को सम्मानित करने का एक महत्वपूर्ण कदम है, जो इस ऐतिहासिक जीत को यादगार बनाया गया है।

2 दिन पहले 9 मार्च को भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराते हुए चैंपियंस ट्राफी का खिताब जीता था। टीम इंडिया ने 12 साल बाद चैंपियंस ट्राफी अपने नाम की है। टीम ने इस टूर्नामेंट को तीसरी बार जीता है। भारतीय डाक विभाग के महाराष्ट्र सर्कल ने यह कैंसलेशन जारी किया। भारतीय डाक विभाग खास मौकों पर अपने स्पेशल कैंसलेशन जारी करता है। यह डाक टिकट कलेक्टर्स और क्रिकेट प्रेमियों के लिए खास है। कैंसलेशन मुंबई जीपीओ में जनता के लिए उपलब्ध है, जिससे क्रिकेट और डाक प्रेमी इसे एक यादगार संग्रह के रूप में अपना सकते हैं। स्मारक टिकट- खास आयोजन, वर्षगांठ और हस्तियों के सम्मान में जारी किए जाते हैं। निश्चित टिकटरू रोजाना मेलिंग के लिए जारी किए जाते हैं। स्पेशल टिकट: डाक टिकट कलेक्टर्स या चैरिटी के लिए जारी किए जाते हैं।

इंडिविजुअल्स टिकटरू अपनी खुद की छवि या डिजाइन के साथ बनवाए जा सकते हैं। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड ने टास जीतकर बैटिंग की और 251 रन बनाए। भारतीय टीम ने 252 रन का टारगेट 49 ओवर में 6 विकेट पर हासिल कर लिया। रोहित शर्मा ने 76 रनों की पारी खेली। उन्होंने शुभमन गिल के साथ 105 रन की ओपनिंग साझेदारी की।

पाक के खिलाफ टी-20 सीरीज में कप्तान बने ब्रेसवेल

ब्रेसवेल नियमित सफेद गेंद कप्तान मिचेल सैंटनर की जगह लेंगे

क्राइस्टचर्च, वार्ता। न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ रविवार से शुरु होने वाली पांच मैचों की टी-20 सीरीज के लिए माइकल ब्रेसवेल को टीम का कप्तान बनाया है। न्यूजीलैंड के चयनकर्ता सैम वेल्स ने कहा कि अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी टी-20 विश्वकप के लिए न्यूजीलैंड की तैयारियों के मद्देनजर यह श्रृंखला महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने वाले ब्रेसवेल नियमित सफेद गेंद कप्तान मिचेल सेंटनर की जगह लेंगे। ब्रेसवेल के लिए घरेलू धरती पर न्यूजीलैंड की अगुआई करने का यह पहला मौका है, इससे पहले उन्होंने पाकिस्तान दौरे पर सफेद गेंद टीम की कप्तानी की थी। टीम में ईश सोढ़ी की वापसी हुई है। तेज गेंदबाज काइल जैमीसन और विल ओ'रूर्के पहले तीन मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे। जबकि मैट हेनरी फिटनेस आकलन के बाद अंतिम दो मैचों में खेलेंगे। टीम का कप्तान बनाये जाने पर ब्रेसवेल ने कहा कि अपने देश की कप्तानी करना बहुत सम्मान और सौभाग्य की बात है। मैंने पिछले वर्ष पाकिस्तान में टीम की कप्तानी का लुफ्त उठाया था और इस सीरीज के लिए उनमें से कई खिलाड़ियों की टीम में वापसी बहुत बढ़िया है। मिच सेंटनर ने बेहतरीन काम किया है और मेरा ध्यान उनके अच्छे काम को आगे बढ़ाने पर रहेगा, साथ ही टीम के प्रदर्शन के लिए सकारात्मक माहौल तैयार करना होगा। पाकिस्तान के साथ होने वाली घरेलू टी-20 श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड की टीम इस प्रकार है: माइकल ब्रेसवेल (कप्तान), फिन एलन, मार्क चैपमैन, जैकब डफी, जैक फाउलकेस (मैच 4-5), मिच हे, मैट हेनरी (मैच 4-5), काइल जैमीसन (मैच 1-3), डेरिल मिशेल, जिमी नीशम, विल ओ'रुरके (मैच 1-3), टिम रॉबिन्सन, बेन सियर्स, टिम सीफर्ट, ईश सोढ़ी। पहला टी-20 मैच 16 मार्च रविवार को क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में, दूसरा मैच 18 मार्च मंगलवार को डुनेडिन यूनिवर्सिटी ऑफ ओटागो ओवल में, तीसरा मैच 21 मार्च शुक्रवार को ऑकलैंड ईडन पार्क, चौथा मैच 23 मार्च रविवार को टॉरंगा बे ओवल में तथा पांचवां टी-20 मैच 25 मार्च बुधवार को वेलिंग्टन के स्काई स्टेडियम में खेला जायेगा।

न्यूजीलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए पोली, ब्री और फ्लोरा को टीम में शामिल किया

गेज को एकदिवसीय सीरीज के दौरान तीसरे मैच में चोट लगी थी उनके ठीक होने के समय की समीक्षा की जा रही है

वेलिंग्टन, वार्ता। न्यूजीलैंड की महिला टीम ने श्रीलंका के खिलाफ होने वाली तीन मैचों टी-20 सीरीज के लिए चोटिल इसाबेला गेज, हेले जेनसन और बेला जेम्स के स्थान पर विकेटकीपर बल्लेबाज पोली इंगलिस, बाएं हाथ की तेज गेंदबाज ब्री इलिंग और ऑलराउंडर फ्लोरा डेवोनशायर को टीम में शामिल किया है।

न्यूजीलैंड क्रिकेट कहा कि गेज को एकदिवसीय सीरीज के दौरान तीसरे मैच में चोट लगी थी। हम उनके ठीक होने के समय की समीक्षा की जा रही है। जेन्सन और जेम्स दोनों को एकदिवसीय सीरीज से पहले चोट लग गई थी और वे अभी तक पूरी तरह से फिट नहीं हो पायी हैं। टीम के मुख्य कोच बेन सॉयर ने कहा कि हम सभी इजी, हेले और बेला के लिए दुखी हैं।

यह टीम और खिलाड़ियों के लिए निराशाजनक है। उन्होंने कहा ब्री और पॉली ने अपने एकदिवसीय करियर की शुरुआत बहुत सकारात्मक तरीके से की। मुझे दोनों पर पूरा विश्वास है। वे अगली चुनौती के लिए तैयार हैं। फ्लोरा ने घरेलू स्तर पर ऑलराउंड क्षमता दिखाई है। टी-20 सीरीज का पहला मैच 14 मार्च को क्राइस्टचर्च में होगा। दूसरा मैच 16 मार्च को खेला जाएगा। इसके बाद तीसरा मैच 18 मार्च को डुनेडिन होगा।

खेल विशेष

चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद सामने आई श्रेयस अय्यर की पीड़ा

नई दिल्ली, वार्ता। भारतीय क्रिकेट टीम के मध्यक्रम के महत्वपूर्ण खिलाड़ी श्रेयस अय्यर ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में शानदार प्रदर्शन कर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। हालांकि, उन्होंने खुलासा किया कि पिछले साल कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को तीसरी बार आईपीएल ट्रॉफी दिलाने के बावजूद उन्हें वह पहचान नहीं मिली, जिसकी वह उम्मीद कर रहे थे। इस साल, अय्यर पंजाब किंग्स की कप्तानी करेंगे, जिन्होंने उन्हें 26.75 करोड़ रुपये में खरीदा है। श्रेयस अय्यर ने कहा किमैंने व्यक्तिगत तौर पर महसूस किया कि आईपीएल जीतने के बाद मुझे वह पहचान नहीं मिली, जिसकी मैं उम्मीद कर रहा था। लेकिन अंत में, जब तक आपके अंदर आत्म-सम्मान है और आप सही काम करते रहते हैं, तो यही सबसे ज्यादा मायने रखता है। मैं यही करता रहा। पिछले साल, अय्यर आठवें कप्तान बने, जिन्होंने आईपीएल ट्रॉफी जीती। उन्होंने केकेआर को तीसरी बार चैंपियन बनाया और सनराइजर्स हैदराबाद को फाइनल में हराया। हालांकि, तीन सीजन तक फ्रेंचाइजी का हिस्सा रहने के बाद भी केकेआर ने उन्हें रिलीज कर दिया। इसके बाद, पंजाब किंग्स ने उन्हें 26.75 करोड़ रुपये में खरीदा, जो आईपीएल इतिहास में दूसरी सबसे बड़ी बोली थी। पंजाब किंग्स अय्यर का आईपीएल में तीसरा फ्रेंचाइजी होगा और यह उनकी तीसरी लीडरशिप भूमिका भी होगी। उन्होंने 2015 में दिल्ली कैपिटल्स के साथ आईपीएल की शुरुआत की थी और 2018 में उन्हें कप्तानी मिली। 2020 में, उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स को पहली बार आईपीएल फाइनल तक पहुंचाया। श्रेयस अय्यर ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में 243 रन बनाए और न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्रा के बाद दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। उन्होंने 2024 में एक शानदार साल गुजारा है। वह मुंबई टीम का हिस्सा थे।

सरकार ने कुश्ती महासंघ पर लगा निलंबन हटाया

घरेलू टूर्नामेंटों के आयोजन और अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिए राष्ट्रीय टीमों के चयन का रास्ता साफ हुआ

नई दिल्ली, वार्ता। केंद्रीय खेल मंत्रालय ने मंगलवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) पर से बैन हटा लिया। जिससे घरेलू टूर्नामेंटों के आयोजन और अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिए राष्ट्रीय टीमों के चयन का रास्ता साफ हो गया है।

अब तक स्पोर्ट्स अथारिटी ऑफ इंडिया और एडहाक कमेटी प्रशासनिक जिम्मेदारियों को संभाल रही थी। मंत्रालय ने साल 2023 में अंडर-15 (न्-15) और अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप की जल्दबाजी में घोषणा करने के लिए डब्ल्यूएफआई को 24 दिसम्बर को बैन कर दिया था। दरअसल साल 2023 में 21 दिसम्बर को डब्ल्यूएफआई का अध्यक्ष बनने के बाद संजय सिंह ने पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के क्षेत्र में नेशनल जूनियर के नेशनल चैंपियनशिप कराने का ऐलान कर दिया था। जिसके बाद 24 दिसम्बर को खेल मंत्रालय ने डब्ल्यूएफआई को बैन कर दिया। बृजभूषण सिंह के खिलाफ 2023 जनवरी में महिला पहलवानों ने जंतर-मंतर पर दिया था धरना साल 2023 में 16 जनवरी को ओ. लिंपिक मेडलिस्ट साक्षी महिल, विनेश फोगाट सहित कई महिलाओं पहलवानों ने उस समय के डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बृजभूषण सिंह शरण के खिलाफ यौन शोषण के आरोप लगाते हुए जंतर मंतर पर धरना शुरू किया था। उनके समर्थन में ओलिंपिक मेडलिस्ट बजरंग पूनिया भी धरने में शामिल हुए थे। उस समय खेल मंत्रालय के आश्वासन के बाद पहलवानों ने धरना खत्म कर दिया था और फिर से अप्रैल में धरना प्रदर्शन किया था। साल 21 अप्रैल को महिला पहलवानों ने पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण के खिलाफ दी थी शिकायत 21 अप्रैल 2023 को नई दिल्ली, कनाट प्लेस के एसएचओ को संबोधित करते हुए 6 लोगों के नाम के पत्र मिले थे। इन 6 नामों में कुश्ती की कई जानी-मानी खिलाड़ियों के नाम थे। इन सभी शिकायतकर्ताओं ने तब डब्ल्यूएफआई के प्रेसिडेंट बृजभूषण शरण सिंह और उनके सेक्रेटरी विनोद तोमर पर यौन शोषण का आरा. `प लगाया था। इन शिकायती पत्रों में पिछले करीब 8 से 9 सालों में अलग-अलग मौकों पर यौन शोषण की बात लिखी मिली। इसके अलावा शिकायत करने वाली पहलवानों ने यह भी बताया कि उन्होंने पहले ही युवा और खेल मंत्रालय में शिकायत की है। इसकी जांच के लिए वहां एक ओवरसाइट कमेटी का भी गठन किया गया। मामले में थ्प्त दर्ज करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका दाखिल की गई थी। संजय सिंह के जीतने बाद साक्षी मलिक ने लिया था संन्यास और बजरंग पूनिया ने पद्मश्री पुरस्कार लौटा दिया था साल 2023 में 22 दिसम्बर को बजरंग पूनिया ने डब्ल्यूएफआई के चुनाव में बृजभूषण सिंह के समर्थक संजय सिंह के अध्यक्ष का चुनाव जीतने के बाद अपना पद्मश्री पुरस्कार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के घर के बाहर रख दिया था। वहीं 21 दिसम्बर को साक्षी मलिक ने संजय सिंह के अध्यक्ष बनने के बाद प्रेस कांफ्रेंस में मेज पर जूते रखकर कुश्ती छोड़ने का ऐलान किया था। साल 2023 में 21 दिसम्बर को संजय सिंह के डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बनने के बाद साक्षी मलिक ने संन्यास की घोषणा की थी। संजय सिंह के डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बनने के बाद बजरंग पूनिया ने पद्श्री अवार्ड प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के घर के बाहर रख दिया था।

गढ़वाल ने जुबा संघा को हराकर जीता फुटसल लीग खिताब

● **गढ़वाल की जीत का आकर्षण उसके खिलाड़ियों का तालमेल रहा**

नई दिल्ली, वार्ता। गढ़वाल यूनाइटेड ने दिल्ली फुटसल महिला लीग के फाइनल मुकाबले में जुबा संघा को 4-1 से हरा कर लगातार दूसरी बार खिताब अपने नाम किया। इंदिरा गाँधी केडी जांधव इंडोर स्टेडियम में खेले गए रोमांचक फाइनल में अनुभवी खिलाडियों से सुसज्जित गढ़वाल के लिए प्लेयर ऑफ द मैच सनफिदा नॉन्गरोम, श्रुति कुमारी, लीडिगी किम और थीमलालजी रूबी ने एक एक गोल किए।

वहीं जुबा संघा की ओर से एकमात्र गोल निधि ने किया। गढ़वाल की जीत का आकर्षण उसके खिलाड़ियों का तालमेल और सूझबूझ रही तो युवा संघा के खेल में अनुभव की कमी दिखी जिसके कारण उसने हार का सामना करना पड़ा। गढ़वाल की सनफिदा को प्लेयर ऑफ द लीग, फैंग्रेसी रीवान को टॉप स्कोरर और ईमी की एलिश को श्रेष्ठ गोल कीपर का सम्मान मिला। इस अवसर पर डीएसए अध्यक्ष अनुज गुप्ता ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

शापोवालोव को हराकर अल्काराज इंडियन वेल्स के चौथे दौर में

कैलिफोर्निया, वार्ता। स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने मंगलवार को कनाडा के डेनिस शापोवालोव को हराकर इंडियन वेल्स ओपन के चौथे दौर में जगह बना ली है। यहां 38 मिनट तक चले मुकाबले में अल्काराज ने कनाडाई खिलाड़ी को 6-2, 6-4 से मात दी। यह अल्काराज की लगातार 14वीं जीत है। बुधवार को अल्काराज का सामना नंबर 14 सीड ग्रिगोर दिमित्रोव और गेल मोनफिल्स के होने वाले मैच के विजेता से होगा।

केएल राहुल ने ठुकराया कप्तानी का ऑफर

दिल्ली कैपिटल्स फ्रेंचाइजी ने राहुल के सामने कप्तानी करने का प्रस्ताव रखा था, इन्कार कर दिया

मुंबई, वार्ता। चैंपियंस ट्रॉफी से लौटते ही केएल राहुल ने कप्तानी को लेकर एक बड़ा फैसला किया है। राहुल का ये फैसला आईपीएल कप्तानी से जुड़ा है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक राहुल ने आईपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए कप्तानी करने का ऑफर ठुकरा दिया है। रिपोर्ट में कहा गया कि दिल्ली कैपिटल्स फ्रेंचाइजी ने राहुल के सामने कप्तानी करने का प्रस्ताव रखा था, जिसे मानने से उन्होंने इन्कार कर दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक केएल राहुल ने कप्तानी का प्रस्ताव ठुकराते हुए कहा कि वो ज्यादा से ज्यादा बतौर खिलाड़ी टीम के लिए अपना योगदान देना चाहते हैं। केएल राहुल के कप्तानी से इन्कार करने के बाद अब ऐसे कयास लग रहे हैं कि अक्षर पटेल दिल्ली फ्रेंचाइजी की कमान संभाल सकते हैं।

क्योंकि, कप्तानी को लेकर असली जद्दोजहद इन्हीं दो नामों के बीच थी। दिल्ली कैपिटल्स ने केएल राहुल को आईपीएल 2025 के मेगा आक्शन में 14 करोड़ रुपये की बोली लगाकर खरीदा था। चूंकि राहुल के पास आईपीएल में पहले कप्तानी करने का अनुभव रहा है। 2020-21 में वो पंजाब किंग्स और 2022 से 2024 तक वो लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान रहे थे। ऐसे में जब वो दिल्ली से जुड़े तो कप्तानी की रेस में उनका नाम सबसे आगे चला, लेकिन, अब जैसा कि मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि वो सिर्फ बतौर खिलाड़ी ही खेलना चाहते हैं, राहुल का ये फैसला भी दिल्ली के लिए काम कर सकता है। आईपीएल में राहुल सबसे कंसिस्टेंट परफार्मेन्स करने वाले खिलाड़ियों में एक रहे हैं। उन्होंने 2018 से 2024 तक खेले आईपीएल के 7 सीजंस में से 6 में 500 या उससे ज्यादा रन बनाए हैं।

आईपीएल में 27 करोड़ कमाने वाले पंत ने क्यों कहा: टीम युवा क्रिकेटर देश का प्रतिनिधित्व करने पर ध्यान दें:ऋषभ पंत

मुंबई, वार्ता। भारतीय क्रिकेट टीम के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत का मानना है कि आईपीएल का आकर्षण होना लाजमी है, लेकिन युवा क्रिकेटरों को देश का प्रतिनिधित्व करने पर ध्यान देना चाहिए। उनका कहना है कि अगर आपका लक्ष्य भारत के लिए खेलना है, तो बाकी चीजें अपने आप ठीक हो जाएंगी। पंत ने जिओ हाटस्टार को दिए एक इंटरव्यू में कहा, 'बचपन से मेरा सपना सिर्फ भारत के लिए खेलना था। मैंने कभी आईपीएल के बारे में नहीं सोचा। हां, आईपीएल एक बड़ा मंच है, लेकिन अगर आपका लक्ष्य देश के लिए खेलना है, तो सब कुछ अपने आप हो जाता है।' 27 साल के ऋषभ पंत ने 2017 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया था। वह चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा भी रहे, हालांकि उन्होंने एक भी मैच नहीं खेला। उन्होंने कहा, 'मैं हमेशा सोचता था कि मुझे भारत के लिए खेलना है। ईश्वर की ख्रपा से मुझे 18 साल की उम्र में ये मौका मिला और मैं इसके लिए आभारी हूं।' पंत को उनकी आक्रामक बल्लेबाजी और एक हाथ से छक्का मारने के लिए जाना जाता है। अक्सर उनका बल्ला हाथ से छूट जाता है।

सम्पादकीय

बुधवार, 12 मार्च 2025

टैरिफ पर सफाई

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प जबसे सत्ता में आए है। तभी से वह अपने बयानों को लेकर चर्चाओं में बने हुए है। हालांकि बातें व वही कर रहे है जिसके बारे में वह 20 जनवरी को शपथ लेने से पूर्व कहते रहे है। कभी वह रूस-यूक्रेन युद्ध को रुकवाने की बात कहते है। तो कभी गाजा को लेकर विवादस्पद बयान देते है। वैसे वह टैरिफ लगाने के मामले को लेकर अधिक चर्चा बटौर रहे है। विचित्र बात यह है कि इस मामले में वह दोस्त और दुश्मन में कोई भेद नहीं कर रहे है। जिसके चलते उनकी कई मित्र देशों से दूरियां भी बढ़ी है। जिसमें कनाडा, मेक्सिको, भारत जैसे देश शामिल है। यह देखना भी बेहद अजीब लगता है कि वह भारत को अपने बयानों में अधिक निशाने पर रख रहे है। ट्रम्प कई बार कह चुके है कि भारत वह देश है जो अमेरिकी उत्पादों पर सबसे अधिक ट्रैरिफ लगाता है। बदले में उन्होंने भारतीय उत्पादों पर भी जैसे को तैसा के अंदाज में ट्रैरिफ लगाने की बात कही है। बीते शुक्रवार को भी ट्रम्प ने अपने बयान में कहा था कि भारत हमसे बहुत ज्यादा ट्रैरिफ वसूलता है। उनका कहना था अमेरिकी भारत में कुछ भी नहीं बेच सकते हालांकि उन्होंने यह भी कहा था कि भारत अब अपने ट्रैरिफ में बहुत कटौती करना चाहता है। क्योंकि हम उनके किए की पोल खोल रहे है। उन्होंने यह भी चेताया कि हमारे देश को हर किसी ने लूटा है। जबसे ट्रम्प का यह बयान आया भारतीय राजनीति में एक हलचल सी मच गई है। जो कि स्वभाविक भी है। देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने कह भी दिया कि आखिर ट्रम्प किस की पोल खोलने की धमकी दे रहे है। यह साफ होना चाहिए। अब तक इस पूरे मुद्दे पर मोदी सरकार की प्रतिक्रिया देखने में नहीं आई है, लेकिन एकाएक मंगलवार को भारतीय कॉमर्स सेक्रेटरी सुनील बर्थवाल ने संसदीय पैनल को यह बताकर कि भारत ने अमेरिका के साथ ट्रैरिफ में कटौती को लेकर कोई आश्वासन नहीं दिया है और साथ ही कहा कि भारत और अमेरिका के बीच बातचीत अभी जारी है। बर्थवाल ने यहा तक कहा कि अमेरिका राष्ट्रपति के दावो और मीडिया रिपोर्टों पर भरोसा नहीं किया जा सकता। बर्थवाल का यह भी कहना था कि भारत व्यापार विस्तार का समर्थन करता है लेकिन ट्रैरिफ वार से किसी को फायदा नहीं है और इससे मंदी आ सकती है। भारत ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि अंधाधूंध तरीके से ट्रैरिफ कम नहीं करेगा। ट्रम्प को समझना होगा कि जिस तरह उन्हे अपने देश के राष्ट्रीय हित प्यारे है दूसरे लोगों को भी अपना हित देखना सर्वोपरी होता है। एक-दूसरे की समस्याओं को समझते हुए आगे बढ़ना सही रास्ता होता है। अगर कोई भी देश केवल अपने हित के बारे में सोचेगा तो इससे व्यापार व अन्य बातों की समझ में आगे बढ़ने में कठिनाई पैदा होगी। भारत ने अमेरिका को यही बात समझाने की कोशिश की है।

होली और रमजान की आड़ में राजनीति ठीक नहीं

होली और रमजान की आड़ में किसी भी मुद्दे को लेकर राजनीति करना ठीक नहीं है और सरकार को सभी धर्मो के अनुयायियों के मान सम्मान का ध्यान रखना चाहिए, जैसा कि विदित है कि इस समय रमजान चल रहे हैं और इसी बीच जल्दी होली का भी त्योहार आ रहा है, जिसे मद्देनजर रखते हुए यूपी सहित पूरे देश में सभी राज्य सरकारों को इसे आपसी भाईचारे में तब्दील करना चाहिए, यह सभी के हित में होगा, इसकी आड़ में किसी भी मुद्दे को लेकर कोई भी राजनीति करना ठीक नहीं, सम्भल की तरह अधिकारियों का गलत इस्तेमाल करना ठीक नहीं तथा इनको कानून व्यवस्था पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

सुश्री मायावती
अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी

स्वास्थ्य का सबसे बड़ा दुश्मन है धूम्रपान

अतुल गोयल

प्रतिवर्ष मार्च महीने के दूसरे बुधवार को धूम्रपान के आदी मित्रों और परिजनों को धूम्रपान छोड़ने के लिए मदद पाने को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'नो स्मोकिंग डे' मनाया जाता है, जो इस वर्ष 12 मार्च को मनाया जा रहा है। यह दिवस हर साल एक विशेष थीम के साथ मनाया जाता है। वर्ष 2025 के 'नो स्मोकिंग डे' की थीम है 'इस नो स्मोकिंग डे पर अपनी जिंदगी वापस लें'। पहली बार यह दिवस 1984 में आयरलैंड गणराज्य में मनाया गया था। यह गहन चिंतन का विषय है कि पिछले कई दशकों में दुनियाभर में हुए अनेक अध्ययनों में यह प्रमाणित हो चुका है कि धूम्रपान हर दृष्टि से सेहत के लिए हानिकारक है लेकिन जब तमाम जानकारियों और तथ्यों के बावजूद हम अपने आसपास बच्चों को भी धूम्रपान करते देखते हैं तो स्थिति बेहद चिंताजनक प्रतीत होती है। ऐसे बच्चों के मनोमस्तिष्क में धूम्रपान को लेकर कुछ गलत धारणाएं विद्यमान होती हैं, जैसे धूम्रपान से उनके शरीर में चुस्ती-फुर्ती आती है, उनका मानसिक तनाव कम होता है, मन शांत रहता है, व्यक्तित्व आकर्षक बनता है, कब्ज की शिकायत दूर होती है आदि-आदि। चूंकि बच्चों का मन कोमल होता है, इसीलिए तमाम वैज्ञानिक शोधों के बावजूद वे यह समझने की स्थिति में नहीं होते कि धूम्रपान करने से उनके अंदर ऐसी कोई ताकत पैदा नहीं होने वाली कि देखते ही देखते वो किसी ऊंचे पर्वत पर छलांग लगा सकें या महाबली पवनपुत्र हनुमान की भांति विशाल समुद्र लांघ जाएं। वास्तविकता यही है कि धूम्रपान एक ऐसा धीमा जहर है, जो धीमे-धीमे इसका सेवन करने वाले व्यक्ति का दम घोंटता है और बच्चों पर तो इसका प्रभाव बहुत घातक होता है। धूम्रपान शरीर में कई प्रकार की प्राणघातक बीमारियों को जन्म देता है और ऐसे व्यक्ति को धीमी गति से मृत्यु शैया तक पहुंचा देने का माध्यम बनता है।

दुनियाभर में धूम्रपान के कारण हर साल 70 लाख से भी ज्यादा मौतें हो रही हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में होने वाली मौतों में से हर 5 में से 1 पुरूष की मौत धूम्रपान के कारण हो रही है। वरिष्ठ पत्रकार योगेश कुमार गोयल की पुस्तक 'मौत को खुला निमंत्रण' में विस्तार से बताया गया है कि सिगरेट के धुएं में पोलिनियम 210, कार्बन मोनोक्साइड, कार्बन डाइआक्साइड, निकल, पाईरीडिन, बेंजीपाइरीन, नाइट्रोजन आइसोप्रेनावाइड, अम्ल, क्षार, निकोटीन, टार, जिंक, हाइड्रोजन साइनाइड, कैडमियम, ग्लायकोलिक एसिड, सक्सीनिक एसिड, एसीटिक एसिड, फार्मिक एसिड, मिथाइल क्लोराइड इत्यादि चार हजार से भी ज्यादा घातक रासायनिक तत्व विद्यमान होते हैं, जो मानव शरीर को विभिन्न प्रकार से नुकसान पहुंचाते हैं। गर्भवती महिलाओं द्वारा धूम्रपान किए जाने से कम लम्बाई और कम वजन के बच्चों का जन्म, बच्चों में अपंगता तथा बाल्यावस्था में ही घातक हृदय रोग जैसी बीमारियों का खतरा काफी बढ़ जाता है। प्रतिदिन बीस सिगरेट तक पीने वाली गर्भवती महिला के बच्चे की मृत्यु होने की संभावना सामान्य के मुकाबले बीस फीसदी बढ़ जाती है जबकि बीस से अधिक सिगरेट पीने पर यह खतरा पैंतीस फीसदी तक हो जाता है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के मुताबिक किसी दूसरे के धूम्रपान के धुएं के प्रभाव से दिल के दौरे से होने वाली मौतों की आशंका तीस फीसदी बढ़ जाती है। विभिन्न सर्वेक्षणों के अनुसार माना गया है कि विकसित देशों में चालीस फीसदी से ज्यादा पुरूष और इक्कीस फीसदी से ज्यादा स्त्रियां धूम्रपान करती हैं जबकि विकासशील देशों में सिर्फ आठ फीसदी स्त्रियों को इसकी लत लगी है तथा पुरुषों की संख्या पचास फीसदी से अधिक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार तम्बाकू के सेवन के कारण प्रतिदिन करीब आठ हजार व्यक्ति फेफड़ों के कैंसर के शिकार होकर मर जाते हैं। संगठन का अनुमान है कि यदि दुनियाभर में धूम्रपान की लत ऐसे ही बढ़ती रही तो बहुत जल्द धूम्रपान के कारण पचास करोड़ लोग मारे जा चुके होंगे और अगले तीस वर्षों में केवल गरीब देशों में ही धूम्रपान से मरने वालों की संख्या दस लाख से बढ़कर सत्तर लाख तक पहुंच जाएगी।

संगठन का अनुमान है कि प्रतिवर्ष विश्वभर में आठ हजार से ज्यादा नवजात शिशु धूम्रपान की वजह से असमय काल के ग्रास बन जाते हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि सभी प्रकार के कैंसर में से करीब 40 फीसदी का कारण धूम्रपान ही होता है। धूम्रपान वास्तव में एक ऐसा धीमा जहर है, जो हमारे शरीर में धीरे-धीरे प्राणघातक रोगों को जन्म देता है और व्यक्ति को धीमी गति से मृत्यु शैया पर पहुंचा देता है। धूम्रपान कितना खतरनाक है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि सिगरेटों के खतरनाक धुएं से करीब 50 टन तांबा, 15 टन शीशा, 11 टन कैडमियम तथा कई अन्य खतरनाक रसायन वातावरण में घुलते हैं। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि कैंसर, हृदय रोग, सांस की बीमारी, डायबिटीज इत्यादि बीमारियों में भी धूम्रपान काफी खतरनाक हो सकता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को धूम्रपान से बचना चाहिए।

विश्व स्वास्थ्य संगठन का धूम्रपान छोड़ने के फायदों के बारे में कहना है कि धूम्रपान छोड़ने के सिर्फ बीस मिनट के अंदर उच्च रक्तचाप में गिरावट आती है तथा बारह घंटे के बाद रक्त में कार्बन मोनोक्साइड के विषैले कणों का स्तर सामान्य हो जाता है। दो से बारह सप्ताह में फेफड़ों की कार्यक्षमता में तेजी से वृद्धि होती है तथा एक से नौ माह में खांसी तथा श्वसन संबंधी समस्याएं कम हो जाती हैं। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक मनुष्य के फेफड़ों में जादुई क्षमता होती है, जो धूम्रपान से होने वाले कुछ नुकसान को स्वयं ठीक कर देती है और जो व्यक्ति धूम्रपान छोड़ देते हैं, उनकी चालीस फीसदी कोशिकाएं ऐसे लोगों की तरह ही हो जाती हैं, जिन्होंने कभी धूम्रपान नहीं किया।

धूम्रपान से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण बिंदू

धूम्रपान के नुकसान...

1. फेफड़ों का कैंसर:-
2. हृदय रोग:-
3. सांस की समस्याएं:-
4. दांतों और मसूड़ों की समस्याएं
5. गर्भावस्था में समस्याएं

धूम्रपान छोड़ने के फायदे...

1. स्वास्थ्य में सुधार:-
2. जीवनकाल में वृद्धि:-
3. आर्थिक बचत:-
4. परिवार और दोस्तों के लिए बेहतर वातावरण

धूम्रपान छोड़ने के तरीके...

1. निकोटिन रिप्लेसमेंट थेरेपी:-
2. काउंसलिंग:-
3. समर्थन समूह:-
4. धूम्रपान विरोधी दवाएं:-

अनौपचारिक स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं की भूमिका

दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली की एक झुग्गी बस्ती में नाई की दुकान और किराने की दुकान के बीच स्थित डॉ. 'आर' के बहुत ही छोटे से दवाखाने में मैंने कुछ दिलचस्प देखा। मैंने देखा कि डॉ. 'आर' बड़ी कुशलता से एक अधेड़ व्यक्ति की सलाइन बदल रहे हैं। उस मरीज़ की पत्नी पास में बैठी थी और थकी-थकी सी लग रही थी। उसने कहा कि कल तो ठीक थे, आज अचानक बेहोश हो गए तो मैं इन्हें यहां ले आई।

डॉ. 'आर' ने 12 साल पहले इस बस्ती में अपनी प्रैक्टिस शुरू की थी। इससे पहले वे सफदरजंग अस्पताल में डॉक्टर के सहायक के रूप में काम करते थे। उनके पास कोई औपचारिक चिकित्सकीय प्रशिक्षण या डिग्री नहीं है लेकिन उनके मरीज़ों को इससे कोई आपत्ति नहीं है। डॉ. 'आर' कहते हैं, दिल्ली में उनके जैसे लाखों डॉक्टर हैं और यदि ये सभी अपनी प्रैक्टिस बंद कर दें तो अस्पतालों में भीड़ लग जाए।

डॉ. 'आर' जैसे अनौपचारिक स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं की संख्या दिल्ली के गरीब इलाकों में काफी अधिक है। ये आम तौर पर किसी प्रशिक्षित डॉक्टर के सहायक, फार्मासिस्ट/कंपाउंडर या स्वास्थ्य सुविधाओं में गैर-चिकित्सकीय कर्मचारी के रूप में शुरुआत करते हैं, और कुछ वर्षों के अनुभव के बाद स्वतंत्र रूप से अपनी प्रैक्टिस शुरू कर देते हैं।

अक्सर एलोपैथी में काम करने वाले ये अनौपचारिक स्वास्थ्य सेवा प्रदाता (आईएचपीएस) किसी एक चिकित्सा प)ति के प्रति वफादार नहीं होते। समुदाय में बसे ये आईएसपी (प्राय: पुरुष) बीमार या घायल लोगों द्वारा इलाज की तलाश में पहला संपर्क बिंदु होते हैं। एक तरह से ये उनके 'फैमिली डॉक्टरश की तरह होते हैं।

ग्रामीण भारत पर ध्यान दें तो, आईएसपीएस के पक्ष और विपक्ष दोनों तरफ यह तर्क दिया जाता है कि वे स्वास्थ्य प्रणाली में 'रिक्त स्थानों' को भरते हैं। हालांकि, औपचारिक स्वास्थ्य प्रणालियों तक गरीबों की पहुंच में रुकावट डालने वाले कारण, जैसे सरक. ारी अस्पतालों में भेदभावपूर्ण व्यवहार या औपचारिक सुविधाओं की कमी, महत्वपूर्ण हैं लेकिन यह जानना भी आवश्यक है कि किन अन्य कारणों से लोग आईएचपीएच की सेवाएं लेते हैं।

दिल्ली जैसे शहरों पर गौर करके यह समझने में मदद मिल सकती है, जहां कागज़ों पर 'पर्याप्त' सरकारी और निजी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हैं। आखिर, आईएसपीएस वास्तव में क्या उपलब्ध कराते हैं? इस लेख में आईएसपीएस की भूमिका और भारत में 'फैमिली डॉक्टर' के महत्व का विश्लेषण किया गया है। साथ ही, दवाखानों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा की जटिलताओं पर सवाल उठाए गए हैं, जो आईएसपीएस के संदर्भ से परे होते हुए भी प्रासंगिक हैं।

स्रोत फीसर्च

फैमिली डॉक्टर जो अक्सर जनरल प्रैक्टिशनर के पर्याय होते हैं, लेकिन हमेशा नहीं प्राथमिक स्वास्थ्य प्रदाता होते हैं जो परिवारों में विभिन्न उम्र के लोगों की विभिन्न बीमारियों का इलाज करते हैं। अपने सर्वश्रेष्ठ रूप में, फैमिली डॉक्टर एक 'दोहरी ख्रष्टि' रखते हैं। एक ओर तो वे मरीज़ को एक शरीर या मन के रूप में देखते हैं जिसे चिकित्सकीय सहायता की आवश्यकता है और साथ ही उसे एक संपूर्ण इंसान के रूप में देखते हैं, जो अन्य लोगों के साथ जटिल सम्बंधों में उलझा है। दृष्टिकोण का यह दोहरापन और मरीज़ों तथा उनके परिवारों के साथ उनकी नज़दीकी, उन्हें 'व्यक्तिगत स्वास्थ्य सेवा' प्रदान करने के सक्षम बनाती है।

यह सरकारी और निजी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के बढ़ते व्यावसायीकरण के चलते डॉक्टरों से मिलने वाली नौकरशाही नुमा और बेरुखी से भरी सेवा के विपरीत है। फैमिली डॉक्टर लंबे समय तक मरीज़ों और उनके परिवारों को देखकर यह समझ सकते हैं कि अचानक होने वाली बीमारियां कैसे जीर्ण बीमा. रियां बन सकती हैं, और जीर्ण बीमारियों के कैसे अचानक गंभीर लक्षण उभर सकते हैं। वे मरीज़ों की विशेषताओं और व्यक्तिगत ज़रूरतों के अनुसार अपने निदान और उपचार में बदलाव करते हैं, जिसकी सफलता का स्तर अलग-अलग होता है।

समय के साथ, परिवार उनकी सलाह पर भरोसा करने लगते हैं और छोटी-बड़ी हर प्रकार की स्वास्थ्य चिंताओं पर उनकी राय लेते हैं। इस तरह, वे भरोसेमंद बन जाते हैं और मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक राहत का एहसास कराते हैं।

निश्चित रूप से, भारत के दवाखानों और अस्पतालों में, खासकर हाशिए पर रहने वाले समूहों को ऐसी स्वास्थ्य सेवा मिलना दुर्लभ है। लेकिन, मुझे लगता है, आईएचपीएस इन आदर्शों को कुछ हद तक साकार करते हैं। ऐसा अक्सर वे सोच-समझकर नहीं करते, बल्कि यह उनके काम के ढांचे और स्थितियों से स्वाभाविक रूप से उभरता है। उदाहरण के लिए, उनके दवाखाने के भौतिक वातावरण पर गौर कीजिए। डॉ. 'आर' के दवाखाने की तरह, आम तौर पर ये दवाखाने घनी बस्तियों में आवासीय और व्यावसायिक क्षेत्रों के बीच एक छोटे कमरे में चलते हैं, जहां कोई बड़ा साइनबोर्ड भी नहीं होता। अंदर ज़रा-सी जगह में एक मेज़, कुछ कुर्सियां, दवाइयों से भरी अलमारी, एक बिस्तर, मरीज़ और डॉक्टर, ये सब जगह के लिए होड़ करते नज़र आते हैं। इन दवाखानों के खुलने पर मरीज़ बिना किसी अपॉइंटमेंट या बिना किसी नौकरशाही के हस्तक्षेप के आ-जा सकते हैं। मोहल्ला क्लीनिक (जो आम तौर पर दोपहर 2 बजे तक बंद हो जाते हैं) और अन्य सरकारी डिस्पेंसरी की तुलना में ये देर तक खुले रहते हैं।

सद्भावना की मानव समाज में उपादेयता

डॉ. चन्द्रप्रकाश शर्मा

आज मानवता कराह रही है। समाज में चहुंओर ईर्ष्या, घृणा, द्वेष, अनाचार, भ्रष्टाचार, व्यभिचार, रिश्ते-नातों की टूटती दीवार, नारी-अस्मिता पर प्रहार, ऊंच-नीच की भावना,जाति विद्वेष, साम्प्रदायिकता व लड़ाई-झगड़े आदि बुराईयां तीव्र गति से बढ़ती दृष्टिगोचर हो रहीं हैं। प्रश्न उठता है कि इसका समाधान क्या है? विचारा. परांत इसका एक ही उत्तर मिलता है-सद्भावना। सामान्यत: सद्भावना से तात्पर्य-मैत्रीपूर्ण स्वभाव (भाईचारे), दयालुता, परोपकार, ईमानदारी, विश्वसनीयता, सत्यवादिता माना जाता है जबकि सद्भावना सत्+भावना दो शब्दों से मिलकर बना है जिसका अर्थ है सत्य की भावना अर्थात सत्य को जानकर जो भावनाओं का प्रकटीकरण होता है, वह सद्भावना है जो सामान्य जन समझते है वे सत्य के गुण प्रभाव है। जब व्यक्ति सत्य को जान लेता है तो उसमें स्वतरू इन गुणों का प्रादुर्भाव होता है।

आदिगुरु शंकराचार्य का मत है-ब्रह्म सत्यं अर्थात ब्रह्म ही सत्य है और सत्य ही ब्रह्म है, ब्रह्म को जानने के बाद और कुछ जानना शेष नहीं रहता। यह श्लोक वेदांत से लिया गया है और अद्वैत दर्शन का मूलाधार है। छान्दोग्योपनिषद् में कहा गया है-सर्वं खल्विदं ब्रह्म अर्थात सम्पूर्ण चराचर जगत ब्रह्म का ही प्रसार है। उपनिषद का यह महावाक्य निराकार ब्रह्म की सर्वव्यापकता का उद्घोष करता है। वह ब्रह्म सर्व व्यापक होने के साथ सबसे अधिक नजदीक हमारे अंदर है इसलिए संतों ने कहा कि ज्यों तिल माहि तेल है, ज्यों चकमक में आग। तेरा सांई तूझमें, जाग सके तो जाग अर्थात वह परमपिता परमात्मा प्रत्येक मानव के हृदयस्थ है। बृहदारण्यक उपनिषद में ऋषियों ने उद्घोष किया कि अहं ब्रह्मामि अर्थात मैं ब्रह्म हूं क्योंकि ब्रह्म ही शांति, आनन्द और गुणों की खान है और आत्मा ही ब्रह्म है जिसे मण्डूक्य उपनिषद में-अयं आत्मा ब्रह्म कहकर सम्बोधित किया गया है और वेदांत का कथन हैं कि आत्मानं विद्धि आत्मानं उपास्य अर्थात अपनी आत्मा को जानो, अपनी आत्मा की उपासना करो। जबकि रामचरितमानस कहती है कि ईश्वर अंश जीव अविनाशी, चेतन अमल सहज सुख राशि अर्थात आत्मा ईश्वर का अंश है जो चेतन्य, अवगुणों से रहित, स्वाभाविक रूप से सुखों की खान है। आत्मा का अर्थ है-अ माने नहीं, तम माने अंधकार अर्थात जहां प्रकाश ही प्रकाश है किन्तु इसके लिए आत्मा को जानना अर्थात आत्मज्ञान जरुरी है। आत्मज्ञान में व्यक्ति के परिवर्तन की क्षमता है। आत्मज्ञान को जानकर रत्नाकर डाकू-महर्षि वाल्मीकि, आम्रपाली वेश्या- बौद्ध भिक्षुणी और अंगुलीमाल- बौद्ध भिक्षु बन गए।

> **आत्मज्ञान से लाखों लोगों का जीवन परिवर्तित हुआ है, आत्मज्ञान के लिए गरु ध्यान, साधना और सत्संग की नितांत आवश्यकता है**

आत्मज्ञान से लाखों लोगों का जीवन परिवर्तित हुआ है। आत्मज्ञान के लिए गुरु, ध्यान, साधना और सत्संग की नितांत आवश्यकता है। आत्मज्ञान हेतु गुरु की महत्ता को प्रतिपादित करते हुए गीता में कहा गया है-तद्विद्धि प्रणिपातेन परिप्रश्नेन सेवया। उपदेक्ष्यन्ति ते ज्ञानं ज्ञानिनस्तत्वदर्शिन रूअर्थात तत्वदर्शी ज्ञानी से आत्मज्ञान का उपदेश लेना चाहिए। तत्वदर्शी ज्ञानी का जाति, धर्म, पद, प्रतिष्ठा से मूल्यांकन नहीं किया जा सकता क्योंकि शुकदेव मुनि ने राजा जनक, मीराबाई ने संत रविदास,कबीर दास ने रामानंद से ज्ञान प्राप्त किया। आत्मज्ञान का ध्यान से अटूट सम्बन्ध है इसलिए कहा गया है-जिमि दूध के मथन से निकसत है घी जतन से।तिमि ध्यान की लगन से, परब्रह्म ले निहारा। कहने का तात्पर्य है कि यदि हम परब्रह्म परमात्मा की अनुभूति करना चाहते हैं तो हमें ध्यान करना होगा क्योंकि कहा गया है-शेष महेश गनेश दिनेश सुरेसहु जाहि निरंतर ध्यावै अर्थात सतत् ध्यान के कारण ही शंकर में संहार, विष्णु में पालन और ब्रह्मा में सृजन के साथ अन्य देवी-देवताओं से विभिन्न दिव्य गुणों की शक्तियां समाहित हैं। ध्यान हेतु साधना जरुरी है। साधना का अर्थ है ध्यान हेतु तन और मन को साधना इसलिए अष्टांग योग में प्रारम्भ के पंच अंग- यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार की व्यवस्था की गई है जिसका ध्यान हेतु हमें पालन करना चाहिए। आत्मज्ञान हेतु सबसे अधिक महत्वपूर्ण है-सत्संग। सत्संग सत् और संग दो शब्दों से मिलकर बना है अर्थात सत्य या हृदय स्थित ईश्वर को जानकर उसका संग करना ही वास्तविक सत्संग है किन्तु इस सत्संग हेतु ज्ञानी साधुओं के पास बैठकर ज्ञानचर्चा सुनना या करना, सद् साहित्य-वेद, उपनिषद, गीता, रामचरितमानस व संतों की वाणी का स्वाध्याय या वाचन करना भी सत्संग है। मानव समाज में सद्भावना के प्रचार-प्रसार हेतु सत्य को जानना नितांत आवश्यक है क्योंकि सत्य को जानने से आंतरिक परिवर्तन होता है और व्यक्ति में स्वतरूप्रेम, ईमानदारी, सत्यवादिता,दयालुता, परोपकार, समानता और भाईचारे की भावनाएं उद्भूत होती है और पावनता का उत्दृष्ट भाव जाग्रत होने के कारण नारी सम्मनीया और आदरणीया हो जाती है।

बार-बार कब्ज होना कहीं बवासीर का खतरा तो नहीं...!

आमतौर पर कब्ज की समस्या काफी परेशानी देती है। कब्ज एक ऐसी समस्या है, जो नियमित रुप से पेट साफ नहीं होता है। जिस वजह से पेट में दर्द, भारीपन जैसे लक्षण दिखते हैं। बार-बार कब्ज की पेरशानी होने से बवासीर का खतरा बन जाता है। इन सभी खतरों को पूरा करने के लिए इन 6 फलों का सेवन जरूर करें।

क्या आपका पेट हफ्ते में 2-3 बार ही साफ हो पाता है, तो इस समस्या को भूलकर भी इग्नोर न करें। यह चेतावनी कब्ज की हो सकती है जोकि आगे चलकर खरनाक समस्या बन सकती है। डॉक्टर के मुताबिक, बवासीर, खूनी बवासीर और फिर फिशर का खतरा बढ़ जाता है। अगर आप भी इस समस्या से परेशान रहते हैं, तो आप कब्ज से राहत पाने के लिए इन 6 फलों का सेवन कर सकते हैं।

कीवी का सेवन करें...

एक्सपर्ट सलाह देते हैं कि डेंगू के इलाज में कीवी का सेवन करना चाहिए। कीवी खाने से इम्यूनिटी बढ़ाती है और इंफेक्शन में राहत मिलती है। इस फल को खाने से डायजेशन तेजी से होता हैं क्योंकि इसमें फल के अंदर एक्टीनिडीन होता है।

नाशपती...

नाशपती फल के अंदर सोर्बिटोल होता है। यह एक शुगर एल्कोहॉल होता है, जो लैक्सेटिव की तरह काम करता है। इसके अत्याधिक सेवन करने से ब्लोटिंग, डायरिया हो सकता है, क्योंकि इसके अंदर हाई फूडमैप केमिकल होता है।

डाइट में फलों का सेवन करे शुरू

सेब...

सेब खाने से बीमारी दूर होती है इसके साथ यह कब्ज भी दूर करता है। सेब में सबसे अधिक फाइबर मात्रा अधिक होती है। जो मल को आसानी से त्यागने में मदद करता है।

पपीता...

पपीता का सेवन करने से पेट संबंधित समस्याएं दूर होती है। यह कब्ज की समस्या को दूर करता है और पेट को साफ करने में मदद करता है। पपीता में डायजेस्टिव एंजाइम होते हैं, जो इस काम के लिए जिम्मेदार हैं।

प्रून्स और बेरीज...

ये दोनों ही फल कब्ज के लिए रामबाण है। प्रून्स में फाइबर से भरा होने के साथ ही मल निकासी को आसान बनाने के लिए काफी बढ़िया तरीका है। वहीं, बेरीज अंदर काफी एंटीऑक्सीडेंट पाई जाती है।



बलूच आर्मी ने पाकिस्तान में हाईजैक की पैसेंजर ट्रेन

20 सैनिक आतंकवादियों और सेना के बीच मुठभेड़ में मारे गए

182 लोग बनाए बंधक, ट्रेन में 140 सैनिक भी थे सवार

धमकी: अगर पाक सेना कार्रवाई करेगी, तो सभी 182 बंधकों को मार दिया जाएगा

पाकिस्तानी सेना ने किया आत्मसमर्पण, 6,000 सैनिक दिखाई दे रहे लाचार

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में बलूच आर्मी ने पूरी पैसेंजर ट्रेन को ही हाईजैक कर लिया है। जफर एक्सप्रेस बलोचिस्तान की पैसेंजर ट्रेन है। इस ट्रेन में मंगलवार को सेना के 140 जवान भी सवार थे। ऐसे में जिस तरीके से ट्रेन का हाईजैक हुआ, उससे इंटेलिजेंस के फेल्योर होने का भी सवाल उठ रहा है। हाईजैक की वजह से आतंकवादियों की कैद में करीब 400 लोग फंसे थे। बताया इस ट्रेन में 140 सैनिक भी यात्रा कर रहे थे। ऐसे में, जफर एक्सप्रेस में सवार सभी यात्रियों को बलोचिस्तान आर्मी के आतंकियों ने छोड़ दिया, लेकिन ट्रेन में सवार सभी सैनिकों को बंधक बना लिया है। ट्रेन को हाईजैकरों से छुड़ाने के लिए पाकिस्तानी सेना ने मोर्चा संभाल लिया है। वहीं, सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में 20 जवानों की मौत हो गई है। बलोचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने बयान जारी कर कहा है कि मशकफ, धादर और बोलन में सावधानीपूर्वक ट्रेन को हाईजैक किया गया है। हमारे लड़ाकों ने पहले ट्रेन की पटरी को बम से उड़ा दिया, जिसके बाद ट्रेन आसानी से रुक गई। बीएलए का कहना है कि जैसे ही ट्रेन ट्रैक पर रुकी। हमारे लोगों ने ट्रेन को नियंत्रण में ले लिया। आतंकी संगठनों का कहना है कि अगर पाकिस्तान की सेना कोई कार्रवाई करती है तो सभी 182 बंधकों को मार दिया जाएगा। बीएलए ने पाकिस्तानी सेना को कड़ी चेतावनी दी है कि अगर किसी भी तरह का सैन्य अभियान उनके खिलाफ शुरू किया गया, तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। संगठन ने धमकी दी कि यदि उन पर हमला हुआ, तो सभी बंधकों को मार दिया जाएगा और इसके लिए पूरी जिम्मेदारी पाकिस्तानी सेना पर होगी। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के आतंकियों द्वारा जाफर एक्सप्रेस हाईजैक करने के बाद पाकिस्तान सेना ने जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी है। ग्राउंड फोर्सेज को पीछे हटना पड़ा, जिसके बाद अब एयर स्ट्राइक की जा रही है। हेलीकॉप्टर और फाइटर जेट मौके पर भेजे गए हैं। बीएलए की मजीद ब्रिगेड, STOS, फतह स्क्वाड और जिराब यूनिट के लड़ाके अब भी मजबूत स्थिति में हैं। संगठन ने पाकिस्तानी सेना को चेतावनी देते हुए कहा, अपने जवानों को बचाने का आखिरी मौका है। बंधकों में पाकिस्तानी सेना, पुलिस, एंटी-टेररिज्म फोर्स ATF और इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस ISI के सक्रिय ड्यूटी पर तैनात जवान भी शामिल हैं, जो छुट्टी पर पंजाब जा रहे थे। बीएलए ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि पाकिस्तानी सेना ने कोई जवाबी कार्रवाई की, तो सभी बंधकों को मार दिया जाएगा। बीएलए के प्रवक्ता जियंद बलूच ने इस हमले की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि यह ऑपरेशन पूरी तरह से सुनियोजित था और उनके लड़ाके ट्रेन व यात्रियों पर पूरी तरह कंट्रोल में हैं। बताते चलें कि पाकिस्तान में आतंकवाद और अलगाववादी आंदोलनों की जड़ें काफी गहरी हैं।

सेना के पिट्ठू ने जताई थी आशंका

पाकिस्तान सेना के पिट्ठू कहे जाने वाले पूर्व मंत्री फजरलुर रहमान ने कुछ दिन पहले ही बलोचिस्तान में बड़ी घटना की आशंका जताई थी। रहमान का कहना था कि बलोचिस्तान के लोग पाकिस्तान सेना की बात सुनना अब बंद कर देंगे। वहां के लड़ाके सीधे मोर्चा खोलेंगे। रहमान के मुताबिक बलोचिस्तान की सेना अब नाराज हो गई है और सरकार उसे संभाल नहीं पाएगी। फजलुर का कहना था कि बलोचिस्तान जल्द ही पाकिस्तान से अलग हो जाएगा। बलोचिस्तान लंबे वक्त से हिंसा की आग में झुलस रही है। पाकिस्तान की सरकार खुद यहां की हिंसा से चिंतित है। ऐसे में सेना के इतने बड़े मूवमेंट को जिस तरीके से एक पैसेंजर ट्रेन में करवाया गया है, उससे भी सवाल उठ रहे हैं।

बलूचिस्तान में बीएलए की गतिविधियों को मिल रहा जबरदस्त समर्थन

इस्लामाबाद। बलूचिस्तान में बीएलए की गतिविधियों को जबरदस्त समर्थन प्राप्त है। हालांकि, खुले तौर पर यहां लोग बलूच लिबरेशन आर्मी के समर्थन में खड़े नहीं दिखाई देते। इसकी वजह यह है कि पाकिस्तान सरकार ने बीएलए से बात करने की जगह 2006 में ही इस संगठन को बैन कर दिया। तब से लेकर अब तक बीएलए पाकिस्तानी सरकार के नुमाइंदों को निशाना बनाती आ रही है। बलूच लिबरेशन आर्मी की बनावट कुछ इस तरह की रही है कि इस संगठन ने अलग-अलग स्तर पर कई प्रमुख तैनात किए हैं। इस संगठन को सबसे लंबे समय तक चलाने वालों में असलम बलूच का नाम सबसे आगे है।

इतिहास की बात करें तो असलम बलूच 2006 से 2018 तक इस संगठन का प्रमुख रहा। हालांकि, 2018 में अफगानिस्तान के कंधार में एक आत्मघाती हमले में असलम की मौत हो गई थी। इस घटना से बीएलए को बड़ा झटका लगा था। हालांकि, संगठन ने इसके बाद से खुले तौर पर कभी अपने नेतृत्व में शामिल लोगों का ऐलान नहीं किया। बताया जाता है कि बलूचिस्तान में स्थानीय कमांडर ही दस्तों के संचालन का जिम्मा उठाते हैं। बीएलए के अलावा बलूचिस्तान में जुम्मा खान ने 1964 में बलूच लिबरेशन फ्रंट की स्थापना की थी। बलूचिस्तान की आजादी के लिए बना यह संगठन एक समय काफी चर्चा में रहा। हालांकि, बाद में इस संगठन के लड़ाके भी बीएलए में शामिल हो गए। इसके अलावा बीएलए की छात्र इकाई बलूच स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन भी बलूचिस्तान में काफी सक्रिय है। इसका नेतृत्व एक समय डॉ। अल्लाह नजर कर रहे थे, जो कि बलूच आंदोलन का बड़ा चेहरा रहे हैं।

सऊदी क्राउन प्रिंस से मिले जेलेंस्की

जेद्दा /सऊदी अरब। सऊदी क्राउन प्रिस मोहम्मद बिन सलमान ने सोमवार देर शाम जेद्दा में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की से मुलाक. ात की। आधिकारिक सऊदी प्रेस एजेंसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एसपीए ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फएक्स पर कहा कि सऊदी क्राउन प्रिस ने जेद्दा के अल-सलाम पैलेस में यूक्रेन के राष्ट्रपति का स्वागत किया। यहां एक आधिकारिक स्वागत समारोह आयोजित किया गया था। दोनों नेताओं ने औपचारिक बातचीत भी की। जेलेंस्की अमेरिका-यूक्रेन वार्ता से पहले सोमवार को सऊदी तटीय शहर में पहुंचे।

कीव स्थित यूक्रेनी समाचार एजेंसी ने शुक्रवार को ज़ेलेंस्की के हवाले से कहा कि सोमवार को मैं क्राउन प्रिंस (मोहम्मद बिन सलमान) से मिलने के लिए सऊदी अरब जाने वाला हूं। उसके बाद मेरी टीम हमारे अमेरिकी भागीदारों के साथ काम करने के लिए सऊदी अरब में रहेगी। अमेरिकी विद. ेश मंत्री मार्को रुबियो सोमवार को ही जेद्दा पहुंचे और सऊदी क्राउन प्रिस से मुलाकात की। अमेरिकी विदेश विभाग के पिछले बयान के अनुसार रुबियो सोमवार से बुधवार तक जेद्दा में रहेंगे और रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के लक्ष्य को आगे बढ़ाने के लिए यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल से मिलेंगे। यूक्रेन-अमे. रिका की बैठक मंगलवार को होगी। फरवरी के अंत में व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और ज़ेलेंस्की के बीच कथित टकराव के बाद यह पहली बैठक होगी। इस टकराव विवाद के कारण द्विपक्षीय खनिज समझौते को रद्द कर दिया गया और इसके बाद यूक्रेन को अमेरिकी सैन्य सहायता को निलंबित कर दिया गया।

जान का दुश्मन बना ग्वाटेमाला में ज्वालामुखी

ग्वाटेमाला एक सक्रिय ज्वालामुखी है, जो मध्य अमेरिका में 30 हजार लोगों की जान पर खतरे का कारण बना हुआ है

ग्वाटेमाला सिटी। मध्य अमेरिकी देश ग्वाटेमाला के राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण समन्वयक ने सोमवार को चेतावनी दी कि यहां सक्रिय ज्वालामुखी से करीब 30 हजार लोगों के लिए खतरा बन गया है। एजेंसी के कार्यकारी सचिव क्लॉडिन ओगाल्डेस ने सैकेटपेक्यूज़, चिमाल्टेनैंगो और एस्कुइंटला के विभागों में रहने वाले आस-पास के निवा. सियों से पिछले कुछ घंटों में हुए ज्वालामुखी विस्फोटों के बाद तुरंत अपने घरों को खाली करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि सेना और राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा, सुरक्षा महा. निदेशालय के साथ मिलकर सुरक्षा उपायों का समन्वय कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि करीब 282 परिवारों को पहले ही सैकेटपेक्यूज़ के सैन जुआन अलोटेनैंगो कस्बे में शरणस्थलों में पहुंचाया जा चुका है और एस्कुइंटला के कोटज़ुमालगुआपा में भी एक शरणस्थल तैयार किया गया है। कॉनरेड न्यूज़लैटर के अनुसार सक्रिय ज्वालामुखी से किसी भी समय लावा और धुएं का गुबार निकल सकता है जो ज्वालामुखी के किसी भी खड्ड से नीचे गिर सकता है। एजेंसी ने चेतावनी दी कि अगर गतिविधि जारी रहती है तो अधिकारियों को उम्मीद है कि राख और धुएं का गुबार समुद्र तल से छह हजार मीटर की ऊंचाई तक पहुंच जाएगा और ज्वालामुखी के 40 किलोमीटर पश्चिम, दक्षिण-पश्चिम और उत्तर-पश्चिम तक के समुदायों पर गिरेगा। एजेंसी ने कहा, ज्वालामुखी के विभिन्न किनारों की ओर लगातार (लावा) हिमस्खलन भी हो सकता है जिससे कम ऊंचाई पर अधिक मात्रा में राख निकल सकती है।

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर
www.shahtimesnews.com

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बनें)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499

जॉब अलर्ट

NOW HIRING : YOUR FUTURE AWAITS...

आवश्यकता है।

पद : महिला रसोइया
स्थान : मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
नौकरी का प्रकार : पूर्णकालिक

नौकरी का विवरण: हम एक कुशल और स्वच्छ महिला रसोइया की तलाश कर रहे हैं, जो विभिन्न प्रकार के व्यंजन, जैसे मुगलाई, कॉन्टिनेंटल, और अन्य मल्टी-कुजीन डिशेज तैयार कर सके। आदर्श उम्मीदवार को खाना बनाने का जुनून होना चाहिए और एक साफ-सुथरे और व्यवस्थित रसोईघर को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए।

प्रमुख जिम्मेदारियाँ:
- मुगलाई, कश्वन्टिनेंटल, और अन्य मल्टी-कुजीन व्यंजनों पर ध्यान केंद्रित करते हुए विभिन्न डिशेज तैयार करना।
- स्वच्छता मानकों के अनुसार खाद्य पदार्थों की तैयारी।
- रसोई को साफ और अच्छी तरह से बनाए रखना।
- दैनिक खाना पकाने के लिए मेनू की योजना बनाना।
- खाना पकाने के समय का प्रबंधन करना।

योग्यताएँ:
- रसोइया के रूप में सिद्ध अनुभव, विशेष रूप से मुगलाई और कॉन्टिनेंटल व्यंजन पर ध्यान केंद्रित करते हुए।
- खाद्य स्वच्छता और सुरक्षा मानकों का मजबूत ज्ञान।
- स्वतंत्र रूप से और कुशलता से काम करने की क्षमता।

कार्य समय:
- **समय:** सुबह 9:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक

सहायक प्रबंधक : प्रिंट मीडिया
स्थान : मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
नौकरी का प्रकार : पूर्णकालिक

नौकरी का विवरण: सहायक प्रबंधक के रूप में, आप प्रबंधन टीम का समर्थन करेंगे और क्षेत्रीय संचालन की देखरेख करेंगे।

प्रमुख जिम्मेदारियाँ:
- क्षेत्रीय प्रबंधक के साथ दैनिक गतिविधियों में सहायता करना।
- स्टाफ की देखरेख और मार्गदर्शन करना, सकारात्मक कार्य वातावरण को बढ़ावा देना।
- टीम के प्रदर्शन की निगरानी करना और सुधार के लिए रणनीतियाँ लागू करना।

योग्यताएँ:
- व्यवसाय प्रबंधन या संबंधित क्षेत्र में स्नातक की डिग्री।
- प्रबंधन भूमिका में न्यूनतम 2 साल का अनुभव।

पद : मार्केटिंग एजेंट
स्थान : दिल्ली
नौकरी का प्रकार : पूर्णकालिक

नौकरी का विवरण:
मार्केटिंग एजेंट के रूप में, आप हमारे उत्पादों और सेवाओं का प्रचार करेंगे, ग्राहक संबंध बनाएंगे, और बिक्री वृद्धि को बढ़ावा देंगे।

प्रमुख जिम्मेदारियाँ :
- बाजार अनुसंधान करना और संभावित ग्राहकों की पहचान करना।
- ग्राहकों के साथ मजबूत संबंध स्थापित और बनाए रखना।
- मार्केटिंग अभियानों के विकास और निष्पादन में सहायता करना।

योग्यताएँ:
- मार्केटिंग या व्यवसाय में स्नातक की डिग्री।
- बिक्री या मार्केटिंग में पूर्व अनुभव वांछनीय है।

कैसे आवेदन करें:
इच्छुक उम्मीदवार अपने रिज़्यूमे और कवर पत्र भेजें:
शाह आलम : 80772 43100
Email:- shahtimes0105@gmail.com